CMYK

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com

35 YEARS देशबन्धु

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, शुक्रवार, 23 मई 2025 । वर्ष – 35 । अंक –23 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु




- अजब-गजब कहानियों के ज़रिए जारी है ताजपोशी
- डोनाल्ड ट्रम्प ने यूक्रेन युद्ध शांति वार्ता की जिम्मेदारी पोप पर डाली — पृष्ठ 4
- नेतन्याहू ने दोहराया गाजा पर पूर्ण कब्जे का इरादा
- शहबाज शरीफ ने दिया भारत के साथ सऊदी अरब में वार्ता का प्रस्ताव — पृष्ठ 9
- म्हात्रे होंगे इंग्लैंड दौरे पर भारत की अंडर 19 के कप्तान, सूर्यवंशी को भी मिली जगह — पृष्ठ 10


# बसव राजू सहित 27 नक्सलियों के शव लाए गए, दो शहीद जवानों को दी गई श्रद्धांजलि







**नारायणपुर, 22 मई (देशबन्धु)।** 21 मई को अबूझमाड़ के जंगलों में हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 27 माओवादियों को ढेर कर दिया. इनमें नंबला केशव राव उर्फ बसव राजू भी शामिल है। सभी माओवादियों के शवों को हेलिकाप्टर के माध्यम से आज नारायणपुर जिला मुख्यालय लाए गए। बस्तर के आईजी पी सुंदरराज और अन्य अधिकारी 21 मई को नारायणपुर के अबूझमाड़ के जंगल क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में डीआरएफ द्वारा मारे गए 27 नक्सलियों के शवों का निरीक्षण किया।

डीजीपी अरुण देव गौतम ने कहा कि अबूझमाड़ मुठभेड़ के दौरान एक डीआरजी का जवान शहीद हुआ। वहीं मुठभेड़ की समाप्ति के बाद वापस लौट रहा एक डीआरजी का जवान आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आ गया। दोनों जवानों के पार्थिव शरीर भी नारायणपुर जिला मुख्यालय लाए गए. दोनों जवानों को श्रद्धांजलि दी गई।

ऑपरेशन से जुड़ा हुआ एक और वीडियो भी ग्राउंड जीरो से सामने आया है, जिसमें नक्सलियों के शव को बरामद करने के बाद जवान सफलता का जश्न मना रहे हैं. बता दें, छत्तीसगढ़ के नारायणपुर, बीजापुर और दंतेवाड़ा के सीमावर्ती क्षेत्र अबूझमाड़ में नक्सलियों के खिलाफ एक बड़ा ऑपरेशन चल रहा था। 19 मई 2025 को अबूझमाड़ क्षेत्र में माओवादी नेताओं की उपस्थिति के पुख्ता इनपुट के आधार पर अलग-अलग जिलों की डीआरजी की टीमें सर्चिंग अभियान में निकली हुई थीं. इसी दौरान 21 मई की सुबह माओवादी दस्ते ने सुरक्षा बलों पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू की, जिसके जवाब में सुरक्षाबलों ने साहसपूर्वक और रणनीतिक तरीके से कार्रवाई करते हुए माओवादी महासचिव और शीर्ष नेता नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजु, बीआर दादा, गगन्ना समेत 27 नक्सलियों का ढेर कर दिया।

# पीएम मोदी ने प्रदेश के 5 अमृत स्टेशनों का किया उद्घाटन

## मुख्यमंत्री साय अम्बिकापुर रेलवे स्टेशन उद्घाटन कार्यक्रम में हुए शामिल



**रायपुर, 22 मई (देशबन्धु)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज वर्चुअल माध्यम से अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के पांच अमृत स्टेशन सहित देशभर के 103 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का उद्घघाटन किया। इन स्टेशनों का उन्नयन यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया गया है। इस महत्वपूर्ण अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अम्बिकापुर रेलवे स्टेशन में आयोजित उद्घघाटन कार्यक्रम में शामिल हुए ।छत्तीसगढ़ के जिन अमृत स्टेशनों का उद्घघाटन हुआ उनमें बिलासपुर मंडल का अम्बिकापुर स्टेशन, रायपुर मंडल का उरकुरा, भिलाई और भानुप्रतापपुर स्टेशन और नागपुर मंडल का डोंगरगढ़ स्टेशन शामिल हैं।

■ रायपुर मंडल का उरकुरा, भिलाई और भानुप्रतापपुर स्टेशन और नागपुर मंडल का डोंगरगढ़ स्टेशन शामिल

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि आदिवासी बहुल सरगुजा जिले का मुख्यालय अंबिकापुर सहित छत्तीसगढ़ के 5 रेल्वे स्टेशन अब रेल्वे मानचित्र में प्रमुख स्टेशन के रूप में शामिल हो गए हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ में अमृत स्टेशनों के सौगात के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है। अंबिकापुर में आयोजित कार्यक्रम में कृषि मंत्री राम विचार नेताम, वित्त ओपी चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, महिला और बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, लोकसभा सांसद चिंतामणि महाराज, विधायक राजेश अग्रवाल, उद्धेश्वरी पेकरा, शंकुतला पोंते, मुख्य सचिव अमिताभ जैन संभागायुक्त नरेंद्र दुग्गा, आई.जी. दीपक झा सहित अनेक जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देशभर में कुल 1337 स्टेशनों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है, जिनमें से पूर्ण हुए 103 अमृत स्टेशनों का आज लोकार्पण किया गया हैं।

इन स्टेशनों को आधुनिक स्वरूप दिया गया है ।साथ ही स्थानीय लोक कला, संस्कृति और परंपराओं को भी स्टेशन डिज़ाइन में स्थान दिया गया है. इन अमृत स्टेशनो में उपलब्ध सुविधाओं में भव्य प्रवेश द्वार, आकर्षक साज-सज्जा, हाई मास्ट लाइटिंग, आधुनिक प्रतीक्षालय, टिकट काउंटर, मॉर्डन टॉयलेट, दिव्यांगजन के लिए सुगम रैंप, प्लेटफॉर्म शेल्टर, कोच इंडिकेशन सिस्टम और डिजिटल डिस्प्ले आदि शामिल हैं।

# अबूझमाड़ के बाद बीजापुर में पांच नक्सली ढेर, 2 जवान घायल

**बीजापुर।** शीर्ष माओवादी नेता नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजु को एक दिन पहले मार गिराने के बाद भी सुरक्षाबल का अभियान जारी है। गंगालूर थाना क्षेत्र अंतर्गत पीडिया के जंगलों में जारी मुठभेड़ में डीआरजी ने पांच नक्सलियों को मार गिराया है। इस दौरान दो जवानों के घायल होने की खबर है। वहीं नारायणपुर में आईईडी ब्लास्ट में एक जवान शहीद हो गया है।

एक दिन पहले ही बुधवार को अबूझमाड़ के घने जंगलों में नक्सलियों के खिलाफ चलाए गए अब तक के सबसे बड़े अभियान में डीआरजी के जवानों ने माओवादी संगठन के महासचिव और शीर्ष नेता नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजु के साथ कुल 27 नक्सलियों को मार गिराया था। इसके बाद भी सुरक्षाबल के जवानों ने बिना विराम लिए नक्सलियों के खात्मे में जुटे हुए हैं। अबूझमाड़ ऑपरेशन अभियान के दौरान कल 21 मई को शाम लगभग 7 बजे आईईडी की चपेट में आने से बीजापुर के डीआरजी जवान रमेश हेमला शहीद हो गए। इससे पूर्व 21 मई को ही सुबह नक्सली हमले का बहादुरी से सामना करते हुए नारायणपुर जिले के औरचा थाना क्षेत्र के ग्राम भटबेडा का निवासी डीआरजी टीम के सदस्य खोटलूराम कोर्राम शहीद हो गए थे। दोनों शहीद जवानों का पार्थिव शरीर नारायपुर जिला मुख्यालय में लाया गया।

## सार संक्षेप

### सत्यपाल मलिक गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है। पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक इस समय अस्पताल में भर्ती हैं, जिसकी जानकारी उनके सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर दी गई है। उनकी यह जानकारी ऐसे समय पर आई है, जब उनके खिलाफ सीबीआई ने चार्जशीट दाखिल की है। उन्होंने अस्पताल से अपने बेड की तस्वीर भी शेयर की है।

### ज्योति मल्होत्रा को चार दिन की रिमांड पर भेजा

**हिसार।** जासूसी कांड में गिरफ्तार ज्योति मल्होत्रा को गुरुवार को कोर्ट में पेश किया गया। उसकी पांच दिनों की पुलिस रिमांड खत्म होने वाली थी, जिस वजह से उसे कड़ी सुरक्षा के बीच कोर्ट ले जाया गया, जहां कोर्ट ने फिर से उसे चार दिनों के लिए पुलिस रिमांड में भेजने का आदेश दिया।

### किश्तवाड़ में दो आतंकी ढेर ,एक जवान भी हुआ शहीद

**जम्मू।** जम्मू -कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में गुरुवार को संयुक्त सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली। सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो आतंकियों को ढेर कर दिया। अधिकारियों के मुताबिक, इस अभियान के दौरान एक जवान घायल हो गया जिसने बाद में दम तोड़ दिया। मुठभेड़ अभी जारी थी क्योंकि अनुमान के अनुसार, मुठभेड़ में अभी भी दो आतंकी घिरे हुए थे। फिलहाल आतंकियों के मारे जाने की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी था।

### पांच शहरों के लिए 10,900 इलेक्ट्रिक बसों को मंजूरी

**नई दिल्ली।** भारी उद्योग मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि पीएम ई-ड्राइव योजना के मौजूदा चरण के तहत बेंगलुरु को लगभग 4,5, हैदराबाद को 2,, दिल्ली को 2,8, अहमदाबाद को 1, और सूरत को 6 इलेक्ट्रिक बसें दी जाएंगी।

### पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। यह धमकी ईमेल के जरिए दी गई है। पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट को ईमेल के जरिए उड़ाने की धमकी मिलने के बाद से परिसर में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने हाईकोर्ट परिसर को आनन-फानन में खाली करवाया।

# वक्फ कानून पर सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित रखा

**नई दिल्ली, 22 मई (एजेंसियां)।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के बाद बृहस्पतिवार को तीन मुद्दों पर अपना अंतरिम आदेश सुरक्षित रख लिया। जिसमें 'अदालतों द्वारा वक्फ, वक्फ बाई यूजर या वक्फ बाई डीड' घोषित संपत्तियों को गैर-अधिसूचित करने की शक्ति भी शामिल है।



■ केंद्र सरकार ने संसद की तरफ से पूरी प्रक्रिया के पालन के बाद कानून बनाने का हवाला दिया

मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की पीठ ने अंतरिम आदेश सुरक्षित रखने से पहले करीब तीन दिन तक वरिष्ठ अधिवक्ताओं कपिल सिब्बल, राजीव धवन और अभिषेक मनु सिंघवी की दलीलें सुनीं, जो संशोधित वक्फ कानून के विरोध में याचिकाकर्ताओं का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सरकार का पक्ष रखा। केंद्र ने इस अधिनियम का दृढ़ता से समर्थन करते हुए कहा कि वक्फ अपनी प्रकृति से ही एक धर्मनिरपेक्ष अवधारणा है और संवैधानिकता की धारणा के इसके पक्ष में होने के मद्देनजर इस पर रोक नहीं लगाई जा सकती। वहीं, याचिकाकर्ताओं की पैरवी कर रहे सिब्बल ने इस कानून को 'ऐतिहासिक कानूनी और संवैधानिक सिद्धांतों से पूर्ण विचलन' तथा 'गैर-न्यायिक प्रक्रिया के माध्यम से वक्फ पर कब्जा करने' का जरिया बताया। सिब्बल ने कहा, यह वक्फ संपत्तियों पर सुनियोजित तरीके से कब्जा करने का मामला है। सरकार यह तय नहीं कर सकती कि कौन से मुद्दे उठाए जा सकते हैं।

## ईडी ने सारी हदें पार की : सुप्रीम कोर्ट

तमिलनाडु शराब दुकान लाइसेंस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सारी हदें पार कर दी हैं। जब राज्य सरकार की जांच एजेंसी इस मामले में कार्रवाई कर रही है तो ईडी को हस्तक्षेप करने की जरूरत नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, ईडी देश के संघीय ढांचे का उल्लंघन कर रही है।

# दो ट्रकों के बीच आमने-सामने टक्कर के बाद वैन टकराई, लगी आग से वैन चालक की मौत, 5 घायल

**बलौदाबाजार, 22 मई (देशबन्धु)।** बलौदाबाजार जिले के पलारी थाना क्षेत्र के संडी व कोदवा के बीच बुधवार रात एक दिल दहला देने वाला हादसा हुआ। तेज रफ्तार और लापरवाही के कारण हुए इस सड़क हादसे में एक व्यक्ति की जिंदा जलकर मौत हो गई और पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पलारी थाना क्षेत्र के संडी और कोदवा गांव के बीच हुई इस दुर्घटना ने पूरे इलाके को दहशत में डाल दिया है। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई और जलती वैन की लपटों में फंसे चालक की दर्दनाक मौत ने सभी को झकझोर दिया।



बुधवार रात लगभग 8 बजे के करीब दो ट्रक आमने-सामने से टकरा गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए और सड़क पर हंगामे जैसा दृश्य उत्पन्न हो गया। तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रही एक यात्री वैन ट्रक से जा टकराई। कहा जा रहा है कि वैन चालक को सामने हुए हादसे का अंदाजा नहीं हो पाया और जब तक ब्रेक लगाया जा सकता, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। टक्कर के बाद वैन में अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में पूरी वैन आग की लपटों में घिर गई। चारों तरफचीख-पुकार मच गई, ग्रामीण दौड़कर मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू किया। इस हादसे में वैन चालक सेवक साहू की मौके पर ⇨ शेष पृष्ठ 2 पर ⇨

# पुलिस मुख्यालय में कल से शनिवार का अवकाश खत्म

**रायपुर, 22 मई (देशबन्धु)।** पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) में आने वाले शनिवार से छुट्टी नहीं रहेगी। यानी फुल वर्किंग होगी। डीजीपी अरुणदेव गौतम ने अफसरों के साथ विचार-विमर्श के बाद तय किया था कि शनिवार की छुट्टी से काम प्रभावित हो रहे हैं। पीएचक्यू में छुट्टी शुरू होने का असर पुलिस से जुड़ी सभी एजेंसियों में जल्द नजर आ सकता है। लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा इस बात की हो रही है कि क्या पुलिस मुख्यालय में शनिवार की छुट्टी बंद होना सिर्फ इशारा है। क्या कुछ समय के भीतर महानदी मंत्रालय, इंद्रावती भवन और नया रायपुर की तमाम एचओडी बिल्डिंग्स समेत सभी सरकारी विभागों में भी शनिवार की छुट्टी खत्म कर दी जाएगी और छत्तीसगढ़ में जल्दी ही फाइव डेज वीक की व्यवस्था खत्म करके पुराना सिक्स डेज सिस्टम लागू किया जा सकता है।

■ महानदी, इंद्रावती, एचओडी में भी लागू होगा !

पुलिस मुख्यालय में शनिवार की छुट्टी बंद भी हो गई, तो पुलिस अनुशासित कैडर है इसलिए किसी तरह के विरोध का सवाल ही नहीं उठता। वैसे भी पीएचक्यू समेत तमाम प्रमुख दफ्तर अघोषित रूप से शनिवार को खुल ही रहे हैं, क्योंकि अफसर जाते ही हैं। अफसरों का स्टाफ भी पहुंचता है, केवल बाकी कर्मचारियों की छुट्टी रहती है। शनिवार को छुट्टी होने से शुक्रवार की आधे दिन की वर्किंग प्रभावित होने लगी है। सभी विभागों में शुक्रवार को फर्स्ट हाफ के बाद से ही सैटरडे-सनडे की छुट्टी का माहौल बनने लगता है। दूसरा, दो दिन की पूरी छुट्टी और फ्राइडे के सेकंड हाफ में भी ⇨ शेष पृष्ठ 2 पर ⇨

# कश्मीर पर किसी की मध्यस्थता मंजूर नही : जयशंकर

**नई दिल्ली, 22 मई (एजेंसियां)।** विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की भारत की नीति को दोहराते हुए जोर देकर कहा है कि इसे जम्मू कश्मीर के साथ जोड़ कर नहीं देखा जाना चाहिए,जो भारत तथा पाकिस्तान के बीच का द्विपक्षीय मुद्दा है और इसमें किसी तरह की मध्यस्थता की कोई जगह नहीं है। नीदरलैंड की यात्रा पर गए श्री जयशंकर ने एक पत्रिका को दिए साक्षात्कार में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को आतंकवाद के खिलाफ भारतीय कार्रवाई की एकजुट होकर सराहना करनी चाहिए। आतंकवाद को जम्मू कश्मीर मुद्दे से जोड़ने से संबंधित प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि भारत के लिए आतंकवाद इससे 'एकदम अलग मुद्दा' है। यह अंतर्राष्ट्रीय अपराध है जिसे किसी भी तरीके से माफ नहीं किया जा सकता या उचित नहीं ठहराया जा सकता। कश्मीर मुद्दे के समाधान के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप या अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की मध्यस्थता की पेशकश से जुड़े सवाल पर श्री जयशंकर ने साफ शब्दों में कहा , इसमें मध्यस्थता की कोई गुंजाईश नहीं है यह दोनों देशों के बीच एक द्विपक्षीयमुद्दा है ।विदेश मंत्री ने कहा, जहां तक जम्मू-कश्मीर का सवाल है, यह एक ऐतिहासिक तथ्य है कि 1947 में पाकिस्तान के भारत से अलग होने पर यह भारत में शामिल हो गया।

# हमारी सेना पाकिस्तान को घुटनों पर लाई : मोदी

**बीकानेर, 22 मई (एजेंसियां)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को राजस्थान के बीकानेर में एक सभा को संबोधित करते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र किया। पीएम मोदी ने कहा कि हमने 22 अप्रैल का बदला 22 मिनट में ले लिया। पीएम मोदी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा, '22 अप्रैल के हमले के जवाब में हमने 22 मिनट में आतंकियों के 9 सबसे बड़े ठिकाने तबाह कर दिए। दुनिया ने और देश के दुश्मनों ने भी देख लिया है कि जब सिंदूर बारूद बन जाता है तो नतीजा क्या होता है। उन्होंने कहा, हमारी सरकार ने तीनों सेनाओं को खुली छूट दी। तीनों सेनाओं ने मिलकर ऐसा चक्रव्यूह रचा कि पाकिस्तान को घुटने टेकने के लिए मजबूर कर दिया। राजस्थान की ये वीर धरा हमें सिखाती है कि देश और देशवासियों से बड़ा और कुछ नहीं है। 22 अप्रैल को आतंकवादियों ने धर्म पूछकर हमारी बहनों की मांग का सिंदूर उजाड़ दिया था। वो गोलियां पहलगाम में चली थी, लेकिन उन गोलियों से 140 करोड़ देशवासियों का सीना छलनी हुआ था। इसके बाद हर देशवासी ने एकजुट होकर संकल्प ⇨ शेष पृष्ठ 2 पर ⇨



## खोखले भाषण देना बंद करें : राहुल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर राहुल गांधी पर हमला बोला है। राहुल गांधी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने देश के सम्मान से समझौता कर लिया है। अब खोखले भाषण देना बंद कर दीजिए। एक्स पर पोस्ट में राहुल गांधी ने लिखा कि मोदी जी, खोखले भाषण देना बंद कीजिए। सिर्फ इतना बताइए कि आतंकवाद पर आपने पाकिस्तान की बात पर भरोसा क्यों किया? ट्रंप के सामने झुककर आपने भारत के हितों की कुर्बानी क्यों दी? आपका खून सिर्फ कैमरों के सामने ही क्यों गरम होता है? आपने भारत के सम्मान से समझौता कर लिया!

## रिपोर्ट

### फिच ने भारत की विकास दर का अनुमान बढ़ाया, चीन के विकास अनुमान को घटाया

# भारत के जीडीपी वृद्धि अनुमान को 6.4 फीसदी किया

**नई दिल्ली, 22 मई (एजेंसियां)** वैश्विक रेटिंग एजेंसी फिच रेटिंग्स ने गुरुवार को अगले पांच वर्षों के लिए भारत के जीडीपी वृद्धि अनुमान को .2 प्रतिशत अंक बढ़ाकर 6.4 प्रतिशत कर दिया। इसकी वजह हाल के वर्षों में देश की श्रम शक्ति भागीदारी दर में तेज वृद्धि होना है।

फिच ने कहा, भारत की ट्रेंड ग्रोथ के लिए हमारा अनुमान 6.4 प्रतिशत है, जो पहले 6.2 प्रतिशत था। हमें लगता है कि हाल के वर्षों से टीएफपी वृद्धि धीमी हो जाएगी और लंबी अवधि के औसत 1.5 प्रतिशत के अनुरूप होगी। टोटल-फैक्टर प्रोडक्टिविटी (टीएफपी), जिसे मल्टी-फैक्टर उत्पादकता भी कहा जाता है, को आमतौर पर कुल उत्पादन (जीडीपी) और कुल इनपुट के अनुपात के रूप में मापा जाता है। वैश्विक रेटिंग एजेंसी ने चीन के विकास अनुमान को 0.3 प्रतिशत अंक घटाकर 4.3 प्रतिशत कर दिया है, जो पहले 4.6 प्रतिशत था ।यह बदलाव अगले पांच वर्षों में 10 उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं के लिए संभावित जीडीपी वृद्धि के फिच के संशोधित आकलन का हिस्सा है।

फिच ने बताया कि भारत के लिए संशोधित अनुमान श्रम उत्पादकता के बजाय श्रम इनपुट (मुख्य रूप से कुल रोजगार में) से अधिक योगदान को दिखाता है।

रेटिंग एजेंसी ने श्रम बल डेटा के संशोधित मूल्यांकन के आधार पर अपने अनुमानों में भी बदलाव किए हैं।

फिच ने कहा कि भागीदारी दर से योगदान को संशोधित कर ऊपर की ओर कर दिया गया है, जबकि पूंजी गहनता के अनुमानित योगदान को कम कर दिया गया है ।फिच रेटिंग्स ने कहा, हमारे संशोधित अनुमान से पता चलता है कि श्रम उत्पादकता के बजाय श्रम इनपुट (कुल रोजगार) का योगदान अधिक है। हाल के वर्षों में भारत की श्रम शक्ति भागीदारी दर में तेजी से वृद्धि हुई है; हमें उम्मीद है कि यह प्रोडक्टिविटी बढ़ती रहेगी। फिच रेटिंग्स के निदेशक रॉबर्ट सिएरा ने कहा, उभरते बाजारों में संभावित वृद्धि का हमारा नया अपडेट अब 3.9 प्रतिशत पर है, जो नवंबर 2023 में प्रकाशित हमारे 4 प्रतिशत अनुमान से मामूली गिरावट दर्शाता है। यह मुख्य रूप से चीन में कम संभावित वृद्धि को दर्शाता है। वैश्विक रेटिंग एजेंसी ने कहा कि चीन की कम क्षमता का कारण कमजोर पूंजी गहनता और श्रम शक्ति भागीदारी में तेज गिरावट हो सकती है। पिछले महीने जारी आईएमएफ की रिपोर्ट के अनुसार, भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है।

# 1500 हितग्राहियों को मिला आवास प्लस 2.0 में स्थान

## गोड़खाम्ही में समाधान शिविर आयोजित, 9 हजार से अधिक आवेदन हुए निराकृत

**मुंगेली,** 22 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के अंतर्गत चल रहे तीसरे चरण के तहत लोरमी विकासखंड के ग्राम गोड़खाम्ही में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। लोरमी एसडीएम अजीत पुजारी ने बताया कि गोड़खाम्ही क्लस्टर की 15 ग्राम पंचायतों से कुल 9,481 मांग और शिकायत संबंधी आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 9,473 आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण कर हितग्राहियों को राहत पहुंचाई गई जनपद पंचायत लोरमी की अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह ने शिविर में पहुंचकर विभागीय स्टॉलों का अवलोकन किया और उपस्थित अधिकारियों को आमजनों को योजनाओं की जानकारी देने के निर्देश दिए।



### पड़ियाईन और राम्हेपुर में समाधान शिविर आज

कलेक्टर कुंदन कुमार के मार्गदर्शन में सुशासन तिहार के तहत समाधान शिविर का आयोजन 23 मई को पथरिया ब्लॉक के ग्राम पड़ियाईन और लोरमी ब्लॉक के ग्राम राम्हेपुर में किया जाएगा।पड़ियाईन क्लस्टर में 14 ग्राम पंचायतें और राम्हेपुर क्लस्टर में 8 वार्ड शामिल किए गए हैं। इस शिविर में नागरिक अपनी समस्याओं के समाधान संबंधी जानकारी ले सकेंगे और नए आवेदन भी प्रस्तुत कर सकेंगे।

साथ ही उन्होंने ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।शिविर में विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना प्लस 2.0 में 1500 नए हितग्राहियों के नाम जोड़े गए। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 124 नए शौचालय स्वीकृत किए गए। 94 नवीन जॉब कार्ड जारी किए गए। क्रेडा विभाग द्वारा 3 सोलर स्ट्रीट लाइट, 6 सोलर मॉड्यूल पंप प्रदान किए गए। इसके अलावा 146 नए राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, किसान किताब वितरित की गई। 38 मामलों में नाम जोड़ने और काटने की कार्रवाई की गई तथा 139 हैंडपंपों की मरम्मत की गई। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, संबंधित विभागों के अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# मानिकपुरी पनका/पनिका समाज का प्रादेशिक निर्वाचन हेतु नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ

## महादेव घाट रायपुर में प्रदेश निर्वाचन पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक हुई

**बिलासपुर,** 22 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ मानिकपुरी पनिका समाज की आहुत बैठक समाज के प्रादेशिक निर्वाचन के लिए अहम निर्णय लिए गए ।बैठक की शुरूवात सद्गुरू कबीर साहेब के मंगल आरती से हुई। जिसमें प्रदेश के सभी निर्वाचन अधिकारी सहित विभिन्न जिलों से पहुंचे जिला निर्वाचन अधिकारी और समाजिक वृंद शामिल हुए। बैठक प्रारंभ होते ही मुख्य निर्वाचन अधिकारी सत्य प्रकाश मानिकपुरी के द्वारा प्रदेश की मतदाता सूची के प्रकाशन से सभी को अवगत कराया और बताया कि इस बार छत्तीसगढ के पूरे 33 जिलों से हजारों की संख्या में सामाजिक लोगों ने मतदाता सूची में अपना नाम और पता की प्रविष्टि कराया है ।इसी के साथ निर्वाचन हेतु नामांकन फॉर्म भरने की प्रक्रिया भी प्रारंभ हो गई जो 23-मई तक जारी रहेगी । नामांकन फॉर्म सभी जिला मुख्यालयों में वितरण हेतु उपलब्ध करा दी गई है। ऐसे अभ्यर्थी जो फार्म समय पर जमा करने में असमर्थ हो वे निर्वाचन अधिकारी से चर्चा पश्चात आन लाइन नामांकन की सुविधा प्राप्त कर सकेगें। नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी 25 मई की जावेगी तथा उसी दिन प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर चुनाव चिन्ह का आबंटन किया जावेगा प्रदेश में मतदान प्रक्रिया 15-जून- दिन रविवार को सुबह 9-00 बजे से दोपहर 3-00 बजे तक होगा जिसमें प्रदेश के सभी जिलों एंव विकास खंडों में सुविधापूर्ण मतदान हेतु मतदान केन्द्र बनाए जाएगें। प्रदेश निर्वाचन समिति इस बार पदों की संख्या में वृद्धि करते हुए कुल नौ पद का निर्वाचन कराएगी जिसमें महिलाओं और युवाओं को भी नेतृत्व करने का अवसर प्राप्त हो सकेगा । इस तरह वह्यस्त्र प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश महासचिव और प्रदेश कोषाध्यक्ष हेतु एक एक पद, प्रदेश उपाध्यक्ष हेतु तीन पद जिसमें एक वरिष्ट, एक महिला तथा एक युवा उपाध्यक्ष होगें।



प्रदेश सचिव तथा सह सचिव का भी एक एक पद सृजित किया गया है एक पद महिला के लिए सुरक्षित रखा गया है । समिति द्वारा सभी पदों के लिए नामांकन राशि तय कर जानकारी दे दी गई है। प्रदेश के समाजिक निर्वाचन हेतु समाजिक नियमावली बनाकर समस्त समाजिक वृंद को सोशल मिडिया, प्रिंट मिडिया आदि के माध्यम से पहुंचाने का प्रयास किया गया है । नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ होने पर विभिन्न पदों के लिए नामांकन फॉर्म का वितरण कर दिया गया है जिसमें प्रदेश अध्यक्ष से लेकर सह सचिव के पद भी शामिल है। बैठक में सहायक निर्वाचन अधिकारी घनश्याम दास मंहत ने कहा कि प्रदेश में समाज को सही और स्वच्छ दशा दिशा देने के के लिए यह अच्छा अवसर है ।प्रदेश की सारी प्रतिभाएं प्रादेशिक मंच पर अपनी प्रतिभा और नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन कर समाज विकास की नयी ऊंचाईयों को आयाम देगें।

बैठक में प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी सत्य प्रकाश मानिकपुरी, सहायक निर्वाचन अधिकारी घनश्याम दास मंहत, मनोहर दास बघेल, जिला निर्वाचन अधिकारी गिरधर दास, तुलसीदास, छेदी लाल, लखन दास, भरत दास गोपाल दास, राघवेन्द्र दास माधव दास, त्रिलोकी दास, मनोहर दास, दीपक दास, राजीव दास, शेखर दीवान, नान्ही दास, सेवक दास, निर्मल दास सहित आमिन माता श्रीमति वेदमति, रेखा, मनीषा दास, तृप्ति दास और काफी संख्या में समाजिक वृंद उपस्थित रहे।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**दो ट्रकों के बीच ...**

ही जिंदा जलकर दर्दनाक मौत हो गई। आग लगने के बाद वे वैन में फंस गए और बाहर निकल नहीं पाए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार उन्होंने मदद की कोशिश की, लेकिन आग की लपटें इतनी भयानक थीं कि कोई भी पास नहीं जा सका। वहीं वैन में सवार मोहन भारद्वाज और उनके परिवार के दो अन्य सदस्य घायल हो गए। ट्रक चालक और ट्रेलर क्लीनर भी इस हादसे में चोटिल हुए हैं। सभी घायलों को तत्काल पलारी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि घायलों की हालत स्थिर है लेकिन दो की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

**इलाज कराकर लौट रहे थे घर, बीच रास्ते में काल ने घेरा-**

जानकारी के अनुसार मोहन भारद्वाज अपने परिवार के साथ रायपुर से इलाज कराकर वापस अपने गांव गोड़ा लौट रहे थे। वेन में सवार सभी लोग अपने घर के नजदीक ही पहुंचे थे कि यह दर्दनाक हादसा हो गया। परिवार वालों की खुशियों भरी वापसी की राह अचानक शोक में बदल गई।

**फायर ब्रिगेड की कड़ी मशक्कत से बुझी आग-**

सूचना मिलते ही पलारी पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। आग इतनी भयंकर थी कि उसे काबू करने में लगभग 30 मिनट लग गए। तब तक वैन पूरी तरह जल चुकी थी और ट्रक को भी भारी नुकसान पहुंच चुका था। फायर ब्रिगेड द्वारा बुझाई गई आग के बाद पुलिस ने मलबे की जांच शुरू की।

**तहसीलदार पहुंचे मौके पर, पुलिस ने किया केस दर्ज-**

घटना की जानकारी मिलते ही तहसीलदार मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पलारी थाना प्रभारी ने बताया कि वैन और ट्रक के बीच भयानक टक्कर हुई है, जिसमें एक व्यक्ति की मौत और पांच घायल हुए हैं। मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है कि दुर्घटना की मूल वजह क्या रही ट्रक की रफ्तार, खराब ब्रेक या कोई और लापरवाही।

**एक साल में तीसरा बड़ा हादसा, सवालों के घेरे में ट्रैफिक व्यवस्था-**

यह पहली बार नहीं है जब बलौदाबाजार पलारी मार्ग पर इस तरह का भीषण हादसा हुआ है। कुछ महीने पहले भी इसी स्थान पर टैंकर और ट्रक की टक्कर में चार लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई थी। बार-बार हो रहे इन हादसों ने न केवल प्रशासन पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि ग्रामीणों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता भी पैदा कर दी है।

**पुलिस मुख्यालय में कल से...**

वर्किंग के प्रभावित रहने की बातें आम लोगों से शासन तक पहुंच रही हैं। सरकार तथा शासन के सारा आला अफसर शनिवार की छुट्टी को लेकर खामोश हैं, लेकिन इस मुद्दे पर क्लास-वन वाले सारे अफसर यह जरूर कहते हैं कि शनिवार को वे किसी न किसी काम से दफ्तर में रहते ही हैं। कई बार महत्वपूर्ण वीडियो कांफ्रेंसिंग भी शनिवार को ही रखी जाती हैं, जिनमें जिले तक के अफसरों का शामिल होना जरूरी रहता है। ऐसी चर्चाएं हैं कि अगर शनिवार की छुट्टी खत्म भी की जाती है तो इसका प्रभाव अफसरों पर नहीं पड़ेगा, क्योंकि ज्यादातर को शनिवार को दफ्तर आ ही रहे हैं। ऐसे में पुलिस मुख्यालय के बाद अब यह चर्चाएं फैल रही हैं कि धीरे-धीरे सभी सरकारी विभागों में शनिवार की छुट्टी खत्म होने लगेगी। हालांकि यह सब अभी चर्चाओं तक ही सीमित है। इन तमाम कयासों की किसी स्तर पर पुष्टि नहीं हो रही है तथा शासन इस मामले में खामोश है।

**हमारी सेना पाकिस्तान को ...**

लिया था कि आतंकवादियों को मिट्टी में मिला देंगे। उन्हें कल्पना से भी बड़ी सजा देंगे। आज आपके आशीर्वाद से देश की सेना के शौर्य से हम सब उस प्रण पर खरे उतरे हैं।'


**कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

क्र. / निर्माण/ 2025 — दिनांक 15.05.2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू.लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 29 अंतर्गत मुड़ापार बायपास रोड में आर.सी.सी.नाली एवं कलवर्ट का निर्माण कार्य (निगम मद) (प्रथम निविदा) | 13.59 | 05.06.2025 T.No.168586) |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट www.korbamunicipal.in पर भी देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम
कोरबा (छत्तीसगढ़)

।। स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें ।।



**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**भंडार प्रबंधन विभाग**

ई-टेंडर नोटिस नं. एन.आई.टी/14/25/20, तिथि :- 20-मई-2025

| क्र. सं. | निविदा सं. | विवरण | निविदा बंद/ खुलने की तिथि | मात्रा |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 02254071 | "मेन कम्प्रेशर (ऑयल लुब्रीकेटेड) फॉर इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव" | 11.06.2025 | 29 नग |
| 2 | 03252616 | स्पीड सेंसर टू एस.डब्ल्यू.के.पी | 17.06.2025 | 278 नग |
| 3 | 03253271 | वाटर टेंक | 17.06.2025 | 24 सेट |
| 4 | 03251003 | हेलीकल स्प्रिंग फॉर सेंटरलेस ग्राउंड | 17.06.2025 | 417 नग |
| 5 | 03253351 | इलेक्ट्रिकल ड्राइवन विंड स्क्रिन | 18.06.2025 | 34 सेट |
| 6 | 03252319 | लोक लिफ्ट लीवर असेंबली फॉर बॉक्सएन-एचएल वैगन | 19.06.2025 | 24617 नग |
| 7 | 03253162 | बोगी सेंटर पिवोट टॉप फॉर एल.डब्ल्यू.एल.एच.25 बोगी ऑफ बॉक्सएनएस वैगर | 19.06.2025 | 1416 नग |

निविदा खुलने/बंद होने का समय : At 10:30 बजे।

रेलवे को किसी निविदा के लिए शुद्धिपत्र जारी करने का अधिकार है। शुद्धिपत्र और ई-खरीद की जरूरी सूचना वेंडर www.ireps.gov.in पर देख सकते हैं।

सहायक सामग्री प्रबंधक-॥, कृते प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक
द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर

सीपीआर/10/70

South East Central Railway — @secrail



**HDB FINANCIAL SERVICES**

पंजीकृत कार्यालय : "राधिका", द्वितीय तल, लॉ गार्डन रोड, नवरंगपुरा, अहमदाबाद, गुजरात-380009
आंचलिक कार्यालय : प्रथम तल, विल्सन हाउस, ओल्ड नागरदास रोड, निकट अम्बोली सबवे, अंधेरी (ई), मुंबई-400069 और महाराष्ट्र तथा छत्तीसगढ़ में इसकी विभिन्न शाखाएं

**सरफासी ऐक्ट, 2002 की धारा 13(2) के तहत मांग सूचना**

आप निम्नलिखित कर्जदारों, सह-कर्जदारों तथा गारंटरों ने अपनी अचल सम्पत्तियां (प्रतिभूतियां) बंधक रखकर एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड शाखा से ऋण / वित्तीय सुविधा (एं) प्राप्त की हैं। आपने अपने वित्तीय अनुशासन का पालन नहीं किया है तथा उनके प्रतिभुगतान में चूक की है। आपकी चूकों के फलस्वरूप आपका ऋण, उसको चुकाने के लिए प्रतिभूतियों के संबंध मे सृजित प्रतिभूति हित सहित, अनार्जक आस्ति के रूप में सूचीबद्ध किया जा चुका है। एचडीबीएफएस को अपनी बकाया राशि वसूल करने का अधिकार है, अतः अब वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (अधिनियम) की धारा 13(2) के तहत मांग सूचना जारी की है, जिसकी विषयवस्तु प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3(1) के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(2) के अनुसार आपको सूचना देने के वैकल्पिक उपाय के रूप में प्रकाशित की जा रही है। कर्जदारों, सह-कर्जदारों, गारंटरों, ऋणों, प्रतिभूतियों, बकाया राशियों, धारा 13(2) के तहत मांग सूचना, सूचना में दावा की गई राशि का विवरण यहां नीचे दिया गया है :

1. कर्जदार एवं सह-कर्जदार : 1. महामाया मिनरल्स, महामाया मिनरल्स छांदापारा ग्राम-खपरगंज कोटा बिलासपुर- 495001, छत्तीसगढ़, अन्य पता : सर्वे नंबर 696/1, 697/27, 297/28, 696/6, 696/7, 696/8, 697/23, 697/6, 688/14, 697/5, 697/4, 697/24, 688/4 एवं 688/13 कृष्णा विहार अपार्टमेंट बिलासपुर-495001, अन्य पता : सर्वे नंबर 130/31 प्रथम तल, वार्ड नंबर 33, महाराष्ट्र मंडल स्ट्रीट (गली) रामदास नगर के भीतर, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001, 2. सुजाता मित्रा, महामाया मिनरल्स छांदापारा ग्राम-खपरगंज कोटा बिलासपुर-495001, छत्तीसगढ़, 3. ऋषभ मित्रा, ऋषभ बिल्डकॉन केएच सनंबर 967, कर्मा सीपट रोड बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001, 4. सुबीर बरन मित्रा, कृष्णा विहार अपार्टमेंट फ्लैट नंबर ए-403, तृतीय तल, ब्लॉक-ए, संजय गांधी नगर वार्ड बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001, (2) ऋण खाता संख्या : 5037060, 5180323 ; (3) ऋण राशि आईएनआर में : ऋण खाता संख्या : 5037060 के तहत रू. 26,75,000/- (रुपये छब्बीस लाख पचहत्तर हजार मात्र) एवं ऋण खाता संख्या : 5180323 के तहत रू. 22,50,000/- (रुपये बाईस लाख पचास हजार मात्र) ; (4) प्रतिभूतियों की अनुसूची । - सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : फ्लैट नंबर ए-403, ब्लॉक-ए, तृतीय तल, क्षेत्रफल परिमाप 78.43 वर्ग मीटर यानी 844 वर्ग फीट, आवासीय अपार्टमेंट "कृष्णा विहार अपार्टमेंट", स्थित : मौजा जूना बिलासपुर, पीसी नंबर 22, पीएलएल नंबर 202, ब्लॉक-बिल्हा, वार्ड नंबर 15, संजय गांधी नगर वार्ड, नगर निगम बिलासपुर की सीमांतर्गत, आरआई सर्किल तहसील और जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001, चौहद्दी - उत्तर : कॉरीडोर तथा लिफ्ट, दक्षिण : खुला आकाश, पूरब : खुला आकाश, पश्चिम : खुला आकाश, प्रतिभूतियों की अनुसूची ।। - सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : प्लॉट नंबर 185 पर निर्मित मकान, कार्पेट क्षेत्रफल परिमाप 80.669 वर्ग मीटर यानी 868 वर्ग फीट, बिल्टअप एरिया 700 वर्ग फीट, स्थित : वार्ड नंबर 33, महाराष्ट्र मंडल स्ट्रीट (गली) रामदास नगर के भीतर, जूना बिलासपुर, पी.एच. नंबर 22, शीट नंबर 17, ब्लॉक नंबर 9, सर्वे नंबर 130/31, ब्लॉक-बिल्हा, नगर निगम बिलासपुर सीमा के भीतर, आरआई सर्किल तहसील और जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001, चौहद्दी - उत्तर : खुला आकाश, दक्षिण : खुला आकाश, पूरब : खुला आकाश, पश्चिम : खुला आकाश, (5) मांग सूचना तिथि : 13-05-2025 ; (6) बकाया राशि आईएनआर में : रू. 35,08,999.67/- (रूपये पैंतीस लाख आठ हजार नौ सौ निन्यानवे तथा पैसे सड़सठ मात्र) दिनांक 09-05-2025 तक + वास्तविक प्राप्ति तक भावी संविदात्मक ब्याज, आकस्मिक व्यय, लागत और प्रभारों इत्यादि सहित।

1. कर्जदार तथा सह-कर्जदारों / गारंटरों से उपरोक्त पूरी मांग राशि उपरिवर्णित अनुसार ब्याज के साथ इस सूचना की तिथि से 60 दिन के भीतर चुकाने की मांग की जाती है, जिसमें असफल रहने पर अधोहस्ताक्षरी, एचडीबीएफएस का प्राधिकृत अधिकारी, अधिनियम के तहत उपरिवर्णित प्रतिभूतियों के प्रवर्तन हेतु कार्यवाही करने को बाध्य होगा। कृपया नोट करें कि उपरोक्त अधिनियम की धारा 13(13) के अनुसार
2. बंधकदाता एचडीबीएफएस की सहमति के बिना उपर्युक्त प्रत्याभूत आस्तियां बिक्री, पट्टा, अनुमति एवं लाइसेन्स अथवा अन्य प्रकार हस्तांतरित नहीं कर सकते हैं।
3. किसी पूछताछ अथवा पूर्ण एवं अंतिम निपटान के लिए कृपया सम्पर्क करें : श्री श्याम तेलंग, मोबाइल नंबर : 9970061659 प्राधिकृत अधिकारी अथवा सययद हामिद अली मोबाइल नंबर 9770990614 एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड।

सीन : बिलासपुर,
तिथि : 23-05-2025

हस्ता./- वास्ते एचडीबीएफएस
अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता


**कार्यालय नगर पालिक निगम, बिलासपुर (छ.ग.)**

जोन क्र. 04 नेहरू काम्प्लेक्स

क्र....../न.पा.नि./2025-26 — बिलासपुर दिनांक 21/05/2025

**हक हस्तांतरण एवं कर निर्धारण के खातों में नाम परिवर्तन संबंधी सूचना**

कर संपत्तिकर विभाग नगर पालिक निगम बिलासपुर द्वारा विज्ञापन जनवरी 2025-26 हक हस्तांतरण एवं कर निराकरण के खातों में नाम परिवर्तन के संबंध में इस कार्यालय में आवेदन प्राप्त हुए है। यदि किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति करना हो तो इस सूचना के प्रकाशन तिथि से 15 दिन के भीतर जोन क्र. 04 नेहरू काम्प्लेक्स व्यापार विहार बिलासपुर कार्यालय में आपत्ति आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

| क्र. | वार्ड क्र. | मोहल्ला | प्रकरण क्र. एवं दिनांक | जिनके नाम पर दर्ज है | जिनके नाम पर दर्ज किया जाना है। | आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 23 | तालापारा | 309 29/04/2025 | अयोध्या प्रसाद कश्यप पिता श्री सुमेर काछी कश्यप | श्री प्रहलाद कश्यप पिता स्व.श्री अयोध्या प्रसाद कश्यप | शपथ पत्र, संपत्ति कर, आधार कार्ड, न्यायालय आदेश, मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति |
| 2 | 24 | भारतीय नगर | 310 29/04/2025 | श्री उमेश प्रसाद तिवारी पिता श्री एस.पी. तिवारी एवं श्रीमती सीमा तिवारी पति श्री उमेश प्रसाद तिवारी | अजरा कुरैशी पति अब्दुल मजीद कुरैशी | शपथ पत्र, संपत्ति कर, आधार कार्ड, रजिस्ट्री, डायवर्सन की छायाप्रति |
| 3 | 23 | तालापारा मेन रोड | 311 29/04/2025 | रुबीना खान पति वाहीद उल्ला खान | नजीब खान, अर्शिया खान पिता वहीद उल्ला खान | शपथ पत्र, संपत्ति कर, बी 1 पी 2, डायवर्सन मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति |
| 4 | 23 | जरहाभाठा राजीव गांधी चौक | 312 29/04/2025 | श्री संदीप अग्रवाल पिता श्री श्रीकुमार अग्रवाल | श्रीमती भारती श्यामवानी पति श्री राजकुमार श्यामवानी | शपथ पत्र, संपत्ति कर, आधार कार्ड, रजिस्ट्री, खसरा संधारण की छायाप्रति |
| 5 | 23 | जरहाभाठा राजीव गांधी चौक | 313 29/04/2025 | श्री संदीप अग्रवाल पिता श्री श्रीकुमार अग्रवाल | श्री विशाल श्यामयानी पिता श्री राजकुमार श्यामवानी | शपथ पत्र, संपत्ति कर, आधार कार्ड, रजिस्ट्री, खसरा संधारण की छायाप्रति |
| 6 | 27 | सांई परिसर | 314 29/04/2025 | डॉ. श्रीमती शैलजा घोष पति श्री तपन घोष | श्रीमती रीना बसु श्री सुबीर कुमार बसु | शपथ पत्र, संपत्ति कर, रजिस्ट्री डायवर्सन की छायाप्रति |
| 7 | 25 | शंकरनगर तालापारा | 315 29/04/2025 | श्रीमती लक्ष्मीन बाई पति श्री दयाराम कुर्रे | श्री शैलेन्द्र खांडेकर, खुशबु खांडेकर पिता श्री गणेश खांडेकर | शपथ पत्र, संपत्ति कर, राजस्व आदेश, आधार कार्ड, बी 1 पी 2, मृत्यु प्रमाण पत्र |
| 8 | 28 | कृष्णा विहार अपार्टमेंट | 316 29/04/2025 | डॉ. रमेश चंद्र अग्रवाल पिता स्व.श्री नथमल प्रसाद अग्रवाल एवं शरद अग्रवाल पिता रमेश चंद्र अग्रवाल | श्रीमती अरुणा पटनायक पति श्री अवधेश कुमार पटनायक | शपथ पत्र, संपत्ति कर, आधार कार्ड, रजिस्ट्री, डायवर्सन की छायाप्रति |
| 9 | 23 | राजीव गांधी चौक | 317 29/04/2025 | श्री संजय साध पिता श्री प्रभात कुमार साधू | श्री मुरारी लाल गुप्ता पिता स्व. श्री दुर्गा प्रसाद गुप्ता एवं श्रीमती रागिनी गुप्ता पति श्री मुरारी लाल गुप्ता | शपथ पत्र, संपत्ति कर, आधार कार्ड, रजिस्ट्री, नजूल रिपोर्ट / नजूल आदेश की छायाप्रति |
| 10 | 27 | विनोबा नगर | 318 29/04/2025 | श्री के.व्ही.एल.एस.राव पिता के. व्ही. गोपाल राव | श्रीमती अपूर्वा तिवारी पति श्री निशांत तिवारी | शपथ पत्र, संपत्ति कर, आधार कार्ड, रजिस्ट्री, बी 1 पी 2, डायवर्सन पत्र की छायाप्रति |
| 11 | 28 | शेष कालोनी | 319 29/04/2025 | श्री सुब्रतो त्रिवेदी पिता स्व. श्री मदनमोहन त्रिवेदी | श्री निशांत तिवारी पिता श्री ललन कुमार तिवारी | शपथ पत्र, संपत्ति कर,आधार कार्ड, रजिस्ट्री, बी 1 पी 2, की छायाप्रति |
| 12 | 24 | अज्ञेय नगर | 320 05/05/2025 | श्री चंदन गुहा पिता स्व.श्री ए.के.गुहा | श्रीमती उमा शुक्ला एवं आयुष शुक्ला पिता/पति श्री समीर शुक्ला | शपथ पत्र, संपत्ति कर, आधार कार्ड, रजिस्ट्री, बी 1 पी 2, डायवर्सन की छायाप्रति |
| 13 | 29 | तारबाहर | 321 17/10/2024 | श्रीमती मीनू पाण्डेय पति श्री सतीशचंद्र पाण्डेग | आमीर पिता शेख जमील | शपथ पत्र, संपत्ति कर, आधार कार्ड, रजिस्ट्री की छायाप्रति |
| 14 | 27 | विनोबा नगर | 322 13/05/2025 | श्री चंद्रकुमार मोटवानी पिता स्व. होतचंद मोटवानी | श्रीमती पूनम मोटवानी एवं मुस्कान मोटवानी पिता/पति स्व. चंद्रकुमार मोटवानी | शपथ पत्र, संपत्ति कर की छायाप्रति, आधार कार्ड, रजिस्ट्री, राजस्व आदेश बी 1 पी 2. डायवर्सन मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति |
| 15 | 24 | शीला टावर | 323 13/05/2025 | श्री रामसेवक टेगर पिता स्व. श्री कुंची राम टेगर | श्री विनय कुमार टेगर पिता स्व. श्री रामसेवक टेगर | शपथ पत्र, संपत्ति कर की छायाप्रति, आधार कार्ड, रजिस्ट्री, हक त्याग पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र |
| 16 | 29 | सिद्दार्थ नगर | 324 06/05/2025 | श्रीमती केवड़ा बाई साव पति श्री राजाराम साव | सुनीता कुमारी साव एवं सुनील कुमार साव पिता स्व. राजाराम साव | शपथ पत्र, संपत्ति कर की छायाप्रति, आधार कार्ड, रजिस्ट्री, राजस्व आदेश बी 1 पी 2, डायवर्सन मृत्यु प्रमाण पत्र की छावाप्रति |
| 17 | 29 | डीपूपारा | 325 14/05/2025 | श्री रॉबर्ट लवेट पिता ई. लवेट | श्री श्रीन लवेट, बाला लवेट, निकीता लवेट, सवीऔ पिता/पति श्री रॉबर्ट लवेट | शपथ पत्र, संपत्ति कर की छायाप्रति, आधार कार्ड, रजिस्ट्री, बी 1 पी 2, तहसील आदेश मृत्यु प्रमाण |
| 18 | 23 | इंदु चौक | 326 15/05/2025 | श्रीमती विमला लाल पति स्व. शनिप्रकाश | असीमराज, नवीन लाल, प्रवीणलाल पिता स्व. शनिप्रकाश | शपथ पत्र, संपत्ति कर की छायाप्रति, आधार कार्ड, नजूल आदेश, खसरा संधारण, मृत्यु प्रमाण पत्र |
| 19 | 23 | इंदू चौक | 327 15/05/2025 | श्रीमती विमला लाल पति स्व. शनिप्रकाश | असीमराज, नवीन लाल, प्रवीणलाल पिता स्व शनिप्रकाश | शपथ पत्र, संपत्ति कर की छायाप्रति, आधार कार्ड, रजिस्ट्री, बी 1 पी 2, मृत्यु प्र प्रमाण पत्र की छायाप्रति |
| 20 | 24 | भारतीय नगर | 328 19/05/2025 | श्रीमती त्रिवेणी गोस्वामी पति स्व.पुन्नी पुरी उर्फ करण पुरी गोस्वामी | श्रीमती संतोषी गुप्ता पिता स्व. पुन्नी पुरी उर्फ करण पुरी गोस्वामी | शपथ पत्र, संपत्ति कर, आधार कार्ड, रजिस्ट्री, राजस्व आदेश बी 1 पी 2, वसीयतनामा डायवर्सन मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति |
| 21 | 24 | हर्ष आशियाना अपार्टमेंट | 329 19/05/2025 | श्रीमती मामिडी उषा नंदिनी पति श्री एम. मुरलीधर | श्री विनय कुमार शुक्ला पिता श्री त्रिवेणी प्रसाद शुक्ला | शपथ पत्र, संपत्ति कर आधार कार्ड, रजिस्ट्री, डायवर्सन की छायाप्रति |

वृक्षारोपण कार्य महान, एक वृक्ष सौ पुत्र समान — जोन कमिश्नर जोन क्र.04 नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

विवाह प्र.क्र. 123/ ब-121/ 2024-2025
ग्राम - खैजा, तहसील-बलौदा

**// ईश्तहार //**

आवेदक रोहित कुमार उम्र 22 वर्ष पिता श्री छोटेलाल जाति सतनामी निवासी खैजा तहसील व थाना बलौदा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका मुस्कान उम्र 18 वर्ष पिता श्री भोजराम जाति यादव निवासी खैजा तहसील व थाना बलौदा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

**बनाम**

छत्तीसगढ़ शासन

आम जनता ग्राम खैजा तहसील बलौदा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक रोहित कुमार उम्र 22 वर्ष पिता श्री छोटेलाल जाति सतनामी निवासी खैजा तहसील व थाना बलौदा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका मुस्कान उम्र 18 वर्ष पिता श्री भोजराम जाति यादव निवासी खैजा तहसील व थाना बलौदा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत आशयित विवाह की सूचना आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वह अपनी दावा/ आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 18.06.2025 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30.04.2025 को न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील — विवाह अधिकारी, जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डभरा जिला- सक्ती (छ.ग.)**

**// नोटिस //**

अपील प्रकरण क्रमांक / अ-6/ 2024-25
ग्राम मिरौनी, तहसील डभरा, जिला सक्ती
पक्षकार- सीताकुमारी वगैरह बनाम दादूराम वगैरह
पेशी तारीख - 06/06/2025

प्रति,
उत्तरवादीगण :
1/ दादूराम पटेल पिता उदेचंद 2/ रथकुंवर पति दादूराम पटेल, 3/ देवेन्द्र कुमार पटेल पिता होरीलाल, 4/ भोगीलाल पटेल पिता दादूराम सभी जाति अघरिया सभी निवासी ग्राम मिरौनी तहसील चन्द्रपुर जिला सक्ती (छ.ग.)

अपीलार्थी सीताकुमारी उर्फ सीताबाई पटेल वगैरह पिता दादूराम पटेल जाति अघरिया निवासी मिरौनी तहसील चन्द्रपुर जिला सक्ती (छ.ग.) के द्वारा ग्राम मिरौनी तहसील चन्द्रपुर के द्वारा अपील आवेदन पेश किया गया है उक्त अपील प्रकरण में आप उत्तरवादी के रूप में पक्षकार हैं।

अपीलार्थी द्वारा समाचार पत्र के माध्यम से आपकी उपस्थिति हेतु आवेदन किया है। उक्त अपील प्रकरण में दिनांक 06/06/2025 को 11.00 बजे इस न्यायालय में सुनवाई होगी।

अतः उक्त अपील प्रकरण में आप स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण में पैरवी किये जाने हेतु दिनांक 06/06/2025 को उपस्थित रहे। दिनांक 06/06/2025 को उपस्थित नहीं होने पर आपकी अनुपस्थिति में प्रकरण में नियमानुसार एकपक्षीय कार्यवाही कर सुनवाई की जावेगी।

यदि किसी कारण वश दिनांक 06/06/2025 को अवकाश घोषित हो जाता है तो उसके अगले कार्य दिवस में सुनवाई की जावेगी।

आज दिनांक 19/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.), डभरा, जिला-सक्ती (छ.ग.)

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

विवाह प्र.क्र. 109/ ब-121/ 2024-2025
ग्राम - शिवरीनारायण तहसील-शिवरीनारायण

**// ईश्तहार //**

आवेदक अभिषेक शर्मा उम्र 32 वर्ष पिता श्री ज्ञानेश्वर शर्मा जाति ब्राम्हण निवासी शिवरीनारायण तहसील व थाना शिवरीनारायण जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका वंदना उम्र 37 वर्ष पिता श्री अयोध्या प्रसाद मंडावी जाति गोंड़ निवासी ग्राम सेहरा डबरी, तहसील व थाना धमतरी जिला धमतरी (छ.ग.)

**बनाम**

छत्तीसगढ़ शासन

आम जनता ग्राम शिवरीनारायण तहसील शिवरीनारायण जिला जांजगीर-चांपा(छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक अभिषेक शर्मा उम्र 32 वर्ष पिता श्री ज्ञानेश्वर शर्मा जाति ब्राम्हण निवासी शिवरीनारायण तहसील व थाना शिवरीनारायण जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका वंदना उम्र 37 वर्ष पिता श्री अयोध्या प्रसाद मंडावी जाति गोंड़ निवासी ग्राम सेहरा डबरी, तहसील व थाना धमतरी जिला धमतरी (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत आशयित विवाह की सूचना आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वह अपनी दावा/ आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 25.06.2025 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22.05.2025 को न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील — विवाह अधिकारी, जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

**शपथ-पत्र**

मैं कुन्दन शर्मा (KUNDAN SHARMA) उम्र-30 वर्ष, पिता-संत कुमार (SANT KUMAR) निवासी मुड़ापार बाजार गली एन.सी.डी.सी.कोरबा, तहसील व जिला-कोरबा (छ.ग.) निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं कि :-

1/ मैं उपरोक्त वर्णित पते पर निवासरत हूं तथा मेरा आधार नम्बर 7452 1839 4202 है।
2/ मेरे शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम कुन्दन शर्मा (KUNDAN SHARMA) पिता संत कुमार दर्ज है।
3/ मेरे आधार कार्ड एवं पेन कार्ड में मेरा नाम कुन्दन कुमार शर्मा (KUNDAN KUMAR SHARMA) पिता-संत कुमार (SANT KUMAR SHARMA) दर्ज है।
4/ कुन्दन शर्मा (KUNDAN SHARMA) एवं कुन्दन कुमार शर्मा (KUNDAN KUMAR SHARMA) दोनों ही नाम मेरा एक ही व्यक्ति का है, इसी तरह संत कुमार (SANT KUMAR) एवं संत कुमार शर्मा (SANT KUMAR SHARMA) दोनों ही नाम मेरे ही पिता का है, अर्थात एक ही व्यक्ति का है, इसमें किसी भी प्रकार की विवाद होने पर जवाबदारी मेरी स्वयं की होगी।
5/ यह शपथ पत्र मेरे द्वारा उक्ताशय के संबंध में निष्पादित किया गया है, जिसे संबंधित कार्यालय/ विभाग में प्रस्तुत करना है।

शपथकर्ता
कुन्दन शर्मा
(KUNDAN SHARMA)
मुड़ापार बाजार गली एन.सी.डी.सी.कोरबा, तहसील व जिला-कोरबा (छ.ग.)

**शपथ-पत्र**

मैं संत कुमार शर्मा (SANT KUMAR SHARMA) उम्र-56 वर्ष, पिता-स्व.वासुदेव शर्मा (Late. VASUDEV SHARMA) निवासी मुड़ापार बाजार गली एन.सी.डी.सी.कोरबा, तहसील व जिला-कोरबा (छ.ग.) निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं कि :-

1/ मैं उपरोक्त वर्णित पते पर निवासरत् हूं, तथा मेरा आधार नम्बर 8248 5473 3343 है।
2/ मेरे पुत्र के शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम संत कुमार (SANT KUMAR) है, परन्तु मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम संत कुमार शर्मा (SANT KUMAR SHARMA) दर्ज है।
3/ संत कुमार शर्मा (SANT KUMAR SHARMA) एवं संत कुमार (SANT KUMAR) दोनों ही नाम मेरे ही एक ही व्यक्ति का है, इसमें किसी भी प्रकार की विवाद होने पर जवाबदारी मेरी स्वयं की होगी।
5/ यह शपथ पत्र मेरे द्वारा उक्ताशय के संबंध में निष्पादित किया गया है, जिसे संबंधित कार्यालय/ विभाग में प्रस्तुत करना है।

शपथकर्ता
संत कुमार शर्मा
(SANT KUMAR SHARMA)U
मुड़ापार बाजार गली
एन.सी.डी.सी.कोरबा,
तहसील व जिला-कोरबा (छ.ग.)

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

विवाह प्र.क्र. 139/ ब-121/ 2024-2025
ग्राम - लछनपुर, तहसील-जांजगीर

**// ईश्तहार //**

आवेदक सूरज कुमार गोस्वामी उम्र 22 वर्ष पिता श्री भुवन गिरी गोस्वामी जाति गोस्वामी निवासी लछनपुर (पराऊ डेरा)वार्ड नं. 14, तहसील व थाना जांजगीर जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका मधु उम्र 23 वर्ष पिता स्व. श्री लच्छीराम मन्नेवार जाति मौवार निवासी ग्राम सुखरीकला सिंघराम पुर वार्ड नं. 19, तहसील करतला थाना उरगा जिला कोरबा (छ.ग.)

**बनाम**

छत्तीसगढ़ शासन

आम जनता ग्राम लछनपुर तहसील जांजगीर जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक सूरज कुमार गोस्वामी उम्र 22 वर्ष पिता श्री भुवन गिरी गोस्वामी जाति गोस्वामी निवासी लछनपुर (पराऊ डेरा) वार्ड नं. 14, तहसील व थाना जांजगीर जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका मधु उम्र 23 वर्ष पिता स्व. श्री लच्छीराम मन्नेवार जाति मौवार निवासी ग्राम सुखरीकला सिंघराम पुर वार्ड नं. 19, तहसील करतला थाना उरगा जिला कोरबा (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत आशयित विवाह की सूचना आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वह अपनी दावा/ आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 25.05.2025 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13.05.2025 को न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील — विवाह अधिकारी, जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं महनूर सबा सिद्दीकी (MAHANOOR SABA SIDDIQUI) पति मजहर मोहम्मद सिद्दीकी (MAZHAR MOHAMMAD SIDDIQUI) निवासी हाउस नंबर 1320, वार्ड नं. 13, राय गली, देवरीखुर्द, बिलासपुर (छ.ग.) 495001 यह शपथ करती हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम महनूर सबा सिद्दीकी (MAHENOOR SABA SIDDIQUI) को त्याग कर महनूर सबा सिद्दीकी (MAHANOOR SABA SIDDIQUI) नया नाम रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम महनूर सबा सिद्दीकी (MAHANOOR SABA SIDDIQUI) से ही जाना पहचाना जावे।

महनूर सबा सिद्दीकी
(MAHANOOR SABA SIDDIQUI)
हाउस नंबर 1320, वार्ड नं. 13, राय गली, देवरीखुर्द, बिलासपुर (छ.ग.) 495001

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं कंचन हरिरामानी (KANCHAN HARIRAMANI) पति दीपेश हरिरामानी (DIPESH HARIRAMANI) निवासी हाउस नंबर A-100, सदाबहार अपार्टमेंट, जगमल चौक बिलासपुर (छ.ग.), 495001 यह शपथ करती हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम कंचल भक्त्यापुरी (KANCHAN BHAKTYAPURI) को त्याग कर कंचन हरिरामानी (KANCHAN HARIRAMANI) नया नाम रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम कंचन हरिरामानी (KANCHAN HARIRAMANI) से ही जाना पहचाना जावे।

कंचन हरिरामानी
(KANCHAN HARIRAMANI)
हाउस नंबर A-100, सदाबहार अपार्टमेंट, जगमल चौक बिलासपुर (छ.ग.), 495001

**न्यायालय तहसीलदार सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक/ / क/ वा./ तह./ 2024
सकरी, दिनांक 19/05/2025

एदत् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुनिल कुमार भूरंगी पिता श्यामराव भूरंगी निवासी तिलक नगर, बृहस्पति बाजार के पास बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार ग्राम अमेरी प.ह.नं. 43 रा.नि.मं. सकरी व तहसील सकरी जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा 406/11 रकबा 0.0060 हे. भूमि का अभिलेख सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वह अपना दावा/ आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 05/06/2025 के पूर्व इस न्यायालय में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत कर सकते हैं, उकत तिथि के पश्चात प्रकरण में प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

सील — नायब तहसीलदार, सकरी

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डभरा जिला सक्ती (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

ग्राम कोटमी प.ह.नं. 15
तहसील डभरा, जिला सक्ती (छ.ग.)

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि ग्राम कोटमी प.ह.नं. 15 तहसील डभरा जिला सक्ती छ.ग. की नीचे अनुसूचित में उल्लेखित भूमिस्वामी आवेदक श्री वेदप्रकाश पटेल पिता स्व.कल्याण सिंह जाति अघरिया निवासी कोटमी तहसील डभरा जिला सक्ती (छ.ग.) ने भूमि ग्राम कोटमी प.ह.नं. 15 तहसील डभरा भूमि खसरा नंबर 1558/11 रकबा 0.142 हे. भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त भूमि का व्यवसायिक व्यपवर्तन किये जाने पर, जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति लिखित रूप से ईश्तहार के प्रकाशन दिनांक 06.06.2025 के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में स्वतः या किसी अधिवक्ता के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 19.05.2025 को जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
डभरा

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, पुराना नाम आईशा परवीन पिता हाफिज अहमद खान अपना पुराना नाम को बदलकर नया नाम आयशा हाफिज खान पिता हाफिज अहमद खान निवास हाउस नं. 32, वार्ड नं. 23, रोहानी विहार, फेस 02, बिलासपुर छ.ग. 495001 रख ली हूं अतः अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नए नाम आयशा हाफिज खान पिता हाफिज अहमद खान नाम से जाना एवं पहचाना जाए।

आयशा हाफिज खान
हाउस नं. 32, वार्ड नं. 23, रोहानी विहार, फेस 02, बिलासपुर छ.ग. 495001

# देश

**उवाच**



नक्सलवाद पर कार्रवाई की तारीफ की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार प्राथमिकता से नक्सलवाद को खत्म कर रही है। छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के खिलाफ केंद्र सरकार सख्त कदम उठाते हुए लगातार नक्सलियों को पकड़ने के लिए अभियान चला रही है। कई बार पुलिस और नक्सलियों की मुठभेड़ हो चुकी है: **उपेंद्र कुशवाहा, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष**

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 41° | 31° |
| मुंबई | 31° | 29° |
| कोलकाता | 34° | 28° |
| चेन्नई | 37° | 28° |

# कांग्रेस के बिना एनडीए को नहीं हराया जा सकता: पप्पू यादव

## बिहार का चुनाव राहुल गांधी के नेतृत्व में लड़ने की जरूरत

**पटना,** 22 मई (एजेंसियां)। पूर्णिया के निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने गुरुवार को साफ लहजे में कहा कि कांग्रेस के बिना एनडीए को नहीं हराया जा सकता। बिहार का चुनाव राहुल गांधी के नेतृत्व में लड़ने की जरूरत है, तभी हम सफल हो सकते हैं।

पटना में पत्रकारों से बातचीत के दौरान महागठबंधन की सरकार बनने पर मुकेश सहनी के उपमुख्यमंत्री बनने को लेकर दिए गए बयान पर निर्दलीय सांसद ने कहा, 'यह उनकी अपनी व्यक्तिगत राय है। वे नेता हैं और उनको अधिकार है अपनी मांग रखने का। मैं कांग्रेस का कार्यकर्ता हूँ और मैं इतना ही कह सकता हूं कि कांग्रेस के बगैर एनडीए को नहीं हराया जा सकता है। सभी जाति, धर्म, वर्ग का कांग्रेस नेता राहुल गांधी के प्रति सम्मान है। एसटी, एससी, ओबीसी, अल्पसंख्यक, ऊंची जाति के लोग हों, सभी की उम्मीदें राहुल गांधी हैं।'



उन्होंने आगे कहा कि बिहार का चुनाव हमें राहुल गांधी के नेतृत्व में लड़ने की जरूरत है, तभी हमें सफलता मिलेगी। आज राष्ट्र के सवाल पर या स्वाभिमान के सवाल पर, युवाओं के मुद्दों पर सभी की उम्मीद राहुल गांधी बन गए हैं। इधर, बिहार में स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव में वार–पलटवार के बीच सांसद पप्पू यादव ने कहा कि 15 साल राजद की सरकार और 20 साल एनडीए की सरकार, दोनों लोगों ने मिलकर बिहार को बर्बाद

**सभी जाति, धर्म, वर्ग का कांग्रेस नेता राहुल गांधी के प्रति सम्मान है। एसटी, एससी, ओबीसी, अल्पसंख्यक, ऊंची जाति के लोग हों, सभी की उम्मीदें राहुल गांधी हैं: पप्पू यादव**

किया। आज बिहार में सबसे बुरी स्थिति स्वास्थ्य विभाग की है। कहीं अल्ट्रासाउंड, सीटी स्कैन नहीं है तो कहीं एमआरआई नहीं है।

उन्होंने कहा कि केवल पैसे के लिए भवन पर भवन बन रहे हैं। पहले ठेकेदारी होगी, उसके बाद वसूली होगी। न वहां डॉक्टर होंगे, न दवाई होगी। विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव भी चार साल उपमुख्यमंत्री रहे, स्वास्थ्य विभाग भी इनके पास था। उन्होंने आगे स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय को भी नसीहत देते हुए कहा कि आलोचना सहनी चाहिए। स्वास्थ्य मंत्री हैं तो लोग अपेक्षा करेंगे। स्वास्थ्य विभाग की स्थिति सही नहीं है।

# कौन बनेगा यूपी का अगला डीजी?

## अगले हफ्ते रिटायर हो रहे प्रशांत कुमार को क्या मिलेगा सेवा विस्तार

■ जोगेंद्र सोलंकी

**नई दिल्ली,** 22 मई (देशबन्धु)। यूपी पुलिस के नए मुखिया को लेकर चर्चाएं एक बार फिर तेज हो गई हैं। वर्तमान कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार का सेवाकाल इस माह समाप्त हो रहा है, और अभी तक उनकी जगह लेने वाले अधिकारी को लेकर सरकार की ओर से कोई स्पष्ट संकेत नहीं मिले हैं। सूत्रों के मुताबिक, राज्य सरकार ने संघ लोक सेवा आयोग को डीजीपी नियुक्ति के लिए कोई प्रस्ताव नहीं भेजा है, जिससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि प्रदेश को एक बार फिर कार्यवाहक डीजीपी से ही संतोष करना पड़ सकता है।

पिछले वर्ष राज्य सरकार ने 'पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश चयन एवं नियुक्ति नियमावली 2024' को मंजूरी जरूर दी थी, जो डीजीपी चयन की प्रक्रिया को पारदर्शी और नियमानुसार करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा था। हालांकि उस नियमावली के तहत अब तक चयन समिति का गठन नहीं हो सका है। ऐसे में नियमित डीजीपी की नियुक्ति की संभावना फिलहाल बहुत कमजोर नजर आ रही है। 1990 बैच के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी



प्रशांत कुमार के सेवा विस्तार को लेकर भी अटकलें तेज हैं। यह याद रखना जरूरी है कि वर्ष 2017 में सरकार बनने के बाद सुलखान सिंह को सेवा विस्तार दिया गया था, जो एक नजीर बन सकता है। अगर प्रशांत कुमार को सेवा विस्तार नहीं दिया जाता है, तो राज्य सरकार के पास 1990 बैच के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों में से किसी को कार्यवाहक डीजीपी बनाने का विकल्प खुलेगा।

पीवी रामाशास्त्री (डीजी जेल) और डॉ. संजय एम. तरडे (डीजी टेलीकॉम) का सेवाकाल भी इसी माह 31 मई को समाप्त हो रहा है, जिससे उनकी उम्मीदों पर विराम लगता दिख रहा है। वहीं, इसी बैच के बीके मौर्य (डीजी होमगार्ड) और एमके बशाल को कार्यवाहक डीजीपी बनने का मौका मिल सकता है। रेणुका मिश्रा, संदीप सांलुके और

■ **राज्य सरकार ने संघ लोक सेवा आयोग को डीजीपी नियुक्ति के लिए कोई प्रस्ताव नहीं भेजा**

दलजीत सिंह चौधरी वरिष्ठता सूची में प्रशांत कुमार से ऊपर हैं, लेकिन अब तक उन्हें लेकर कोई सक्रिय चर्चा नहीं हुई है। ऐसे में हो सकता है उन्हें भी मौका दिया जाए। इसके अलावा तिलोत्तमा वर्मा, जो नवंबर तक सेवावान हैं, भी एक संभावित नाम के रूप में देखी जा रही हैं।

1991 बैच के राजीव कृष्ण (डीजी विजिलेंस) और केंद्र में डीजी एसपीजी के पद पर तैनात आलोक शर्मा को भी अगले पूर्णकालिक डीजीपी के रूप में प्रबल दावेदार माना जा रहा है। दोनों अधिकारी न केवल वरिष्ठ हैं, बल्कि उनका प्रशासनिक अनुभव भी उन्हें इस दौड़ में मजबूत बनाता है। योगी सरकार में अब तक आठ डीजीपी बदले जा चुके हैं, जिनमें से सुलखान सिंह, ओपी सिंह, हितेश चंद्र अवस्थी और मुकुल गोयल पूर्णकालिक डीजीपी रहे हैं। जबकि डॉ. देवेंद्र सिंह चौहान, डॉ. आरके विश्वकर्मा, विजय कुमार और प्रशांत कुमार ने कार्यवाहक डीजीपी के रूप में सेवा दी है।

## सीजफायर नहीं होता तो आज पीओके हमारा होता : इमरान मसूद



**लखनऊ।** कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने गुरुवार को राजस्थान के बीकानेर में पीएम मोदी के उस बयान पर प्रतिक्रिया दी, जिसमें उन्होंने कहा कि जो सिंदूर मिटाने निकले थे, उन्हें मिट्टी में मिलाया है। इमरान मसूद ने कहा कि हमें तो पीओके की उम्मीद थी। लेकिन, सीजफायर का ऐलान हो गया। कांग्रेस सांसद ने कहा कि बीकानेर में पीएम मोदी ने जो कहा है, वह बिल्कुल सही कहा है, उनके पास इनपुट होगा। इसीलिए, जनता के सामने उन्होंने कहा, लेकिन, उन्हें यह भी बताना चाहिए कि हमने इन आतंकियों को मार गिराया। हमें उम्मीद थी कि हम पीओके पर नियंत्रण कर लेंगे। हमारी सेना तो पीओके में घुस गई थी। पीओके पर बटन दबाना था, लेकिन सीजफायर का बटन दबा दिया। अगर सीजफायर नहीं होता तो आज पीओके भारत का होता। उन्होंने सीजफायर पर कहा कि क्या हम ट्रंप के गुलाम हैं, नहीं हैं तो फिर सीजफायर क्यों? सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के विदेश जाने पर कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कहा कि देश के भीतर हमारे जो भी मतभेद हो सकते हैं, वह हमारा आंतरिक मामला है। लेकिन, जब हम विदेश जाएंगे, तो हम एकता के साथ जाएंगे, हम देश के लिए बोलेंगे, हम केवल भारत के हितों का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## सार संक्षेप

### केंद्र ने की आवास परियोजनाओं में दिव्यांगजनों के लिए 4 फीसदी आरक्षण की घोषणा

**नई दिल्ली।** आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय ने गुरुवार को समावेशी शासन की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए केंद्र सरकार के आवास योजना में दिव्यांगजनों के लिए 4 फीसदी आरक्षण की घोषणा की है। यह पहल दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 216 के प्रावधानों के अनुरूप है और इसका उद्देश्य सार्वजनिक सेवाओं में समानता, सम्मान और पहुंच सुनिश्चित करना है। मंत्रालय की ओर से जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, 'केंद्र सरकार के आवास के आवंटन में विकलांग व्यक्तियों को 4 प्रतिशत का आरक्षण प्रदान किया जाएगा, जो सार्वजनिक सेवाओं में समानता, सम्मान और पहुंच की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।'

### रान्या राव सोना तस्करी मामले में मंत्री जी परमेश्वर के संस्थानों पर ईडी रेड

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के उप-मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने गुरुवार को अभिनेत्री रान्या राव से जुड़े सोना तस्करी मामले में जी परमेश्वर के स्वामित्व वाले मेडिकल कॉलेज पर हुई ईडी की छापेमारी पर कहा कि जब हम पब्लिक लाइफ में होते हैं, तो लोगों को उपहार के रूप में बहुत कुछ देते हैं। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कभी हम लोगों को 1 हजार देते हैं, तो कभी 5 लाख, तो कभी 1 लाख। मुझे पूरी उम्मीद है कि अगर जी परमेश्वर ने कुछ दिया भी होगा, तो वह उपहार के रूप में दिया होगा। उन्होंने अभिनेत्री रान्या राव के संदर्भ में कहा कि जो कुछ भी उस महिला ने किया है, वह निश्चित तौर पर गलत है। कानून अपना काम करेगा। रही बात जी परमेश्वर की, तो मैं एक बात स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि हम एक दिन में कई लोगों से मिलते हैं। ऐसी स्थिति में हमें मालूम नहीं पड़ता है कि हमें किसने क्या दिया है या हमने किसको क्या दिया है। लेकिन, अब ईडी इस मामले में हस्तक्षेप कर चुकी है, तो कानून अपना काम करेगा।

### आउटसोर्सिंग की नियुक्तियों में भी आरक्षण, कैबिनेट से नियमावली मंजूर

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में गुरुवार को आयोजित झारखंड कैबिनेट की बैठक में सरकारी कार्यालयों और उपक्रमों में आउटसोर्सिंग के आधार पर नियुक्ति, वेतनमान और उनकी सेवा शर्तों को लेकर मैन्युअल (नियमावली) के गठन को मंजूरी दी गई है। ऐसे कर्मियों की नियुक्ति अब कम से कम 5 साल के लिए की जाएगी। इसके बाद उन्हें तीन साल का सेवा विस्तार दिया जा सकेगा। नियुक्ति में आरक्षण के नियमों का पालन किया जाएगा। आउटसोर्स सर्विस प्रोवाइडर के लिए यह अनिवार्य होगा कि वे सभी कर्मियों को एक न्यूनतम वेतनमान देना सुनिश्चित करें।

## अमृत भारत स्टेशन योजना

# हाई-मास्ट लाइटिंग, आधुनिक प्रतीक्षालय से लैस हुआ बूंदी स्टेशन

■ **उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान बूंदी में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शिरकत की**

**बूंदी,** 22 मई (एजेंसियां)। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत राजस्थान के बूंदी रेलवे स्टेशन को 7 करोड़ की लागत से पुनर्विकसित किया गया है। इस उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान बूंदी में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शिरकत की। इस दौरान बूंदी विधान सभा के विधायक हरिमोहन शर्मा और अन्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे। बूंदी स्टेशन पर भव्य प्रवेश द्वार, हाई मास्ट लाइटिंग, आधुनिक प्रतीक्षालय, टिकट काउंटर, मॉर्डन टॉयलेट और दिव्यांगजन के लिए सुगम रैंप जैसी सुविधाएं विकसित की गई हैं। प्लेटफॉर्म पर शेल्टर,कोच इंडिकेशन सिस्टम और सूचना के लिए डिजिटल डिस्प्ले लगाए गए



**देश के 103 अमृत रेलवे स्टेशन के लोकार्पण के साथ स्टेशनों के अंदर यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिले, ट्रेन का इंतजार करते समय यात्रियों को कोई परेशानी न हो इसका ध्यान रखा गया है: ओम बिरला, अध्यक्ष लोकसभा**

हैं। सभी सुविधाओं को दिव्यांगजन अनुकूल बनाया गया है। इस स्टेशन का कायाकल्प 'अमृत भारत स्टेशन योजना' के अंतर्गत किया गया है। इस दौरान लोकसभा स्पीकर बिरला ने भी शिलापट्ट का अनावरण किया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि देश के 103 अमृत रेलवे स्टेशन के लोकार्पण के साथ स्टेशनों के अंदर यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिले, ट्रेन का इंतजार करते समय यात्रियों को कोई परेशानी न हो इसका ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा कि रेलयात्रा गरीब और मध्यम वर्ग करता है। गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को स्टेशनों पर पीने का पानी, बैठने की सुविधा, शौचालय की सुविधा के साथ डिस्प्ले बोर्ड भी लगा हो, यह सारी सुविधाएं बूंदी रेलवे स्टेशन पर हैं।

उन्होंने कहा कि बूंदी रेलवे स्टेशन पर विरासत, संस्कृति, धरोहर के साथ–साथ आधुनिकता भी दिखाई देगी। पीएम ने पूरे देश के अंदर स्टेशनों को उस क्षेत्र की विरासत के साथ विश्वस्तरीय बनाया है।

# जो सरकार चूहा नहीं पकड़ पा रही है, वह अपराधियों को क्या खाक पकड़ेगी : तेजस्वी

**पटना,** 22 मई (देशबन्धु)। पटना में क्रिकेट टूर्नामेंट के दौरान हुई ताबड़तोड़ फायरिंग में तीन लोगों को गोली लगी है। बिक्रम से कांग्रेस के बागी विधायक सिद्धार्थ और दो अन्य पर फायरिंग करने का आरोप लगा है। अब इस घटना को लेकर सियासत शुरू हो गई है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने इसको लेकर सरकार पर बड़ा हमला बोला है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा है कि जो सरकार चूहा नहीं पकड़ पा रही है, चूहा नहीं मार पा रही है वह अपराधियों को क्या खाक पकड़ेगी। उन्होंने कहा की बिहार में अपराधियों का बिल्कुल बोलबाला है। पुलिस की गुंडागर्दी चरम सीमा पर चली गई है, इसे कोई देखने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि अपराधियों को सरकार नहीं पकड़ रही है और निर्दोष लोगों को थाने बुला बुलाकर मार रही है। यहां तक कि महिलाओं को पीटा



जा रहा है लेकिन कोई देखने वाला नहीं है, क्योंकि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अचेत अवस्था में हैं। तेजस्वी यादव ने कहा कि आज बिहार की हालत काफी खराब है। वहीं तेजस्वी यादव ने एक बार फिर स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय को चैलेंज किया है कि जहां भी उनका स्वास्थ्य व्यवस्था पर डिबेट करना है करें। सरकार उनकी है, जगह वह तय करें, समय वह तय करें, हमें एक दिन पहले बता दें, मैं उनसे डिबेट करने को तैयार हूं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के मंदिर विधानसभा में तो मंगल पांडेय का तो मुंह नहीं खुलता है तो वह क्या डिबेट करेंगे।

**अतिपिछड़ा वर्ग के उत्थान, विकास, बेहतरी के लिए हम दृढ़ संकल्पित : तेजस्वी यादव**

बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने गुरुवार को अतिपिछड़ा वर्ग के विभिन्न सामाजिक संगठनों, कार्यकर्ताओं और बुद्धिजीवियों के साथ संवाद किया और उनकी समस्याओं एवं मांगों को ध्यानपूर्वक सुना। इस दौरान उन्होंने कहा कि अतिपिछड़ा वर्ग के उत्थान, विकास, बेहतरी और कल्याण के लिए हम दृढ़ संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार हमारे कार्यकाल में बढ़ाई गई 65 प्रतिशत आरक्षण सीमा को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल नहीं कर इस वर्ग का नुकसान कर रही है।

## पहलगाम आतंकी हमले के गुनहगार जब तक मारे नहीं जाते, ऑपरेशन सिंदूर अधूरा: राउत

**मुंबई,** 22 मई (एजेंसियां)। शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर तब तक पूरा नहीं माना जाएगा, जब तक पहलगाम आतंकी हमले के गुनहगार आतंकियों का सफाया नहीं हो



जाता। उन्होंने कहा कि हमले के दोषियों को मौत की सजा मिलनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने केंद्र सरकार को भी कठघरे में खड़ा करते हुए कई सवाल पूछे। मीडिया से बातचीत में राउत ने पहलगाम के गुनहगारों का जिक्र किया। बोले, '22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकियों ने हमारी माताओं और बहनों का सिंदूर उजाड़ दिया। 26 निर्दोष लोगों की निर्मम हत्या की गई। हमारे मन में एक सवाल बना हुआ है कि जिन आतंकियों ने इस हमले को अंजाम दिया, वे कहां गए। सरकार ने उनके खिलाफ क्या किया? संजय राउत ने आगे कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद सरकार ने पाकिस्तान को जवाब दिया। कुछ दिन दोनों देशों के बीच तनाव भी रहा। लेकिन, फिर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की एंट्री से सीजफायर की घोषणा हुई। अब ऑपरेशन सिंदूर को लेकर सरकार सांसदों को विदेश यात्रा पर भेज रही है। अच्छी बात है, भेजा जाना चाहिए। लेकिन, एक माह पहलगाम आतंकी हमले को चुके हैं। एक सवाल का जवाब तो केंद्र सरकार को देना चाहिए कि वे आतंकवादी कहां गए, जिन्होंने पहलगाम में हमारे निर्दोष लोगों की हत्या की। उन्होंने आगे कहा कि ऑपरेशन सिंदूर तब तक पूरा नहीं होगा, जब तक 6 आतंकवादियों का पूरी तरह से खात्मा नहीं हो जाता।

## पहलगाम नरसंहार का पूरा हुआ एक माह

# कभी गुलजार थी पर्यटकों से जन्नत-ए-कश्मीर, अब वीरानियों का दामन थाम लिया

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 22 मई (देशबन्धु)। पहलगाम आतंकी हमले ने ना केवल मासूम जिंदगियों को निगल लिया, बल्कि जम्मू कश्मीर के पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को गहरी चोट दी है। कश्मीरियों की आशाएं अब सुरक्षा बहाल होने और देश–दुनिया के पर्यटकों के दोबारा लौटने पर टिकी हैं। लेकिन फिलहाल, जन्नत–ए–कश्मीर सन्नाटे और डर के साए में जी रही है। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए भीषण आतंकी हमले को एक महीना बीत चुका है, लेकिन इसका खौफ अभी भी पूरे कश्मीर घाटी पर छाया हुआ है। इस हमले में 26 निर्दोष और निहत्थे पर्यटकों को आतंकवादियों ने बेरहमी से गोली मार दी थी। अब जबकि गर्मी का मौसम अपने चरम पर



है, तब भी जम्मू कश्मीर के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर वीरानी और सन्नाटा पसरा हुआ है।

टूर ऑपरेटर शौकत मीर के शब्दों में, हमले ने ना सिर्फ इंसानियत को शर्मसार किया बल्कि कश्मीर के हजारों लोगों की आजीविका छीन ली। होटल मालिकों, टैक्सी चालकों, दुकानदारों और स्ट्रीट वेंडर्स को भारी नुकसान हो रहा है। टैक्सी की किस्त भरना, ऑफिस किराया देना तक मुश्किल हो गया है। डल झील के किनारे ड्राई फ्रूट और केसर बेचने वाले व्यापारी अली कहते थे कि इस मौसम में तो हमें 15

■ **इस हमले में 26 निर्दोष और निहत्थे पर्यटकों को आतंकवादियों ने बेरहमी से गोली मार दी थी**

एक्स्ट्रा स्टाफ रखना पड़ता था, लेकिन इस बार दुकान में ताले लगाने की नौबत आ गई है। कई दिन से कोई बिक्री नहीं हुई।

श्रीनगर की डल झील, जो आमतौर पर गर्मियों में पर्यटकों से गुलजार रहती है, आज सूनी और शांत है। न तो शिकारे में बैठकर झील की सैर करते सैलानी दिखते हैं, न ही किनारे पर भीड़भाड़। शिकारा चलाने वाले बिलाल के बकौल, पिछले 24 दिन से मेरा शिकारा वहीं खड़ा है, कोई सवारी नहीं। पिछले साल तो तीन शिफ्ट में हम लोग शिकारा चला रहे थे। डल झील के आसपास के होटल, हाउसबोट, रेस्टोरेंट और दुकानें खाली पड़ी हैं।

हालांकि पहलगाम हमले के बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पीओके में मौजूद आतंकी ठिकानों पर सर्जिकल स्ट्राइक कर के 100 से अधिक आतंकियों को मार गिराया। जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तानी सेना ने भारत पर ड्रोन हमलों की कोशिश की, लेकिन भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम ने उन्हें नाकाम कर दिया। इसके बाद पाकिस्तान ने सीमा पर संघर्ष विराम का प्रस्ताव दिया। श्रीनगर के लाल चौक जैसे सेल्फी हॉटस्पॉट और फोटोग्राफी स्थलों पर भी एक अजीब सी खामोशी है। जहां हर दिन सैकड़ों पर्यटक तस्वीरें खींचा करते थे, वहां अब सन्नाटा है। कश्मीरी काहवा बेचने वाले सलामत रूंदे गले से कहते थे कि ऐसा सन्नाटा मैंने कोविड के समय के बाद पहली बार देखा है।

# अवसर कोई भी हो अपने राजनीतिक एजेंडे से अलग नहीं हटते प्रधानमंत्री मोदी

■ जयशंकर गुप्त

**देवलाली, (नासिक),** 22 मई (देशबन्धु)। अवसर कोई भी हो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने राजनीतिक एजेंडे से अलग नहीं हटते। आज उन्होंने राजस्थान के सीमावर्ती देशनोक (बीकानेर) पुनर्विकसित अमृत रेलवे स्टेशन पर वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए देश के 18 राज्यों में 103 पुनर्विकसित अमृत रेलवे स्टेशनों का एक साथ लोकार्पण करते समय भी अपने 40 मिनट के भाषण में आधा समय पहलगाम में आतंकी हमले, आपरेशन सिंदूर की 'सफलता' आदि के बहाने राष्ट्रवाद को समर्पित किया।

उन्होंने पहलगाम में आतंकी हमले का जिक करते हुए कहा कि 22 अप्रैल को आतंकवादियो ने धर्म पूछ कर बहनों का सिंदूर उजाड़ दिया था। आतंकवादियों की गोलियों ने हमारे 140 करोड़ देशवासियों का सीना छलनी कर दिया था। हमने जवाब के लिए अपनी सेनाओं को पूरी छूट दे दी थी। हमारी सेनाओं ने पहलगाम के जवाब में 22 मिनट के भीतर पाकिस्तान में आतंकवादियों के 9 बड़े ठिकाने तबाह कर दिया। उन्होंने कहा कि सिंदूर जब बारूद बन जाता है तो नतीजा क्या होता है, इसे देश और दुनिया ने भी देख लिया। हमने पाकिस्तान को घुटने टेकने के लिए मजबूर कर दिया।



■ **अमृत रेलवे स्टेशनों के लोकार्पण के दौरान आधे समय ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का राग गाया**

उन्होंने कह कि यह संयोग ही है की पांच साल पहले पुलवामा में आतंकवादी हमले के जवाब में बालाकोट सर्जिकल स्ट्राइक के बाद उनकी पहली सभा राजस्थान के चुरू में ही हुई थी। और अभी पांच साल बाद आपरेशन सिंदूर के बाद पहली जनसभा राजस्थान के ही सीमावर्ती देशशनोक, बीकानेर में हो रही है। पांच साल पहले बालाकोट सर्जिकल स्ट्राईक के बाद कहा था, देश नहीं मिटने दूंगा, देश नहीं झुकने दूंगा। आज, जो सिंदूर मिटाने निकले थे उन्हें मिट्टी में मिलाया है। शोध प्रतिशोध का खेल नहीं यह न्याय का नया स्वरूप है। पाकिस्तान के रहीम यार खान एयर बेस को हमारी सेना ने तबाह कर दिया है। पाकिस्तान से बातचीत केवल आतंकवाद के खात्मे और पीओके वापस लेने पर होगी। उन्होंने कहा कि हम एटम बम की गीदड़ भभकियों से डरनेवाले नहीं हैं। मां भारती का सेवक मोदी सीना तानकर खड़ा है। मोदी का दिमाग ठंडा है लेकिन लहू गर्म हो रहा है। मोदी की रगों में बह रहे लहू में सिंदूर गर्म हो रहा है। विदेशों में पाकिस्तान का असली चेहरा दिखाने के लिए सभी राजनीतिक दलों के सांसदो के सात प्रतिनिधि मंडल जा रहे हैं। कार्यक्रम में श्री मोदी के भाषण से पहले राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के भाषण में भी राजस्थान सरकार की उपलब्धियों के साथ ही आतंकी हमला और जवाब में आपरेशन सिंदूर के बहाने श्री मोदी का महिमामंडन ही छाया रहा। कार्यक्रम में मौजूद रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रधानमंत्री श्री मोदी के 11 वर्षों के शासन में रेलवे के मूल भूत ढांचे के विकास पर प्रकाश डाला और बताया कि पिछले 11 वर्षों में 34 हजार किमी नई रेल पटरियां बिछी हैं। उन्होंने कहा कि मोदी जी जो कहते हैं, वह करते भी हैं। परियोजनाओं की नीव भी मोदी जी रखते हैं और उनका उद्घाटन–लोकार्पण भी मोदी जी ही करते हैं। इस अवसर पर श्री मोदी ने देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 11 वर्षों में रेलवे के आधुनिक बुनियादी ढांचे के विकास पर अभूतपूर्व काम हुआ है। पहले के मुकाबले इस काम पर छह गुना खर्च हो रहा है। वह हवाई अड्डों की तरह ही देश के रेलवे स्टेशनों को भी अत्याधुनिक सुविधाओं से सज्जित कर ट्रेनों के नेटवर्क का भी आधुनिकीकरण करने में लगे हैं। 70 रेल मार्गों पर वंदे भारत एक्सप्रेस गाड़ियां चल रही हैं। 1300 से अधिक रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास पर काम चल रहा है। इन्हें अमृत स्टेशन का नाम दिया है। उन्होंने कहा कि विकास के साथ इन स्टेशनों पर विरासत के भी दर्शन होंगे। कुछेक पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों के नाम गिनाते हुए उन्होंने उनके धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व को भी बताया। नासिक में उपनगरीय देवलाली स्टेशन को पुनर्विकसित करने के पीछे भी एक बड़ा कारण पास में ही विनायक दामोदर सावरकर का जन्मस्थान भगुर गांव है जो देवलाली से 3 किमी दूर है। मोदी सरकार और संघ परिवार सावरकर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बरक्श खड़ा करने की है। स्टेशन पर उनका एक बड़ा होर्डिंग लगा है। नासिक रेलवे स्टेशन से चार किमी दूर देवलाली स्टेशन मुख्य रूप से आर्मी कैंट से जुड़ा है। यहां सिर्फ दो–तीन रेल गाड़ियां रुकती हैं। तकरीबन 10.44 करोड़ रु. की लागत से इसका पुनर्विकास किया गया है।

रेलवे के सूत्रों के अनुसार देश जिन 103 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का आज प्रधानमंत्री श्री मोदी ने वर्चुअल लोकार्पण किया, उन सभी स्टेशनों पर रेलवे ने लोकार्पण समारोह का आयोजन किया जिसमें श्री मोदी के भाषण का सीधा प्रसारण हुआ।

देशबन्धु

बिलासपुर, शुक्रवार 23 मई 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# नक्सलवाद के खिलाफ बड़ी सफलता

21 मई का दिन छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ छेड़े गए अभियान में काफी खास बन गया है। सुरक्षा बलों ने एक सुनियोजित अभियान चलाकर 27 नक्सलियों को मार गिराया है। मरने वालों में ईनामी नक्सली सीपीआईएम महासचिव नंबाला केशव राव उर्फ़ बसवराजू का नाम भी शामिल है। बसवराजू का नाम कई बड़ी हिंसक घटनाओं से जुड़ा रहा है। 2010 में दंतेवाड़ा 76 सीआरपीएफ जवानों की मौत, 2013 का झीरम घाटी हमला, जिसमें कांग्रेस की पहली पंक्ति के तमाम नेता मारे गए थे, 2019 का गढ़ चिरौली हमला जिसमें 15 क्यूआरटी जवान मारे गए थे, ऐसी कई और घटनाओं की योजना बसवराजू ने ही बनाई थी, ऐसा दावा है। कई छद्म नामों से भूमिगत रहते हुए नक्सल कार्रवाइयों को अंजाम देने वाले बसवराजू ने बीटेक की पढ़ाई की थी, लेकिन कॉलेज में रहते हुए ही उग्र वामपंथी विचारधारा से प्रभावित होकर नंबाला केशव राव ने अपनी राह अलग बना ली। बसवराजू को मारना सुरक्षा बलों की बड़ी सफलता बताई जा रही है, क्योंकि इसके बाद नक्सल संगठन कमजोर पड़ेगा यह दावा सरकार और पुलिस प्रशासन का है।

बुधवार को नक्सल आंदोलन के खिलाफ इस बड़ी सफलता पर भाजपा की राज्य और केंद्र सरकार दोनों अपनी पीठ थपथपा रहे हैं। इसे डबल इंजन सरकार की बड़ी उपलब्धि के तौर पर पेश किया जा रहा है। वैसे भी अमित शाह ने 2019 में ही नक्सलवाद को खत्म करने का लक्ष्य रखा था। अब सरकार मार्च 2026 तक नक्सलवाद को पूरी तरह से खत्म करने की योजना बना रही है। छत्तीसगढ़ में मिली हालिया सफलता पर अमित शाह ने ट्वीट किया कि , 'नक्सलवाद के खिलाफ़ भारत की लड़ाई के तीन दशकों में ऐसा पहली बार है कि हमारे बलों ने एक महासचिव स्तर के नेता को मारा है. मैं इस बड़ी सफलता के लिए हमारे बहादुर सुरक्षा बलों और एजेंसियों की सराहना करता हूं।' अमित शाह ने यह भी बताया कि ऑपरेशन 'ब्लैक फॉरेस्ट' के पूरा होने के बाद, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और महाराष्ट्र में 54 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है और 84 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। वहीं सत्तारूढ़ भाजपा भी काफी गदगद है। कांग्रेस ने भी इस सफल अभियान के लिए खुशी जाहिर की है, मगर इस कामयाबी पर अपना हिस्से का दावा भी ठोंक दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि मैं इस बड़ी सफलता के लिए सभी जवानों को बधाई देता हूं.. जब हम सरकार में थे तब 600 गांवों को नक्सल मुक्त बनाया गया था। हमने लोगों में विश्वास पैदा किया और उन्हें भूमि अधिकार दिए, उनके कर्ज़ माफ़ किए और यहां तक कि उन्हें उनकी ज़मीनें भी वापस दिलाई। अभी जो ऑपरेशन चल रहे हैं, वे बचे हुए इलाक़ों में हैं।'

जाहिर है इतनी बड़ी सफलता पर श्रेय लेने की होड़ तो रहेगी ही, क्योंकि अविभाजित मध्यप्रदेश के जमाने से छत्तीसगढ़ नक्सलवाद के चंगुल में रहा। भाजपा और कांग्रेस दोनों की सरकारें दोनों राज्यों में रहीं, दोनों दलों की सरकारों ने अपने-अपने शासनकाल में नक्सलवाद के खिलाफ अभियान चलाए और दोनों पर ही नक्सलियों के खात्मे की आड़ में मासूमों को निशाने पर लेने के आरोप भी लगे। अब भाजपा का पलड़ा केंद्र सरकार के सहयोग की वजह से अधिक भारी हो गया है, क्योंकि केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार पूरे समन्वय से काम कर रही हैं। ऐसे में यह तथ्य अपने आप उभरता है कि नक्सलवाद जैसी गंभीर समस्या को हल करने में राजनैतिक स्वार्थ आड़े आ जाते हैं।

बहरहाल, ऑपरेशन ब्लैक फारेस्ट के बाद अब दावा किया जा रहा है कि तिरुपति से पशुपति तक फैला लाल गलियारा अब बंद होने की कगार पर है। माओवाद की कमर टूट चुकी है। माओवादी अब वार्ता करना चाहते हैं, लेकिन सरकार उन्हें हथियार रखने पर मजबूर कर चुकी है, लिहाजा वे बेबस हैं। बसवराजू के बाद माओवादियों के पास अब कोई बड़ा नेतृत्व नहीं बचा जो युद्ध की रणनीतियां बनाएं और बड़े अभियानों को लागू करवाए। ऐसे तमाम दावों से तस्वीर यही बन रही है कि नक्सलवाद अब खत्म होने को ही है और केन्द्रीय गृहमंत्री का जो दावा है कि मार्च 26 तक यह काम पूरा जाएगा, वह भी सही साबित होगा।

इन दावों को करने का यही वक्त भी है, लेकिन इन्हीं के साथ कुछ सवाल भी उठ रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल यही है कि नक्सलियों के बड़े नामों को खत्म करने के बाद भी क्या उन कारणों को खत्म किया जा सका है, जिनसे नक्सल आंदोलन शुरु हुआ था। पाठक जानते हैं कि 60 के दशक के अंतिम बरसों में प.बंगाल में नक्सलबाड़ी गांव से इस आंदोलन की शुरुआत हुई थी क्योंकि पूंजीवाद से निकला शोषण और अन्याय गरीब किसानों और मजदूरों की जिंदगी को अपनी चपेट में ले चुका था। अपने हक के लिए उठाई गई आवाज़ हिंसक कार्रवाइयों में लिप्त हुई और धीरे-धीरे नक्सलवाद का दायरा इतना बढ़ गया कि भारत का एक बड़ा हिस्सा इसकी गिरफ्त में आया। पूर्व प्रधानमंत्री डा.मनमोहन सिंह ने इसे देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा बताया था। उन्होंने भी ऑपरेशन ग्रीन हंट के तहत सभी नक्सल प्रभावित राज्यों की एकीकृत लड़ाई नक्सलवाद के खिलाफ शुरु की थी। वर्ना 2007-08 के पहले बिहार, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश जैसे सारे राज्य अपने-अपने अभियान नक्सलवाद के खिलाफ चलाते थे। इस ऑपरेशन में सुरक्षा बलों ने माओवादियों के गढ़ में घुसना शुरु कर दिया था, तभी से माओवादी बैकफुट पर जा रहे थे। लेकिन बीच-बीच में कुछ बड़ी घटनाओं को अंजाम देकर उन्होंने अपना आतंक बनाए रखने की कोशिश की। इसलिए अभी यह कहना शायद जल्दबाजी होगी कि माओवाद की कमर टूट गई है। क्योंकि जब तक समाज में अन्याय और शोषण के कारण बने रहेंगे, तब तक नक्सलवाद को भी सिर उठाने का बहाना मिलता रहेगा।

नक्सलवादियों ने छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र ऐसे तमाम राज्यों में घने जंगलों में अपने ठिकाने बनाए हैं और इन जंगलों के नीचे अकूत प्राकृतिक संपदा है। इस संपदा पर उद्योगपतियों की गिद्धदृष्टि बनी हुई है, जबकि इन जंगलों में रहने वाले लोग तरह-तरह से शोषित और प्रताड़ित हो रहे हैं। क्या भाजपा सरकार इस बड़ी सफलता के मौके पर यह बात भी दम से कह सकती है कि आदिवासियों के हुकूक और प्राकृतिक संपदा पूरी तरह सुरक्षित रहेंगे। ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट में नक्सलियों के पास से बड़ी संख्या में अत्याधुनिक हथियार, कई महीनों का राशन और कई अन्य संसाधन भी बरामद हुए हैं। इतना सब उनके पास घने जंगल के भीतर कैसे पहुंचा, क्या सरकार के पास इसका जवाब है। इतनी बड़ी कामयाबी को भुनाने के मौके भाजपा के पास बने रहेंगे, पहले उसकी कोशिश यही होनी चाहिए कि नक्सलवाद पनपने के कारण खत्म करे।

# अजब-गजब कहानियों के ज़रिए जारी है ताजपोशी

अध्यात्म और भारतीय पौराणिक ग्रंथों के विवेचनाकार देवदत्त पटनायक एक जगह लिखते हैं कि प्राचीन काल से ही गाथाओं के माध्यम से सत्ता की स्थापना होती आई है। राजा में देवत्व का अंश बताया जाता था। यूं तो राजा अक्सर वंश विशेष से ही चुने जाते थे लेकिन जब ऐसा भी नहीं हो पाता था तब जो भी चुना जाता था, उसे लेकर यही साबित किया जाता था कि उस पर देवताओं की असीम कृपा है। वह परम प्रतापी और विलक्षण है। तब ऐसा कौन कर पाता था और किसे यह जिम्मेदारी दी जाती थी? कौन यह स्थापित करता था कि इस पर देवताओं की कृपा है और यह आम से बहुत अलग और विशेष है? क्योंकि ऐसा न होने पर प्रजा का उस पर विश्वास होना संभव नहीं होता था जिससे राजकाज में बाधा आती थी। इसके लिए प्राचीन भारत के वैदिक काल में दूसरों पर राज करने के इच्छुक महत्वाकांक्षी क्षत्रप ब्राह्मणों द्वारा अनुष्ठान करवाते थे और इन अनुष्ठानों के सफ़लतापूर्वक पूरे होने का तात्पर्य यह था कि देवता उस क्षत्रप के साथ हैं। अग्निष्टोम,अग्निचयन,अश्वमेध यानी वाजपेयी और हिरण्यगर्भ यजुर्वेद और ब्राह्मण साहित्य में अनुष्ठान का ब्यौरा मिलता है। फिर भी केवल इतना पर्याप्त नहीं था। बाद के दौर में ब्राह्मण कथाकार बन गए और उन्होंने राजा के राजत्व की पुष्टि करने के लिए कथाएं बताईं जिनसे साबित हो जाता था कि राजाओं का उद्गम अलौकिक है।

वैसे यहां यह बताने की ज़रूरत नहीं है कि आधुनिक भारत में किसने खुद को अलौकिक और नॉन बायोजिकल बताने की कोशिश की। आज का मुख्यधारा का मीडिया कहानियां सुनाने की भूमिका में है। बस, किसी तरह देवत्व स्थापित हो जाए। येन-केन बस वह यही स्थापित करने में लगा रहता है कि यह सत्ता दूध से धुली हुई है और इसका जयकारा नहीं लगाया तो अनर्थ हो जाएगा, राज्य कष्टों से घिर जाएगा। हम सब जानते हैं कि निकट अतीत में किन-किन रूपों को स्थापित करने के प्रयास समय-समय पर हुए। तब के संजय (महाभारत युग में युद्ध का सीधा हाल सुनाने वाले) ने तो धृतराष्ट्र को युद्ध का सीधा हाल ही जस का तस सुनाया था, आज का दौर तो उन्माद पैदा कर 'ज़ोम्बी जनरेशन' बना रहा है। वो ज़ोम्बी जो मुर्दा होकर भी अपनी जानलेवा हरकतों से किसी को भी नुकसान पहुंचा सकते हैं। अभी हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय मुख्यधारा के मीडिया की जो भूमिका रही, उस पर पूरी दुनिया में बहस -बातचीत हो रही है कि आख़िर इस उत्तेजना की ज़रूरत क्या थी, जिसने शौर्य और वीरता के असली पराक्रम को जनता तक नहीं पहुंचने दिया। युद्ध जिसका दूसरा नाम केवल ज़िन्दगियों का ख़ात्मा है, उसकी इतने उन्मादी ढंग से वकालत क्यों की जा रही है? वह भी सदियों से शांति का संदेश देने वाली भारत भूमि से। राम, महावीर, बुद्ध, नानक और कबीर की धरा से ऐसे विध्वंस के संदेश क्यों? क्या केवल सत्ता को स्थापित और खुश करने के लिए? फिर जो मीडिया की भूमिका इतनी ही छोटी, सीमित और अविश्वसनीय हो गई है तब उस पर वह भरोसा भी क्यों किया जाए? सत्ता तो चाहती है कि जनता पहले मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह के सांप्रदायिक, स्त्री विरोधी और अश्लील बयान को सुने, फिर समाजवादी पार्टी के रामगोपाल यादव के जातिसूचक बयानों को और फिर अली खान महमूदाबाद की फेसबुक पोस्ट में ऐसी उलझे कि सवाल-जवाब का स्तर बस गिरता ही चला जाए।



वर्षा भम्भाणी मिर्जा

> मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह पर भी मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के संज्ञान लेने के बाद एफआईआर दर्ज़ की गई लेकिन न कोई गिरफ्तारी हुई और न ही इस्तीफ़ा। कर्नल सोफ़िया कुरैशी को 'आतंकवादी की बहन' बताने पर पार्टी और सरकार की चुप्पी बताती है कि उसे मंत्रियों को हर बयान पर संरक्षण देना है और शिक्षाविदों को डराना। मासूम हैं वे बहस करने वाले जो सत्ता के इस व्यवहार को हिन्दू-मुस्लिम का फर्क बता रहे हैं।

अली खान हरियाणा में स्थित अशोका यूनिवर्सिटी में राजनीति विज्ञान के प्रोफेसर और हेड हैं। वे अपने विषय के स्कॉलर माने जाते हैं। उनकी राय सुनी जाती है। कैंब्रिज और दमस्कस यूनिवर्सिटी से उनकी पढ़ाई हुई है और वे उस अशोका यूनिवर्सिटी में पढ़ाते हैं जिसकी बुनियाद लिबरल एजुकेशन की रही है। जब वह प्रोफ़ेसर अपनी बात कहता है तब बजाय उसे समझने के राज्य सरकार उसे तुरंत जेल में डाल देती है, पूछताछ के लिए रिमांड पर ले लेती है । कल्पना कीजिये कि आप रात में अपनी कोई बात लिखकर सोए हों और अगले दिन पुलिस फ़ोर्स इस तरह आपको गिरफ़्तार करने घर में दाख़िल हो जैसे आप कोई आतंकवादी हों। गर्भवती पत्नी की फ़रियाद का भी कोई असर नहीं होता। तब क्या हम देश में लिखने-बोलने की आज़ादी को ख़त्म कर केवल दमन का शासन स्थापित कर रहे हैं? यही तो लिखा था प्रो. अली ने कि 'अनेक दक्षिणपंथी टिप्पणीकार कर्नल सोफ़िया कुरैशी की प्रशंसा कर रहे हैं, यह ख़ुशी की बात है लेकिन ये लोग अगर इसी तरह ऐसे लोगों के लिए भी आवाजें उठाएं जो मॉब लिंचिंग, गैर-कानूनी बुलडोज़र और सत्तादल की शह पर चलाए गए साम्प्रदायिक नफ़रत के शिकार हुए हैं, वे सरकार से मांग करें कि इन्हें भारतीय नागरिक के तौर पर सुरक्षा दी जाए तो देश आगे बढ़ेगा। दो महिला सैनिकों के ज़रिए जानकारी देने का नज़रिया बेहतरीन है लेकिन इस नज़रिये को हक़ीक़त में बदलना चाहिए नहीं तो यह केवल सरकार का दिखावा या पाखंड माना जाएगा।' सुप्रीम कोर्ट से अली को ज़मानत मिल गई है लेकिन उन्हें पासपोर्ट जमा करने के लिए कहा गया है और हिदायत दी गई है कि जांच तक आप इस मामले में कुछ नहीं लिखेंगे और मीडिया से भी बात नहीं करेंगे। न्यायालय को पोस्ट लिखने का समय भी सही नहीं लगा। अब सरकार शायद इसे अपने हिसाब से देखेगी। इससे उसकी समय, भावना और अभिव्यक्ति पर नियंत्रण की सोच को बल मिलेगा। लोकतंत्र पर नए पहरे होंगे। बेशक ज़मानत बड़ी राहत है।

मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह पर भी मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के संज्ञान लेने के बाद एफआईआर दर्ज़ की गई लेकिन न कोई गिरफ़्तारी हुई और न ही इस्तीफ़ा। कर्नल सोफ़िया कुरैशी को 'आतंकवादी की बहन' बताने पर पार्टी और सरकार की चुप्पी बताती है कि उसे मंत्रियों को हर बयान पर संरक्षण देना है और शिक्षाविदों को डराना। मासूम हैं वे बहस करने वाले जो सत्ता के इस व्यवहार को हिन्दू-मुस्लिम का फर्क बता रहे हैं। वे कह रहे हैं कि ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि उनके नाम में अली है और उनका नाम विजय है। यह गिरफ़्तारी इस आधार पर नहीं बल्कि सत्ता को आईना दिखाने वालों को सबक सिखाने के लिए है। यह बताने के लिए कि, 'सावधान, ऐसा लिखोगे तो कुचले जाओगे'। नाम का ध्यान तो केवल इसलिए रखा जाता है कि इससे मुद्दा बनता है, चीखने वाली बहस बनती है। आप बहस करना बंद कर दीजिए, मुद्दा ख़ुद अपनी मौत मर जाएगा लेकिन इसमें किसकी दिलचस्पी है? जिस मीडिया को ऑपरेरशन सिंदूर के दौरान ही कम लोगों ने देखा, उसे ज़िंदा रखने के लिए ऐसे ही मसलों की तलाश रहती है। अगर आप 'विजय बनाम अली' करते रहेंगे तभी तो कहानियां बनती रहेंगी और प्राचीन काल की तरह गाथाओं के माध्यम से सत्ता भी निर्बाध चलती रहेगी। बेशक सुप्रीम कोर्ट ने जहां प्रोफ़ेसर अली को ज़मानत दी, मंत्री विजय की नामंज़ूर कर दी।

सत्ता को स्थापित करने के लिए अजब -गजब कहानियों का यह दौर आधुनिक और नए भारत में नहीं चलना चाहिए। देवदत्त पटनायक के अनुसार, पश्चिम भारत की एक कहानी में ऋषियों की मुलाक़ात ऐसे पुरुष से हुई थी जो नाग के फन के नीचे सोए रहकर धूप से बचते थे या फिर कुछ शेर से दो-दो हाथ कर लेते थे। गुजरात के चावड़ा राजवंश के अनुसार एक राजकुमार इसलिए अलौकिक बताए गए क्योंकि वह झूले में पड़े रहते थे और धूप उन्हें स्पर्श भी नहीं कर पाती थी जबकि ऐसा पेड़ की छाया के स्थिर रहने के कारण होता था। आज ऐसी हर कहानी के जवाब विज्ञान के पास हैं। आज़ाद भारत में सब नागरिक बराबर और समान हैं। सब में देवत्व है क्योंकि सबके जन्म लेने की प्रक्रिया भी एक है। हां, प्रशिक्षण और अभ्यास ज़रूर किसी को भी खास बना सकता है।

**( लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं )**

# डोनाल्ड ट्रम्प ने यूक्रेन युद्ध शांति वार्ता की जिम्मेदारी पोप पर डाली

■ **टी एन अशोक**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यूक्रेन और रूस के साथ चल रहे संघर्ष को समाप्त करने के लिए अपने शांति प्रयासों को लगभग बंद कर दिया है, क्योंकि सोमवार को तथाकथित दोस्त रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ उनकी दो घंटे की बातचीत नो एंट्री ज़ोन में समाप्त हो गयी। वेटिकन अब रूसी और यूक्रेनी नेताओं के बीच शांति वार्ता की मेजबानी करने के लिए दृश्य में प्रवेश कर गया है।

कोई नहीं जानता कि राष्ट्रपति ट्रम्प ने शिकागो में जन्मे पोप लियो-14 से मदद मांगी या नहीं, ताकि वे उन्हें बचा सकें और वार्ता की मेजबानी कर सकें, ताकि दोनों नेता उनकी बात सुन सकें। लेकिन वीपी जेडी वांस ने वास्तव में शिकागो के नये पोप लियो-14 से मुलाकात की और यूक्रेन सहित वैश्विक स्थिति के बारे में बताया।

ट्रम्प ने यूक्रेन में युद्ध के 'रक्तपात' को रोकने के प्रयास में सोमवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की और अन्य नेताओं से अलग-अलग कॉल में बात की। लेकिन राष्ट्रपति की शांति पहल अनिर्णायक रही, जिससे वे निराश हो गये। ट्रम्प ने अपने सोशल नेटवर्क ट्रूथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा कि- रूस और यूक्रेन अब 'तुरंत' युद्ध विराम पर सीधी बातचीत करेंगे।

> बहुप्रतीक्षित ट्रंप-पुतिन कॉल से पहले, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और इटली के नेताओं ने कहा कि उन्होंने रविवार को ट्रंप से बात की। ब्रिटिश सरकार ने एक बयान में कहा कि वह 'पुतिन से शांति वार्ता को गंभीरता से लेने का आग्रह कर रही है।' बयान में कहा गया है कि उन नेताओं ने 'रूस द्वारा युद्धविराम और शांति वार्ता में गंभीरता से शामिल न होने पर प्रतिबंधों के इस्तेमाल पर भी चर्चा की'-

हालांकि, यह स्पष्ट नहीं था कि ये वार्ता किस रूप में होगी या कब होगी। ट्रम्प ने कहा कि वेटिकन ने वार्ता की मेजबानी करने में रुचि व्यक्त की है। उन्होंने कहा, 'इसके लिए शर्तें दोनों पक्षों के बीच बातचीत से तय होंगी, क्योंकि ऐसा केवल इसलिए हो सकता है, क्योंकि वे वार्ता के विवरण जानते हैं, जिसके बारे में किसी और को पता नहीं होगा।' पुतिन के साथ ट्रम्प की कॉल दो घंटे से अधिक समय तक चली और 'बहुत जानकारीपूर्ण और बहुत खुली थी,' पुतिन ने रूसी राज्य मीडिया को बताया।

ट्रम्प ने ज़ेलेंस्की के साथ अपनी बातचीत के बारे में बहुत कम कहा, जिनसे उन्होंने सबसे पहले बात की, सिवा इसके कि उन्होंने ज़ेलेंस्की और अन्य नाटो देशों के नेताओं को वार्ता के बारे में सूचित कर दिया था। व्हाइट हाउस के अधिकारियों ने कोई और जानकारी देने से इनकार कर दिया। ज़ेलेंस्की के अनुसार, ट्रंप ने सोमवार को ज़ेलेंस्की से दो बार बात की, एक बार आमने-सामने, पुतिन के साथ ट्रंप की कॉल से पहले, और फिर यूक्रेनी और नाटो नेताओं के साथ एक कॉन्फ्रेंस कॉल के दौरान।

ज़ेलेंस्की ने ट्वीट किया, 'मैंने राष्ट्रपति ट्रंप से फिर से कहा कि-यूक्रेन पूर्ण और बिना शर्त युद्धविराम के लिए तैयार है।' उन्होंने लिखा, 'अगर रूसी हत्याओं को रोकने के लिए तैयार नहीं हैं, तो उन पर कड़े प्रतिबंध लगाये जाने चाहिए।' 'रूस पर दबाव उसे वास्तविक शांति की ओर ले जाएगा - यह दुनिया भर में सभी के लिए स्पष्ट है,' रोम में एनबीसी न्यूज के साथ सोमवार को एक साक्षात्कार में, जहां पोप लियो-14 ने उनका स्वागत किया, उपराष्ट्रपति जेडी वांस ने कहा, यह जोड़ते हुए कि 'हमने पोप के साथ राष्ट्रपति की प्रमुख शांति पहलों के बारे में बात की। हमने इस बारे में बहुत बात की कि इज़राइल और गाजा में क्या चल रहा है। हमने रूस-यूक्रेन की स्थिति के बारे में बहुत बात की। भविष्य की भविष्यवाणी करना कठिन है, लेकिन मुझे लगता है कि, न केवल पोप, बल्कि पूरे वेटिकन ने, आप जानते हैं, वास्तव में मददगार होने की इच्छा व्यक्त की है, और उम्मीद है कि एक शांति समझौते को सुविधाजनक बनाने के लिए मिलकर काम करना है। भविष्य की भविष्यवाणी नहीं की जा सकती, लेकिन यह बहुत सार्थक था, और मुझे उम्मीद है कि देश के लिए इसका फल मिलेगा।'

इस बीच, पुतिन के प्रवक्ता दिमित्रीपेसकोव ने कॉल से पहले कहा कि रूस 'अमेरिका को बहुत महत्व देता है' और 'अमेरिकी पक्ष का आभारी है।' पत्रकारों के साथ एक ब्रीफिंग में, उन्होंने कहा कि यदि अमेरिका 'शांतिपूर्ण तरीकों से हमारे लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद कर सकता है, तो यह वास्तव में बेहतर है।' पेसकोव से ट्रंप और पुतिन की व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की संभावना के बारे में भी पूछा गया, जिसकी संभावना अमेरिकी राष्ट्रपति ने शुक्रवार को जताई थी। पेसकोव ने कहा, 'यह काफी हद तक इस बात पर निर्भर करेगा कि वे खुद क्या फैसला करते हैं।' उन्होंने कहा कि तारीखों और अन्य विवरणों के संदर्भ में दोनों नेताओं द्वारा बैठक पर 'काम करने की जरूरत है'।

बहुप्रतीक्षित ट्रंप-पुतिन कॉल से पहले, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और इटली के नेताओं ने कहा कि उन्होंने रविवार को ट्रंप से बात की। ब्रिटिश सरकार ने एक बयान में कहा कि वह 'पुतिन से शांति वार्ता को गंभीरता से लेने का आग्रह कर रही है।' बयान में कहा गया है कि उन नेताओं ने 'रूस द्वारा युद्धविराम और शांति वार्ता में गंभीरता से शामिल न होने पर प्रतिबंधों के इस्तेमाल पर भी चर्चा की'- कुछ ऐसा जिसकी ट्रंप पहले भी धमकी दे चुके हैं। फरवरी 2022 में शुरू होने के बाद से यूक्रेन पर रूसी आक्रमण को समाप्त करने के लिए कई दौर की शांति वार्ताएं हो चुकी हैं। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन सभी कब्जे वाली भूमि को रूसी के रूप में मान्यता देने, रूस को वे सभी क्षेत्र दिये जाने की मांग कर रहे हैं जिन पर उसका दावा है लेकिन उसका पूर्ण नियंत्रण नहीं है। फिर यह गारंटी भी कि यूक्रेन कभी भी नाटो में शामिल नहीं होगा, और वह रूस के खिलाफ प्रतिबंधों को हटाना चाहते हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की रूसी सैनिकों की पूरी तरह वापसी, कैदियों और अपहृत यूक्रेनी बच्चों की वापसी, युद्ध अपराधों के लिए रूसी नेताओं पर मुकदमा चलाने और आगे रूसी आक्रमण को रोकने के लिए सुरक्षा गारंटी की मांग कर रहे हैं।

रूसी और यूक्रेनी अधिकारियों के बीच पहली बैठक आक्रमण शुरू होने के चार दिन बाद, 28 फरवरी 2022 को बेलारूस में हुई और बिना किसी नतीजे के समाप्त हुई। बाद में वार्ता के दौर हुए- मार्च 2022 में बेलारूस-यूक्रेन सीमा पर और तुर्की के अंताल्या में। तुर्की में बातचीत से एक समझौता हुआ जिसके अनुसार यूक्रेन नाटो में शामिल होने की योजना को छोड़ देगा और अपनी सेना पर सीमाएं लगायेगा, जबकि पश्चिमी देशों से सुरक्षा गारंटी होगी और रूस द्वारा क्रीमिया पर कब्ज़ा करने को मान्यता देने की आवश्यकता नहीं होगी। मसौदा संधि पर लगभग सहमति बन गयी थी, लेकिन सुरक्षा गारंटी और बुचा नरसंहार पर असहमति ने अंततः वार्ता की सफलता को रोक दिया।

डोनाल्ड ट्रम्प के संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति बनने के बाद 2025 में नये सिरे से बातचीत शुरू हुई। ट्रम्प ने इस साल 12 फरवरी को पुतिन के साथ फ़ोन पर बात की और उसके तुरंत बाद अमेरिकी अधिकारियों ने ज़ेलेंस्की से मुलाक़ात की। सऊदी अरब शांति वार्ता के लिए प्राथमिक मेज़बान देश के रूप में उभरा। अमेरिका-रूस शिखर सम्मेलन के बाद, ट्रम्प और ज़ेलेंस्की के बीच संबंध खराब हो गये, जिसकी परिणति 28 फ़रवरी को दोनों के बीच हुई बैठक में हुई जिसमें अमेरिकी अधिकारियों ने यूक्रेनियों को बीच में ही चले जाने के लिए कहा और एक नियोजित यूक्रेन-अमेरिका खनिज राजस्व सौदे को छोड़ दिया। बैठक के बाद, ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर और फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रोन ने यूक्रेन में सैनिकों के साथ 'इच्छुक गठबंधन' द्वारा संरक्षित युद्ध विराम की योजना बनायी। मार्च से रूस और यूक्रेन दोनों द्वारा कभी-कभी कुछ सीमित युद्ध विराम पर सहमति होती रही है।



## ललित सुरजन की कलम से

### लाहौर: गुलाबी पगड़ी, शाकाहारी दावत

*'लाहौर मुलाकात आकस्मिक नहीं थी इसका एक अनुमान उस गुलाबी पगड़ी से होता है, जो प्रधानमंत्री नवाज़ शरीफ ने अपनी नातिन की शादी में अगले दिन पहनी। खबर है कि यह पगड़ी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें भेंट की है। यह भेंट उन्होंने कब दी होगी? अगर श्री शरीफ के विगत वर्ष श्री मोदी के शपथ ग्रहण में आने पर उन्हें उपहारस्वरूप दी गई हो तब तो बात वहीं समाप्त हो जाती है। यह कयास भी लगाया जा सकता है कि मोदीजी ने विदेश मंत्री सुषमा स्वराज के हाथों इसे भेजा हो, जब वे पिछले माह पाक विदेश मंत्री से मिलने इस्लामाबाद जा रही थीं और तब शरीफ साहब के घर जा उनके पूरे परिवार से मिलकर आईं। उस समय उन्होंने श्री शरीफ की बेटी से यह भी कहा था कि अपनी दादी को बता देना कि मैंने उनसे जो वायदा किया था उसे पूरा करने की कोशिश करूंगी। पाकिस्तान के प्रतिष्ठित अखबार डॉन के स्तंभकार शोएब दानियल ने पूछा है कि यह वायदा क्या था?'*

**( देशबन्धु में 31 दिसंबर 2015 को प्रकाशित )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2015/12/

## पावन प्रसंग

### अपने अंत:करण को टटोलें

असत्य और अनाचार के सामाजिक एवं शासकीय दंड से बचा जा सकता है। चतुरता के ऐसे अनेक तरीके निकाल लिए जाते हैं; जिनसे अपराधी- दुराचरण करने वाले का पता ही न चले। पता चल भी जाए तो पुलिस, कानून, अदालत को बहका देने और बच निकलने के भी हजार रास्ते बना लिए जाते हैं।

अपराधियों में से दस प्रतिशत भी नहीं पकड़े जाते, जो पकड़े जाते हैं, उनमें से दस प्रतिशत भी समुचित दंड नहीं भुगतते। जिन्हें दंड मिलता है, वे और भी अधिक ढीठ, निर्लज्ज बनकर पूरी निर्भयता, निश्चिंतता के साथ वैसे ही कुकर्म करते हैं। ऐसा अंधेर चल पड़ने पर भी किसी को यह नहीं मान बैठना चाहिए कि पाप के दंड से पूर्णतया बचाव हो गया। भगवान के घर एक दिन जाना ही होगा और वहां न्याय की तुला पर तौला ही जाएगा। वहां चतुरता काम नहीं आती और कुकर्मी को कराहते हुए अपने कुकृत्यों का फल भोगना ही पड़ता है।

कुकृत्यों का लेखा-जोखा हमारा अचेतन

मस्तिष्क भी नोट करता रहता है। वहाँ ऐसी स्वसंचालित प्रक्रिया स्थापित है, जो उन पाप-अंकनों के आधार पर दु:ख-दंड की व्यवस्था यथावत बनाती रहती है। शारीरिक और मानसिक रोगों के रूप में, स्वभाव की विकृति के कारण जिसका मन शुद्ध है, उसका स्वजनों से मनोमालिन्य के रूप में, अपने ही मनोविकारों से उत्पन्न विक्षेपों के रूप में अंत: संस्थान बेतरह खिन्न-उद्विग्न रहता है। बाहर के लोगों को प्रतीत भले ही न हो, पर वह स्वयं अशांत और बेचैन ही बना रहता है। नींद न आने से लेकर घबराहट भरी मन:स्थिति किसी नारकीय दंड से कम नहीं। जेलखानों में भी उतना शारीरिक कष्ट नहीं होता, जितना मानसिक विक्षोभ से होता है परंतु अपराधी प्रवृत्तियां अपने ही अचेतन मन के माध्यम से शारीरिक और मानसिक व्याधियों से घेर देती हैं और कुकर्मी उस स्वसंचालित विधि-विधान के आधार पर स्वयं ही दंड का भागी बनता रहता है। क्रोध, आवेश, चिंता, भय, हर्षातिरेक, कामोत्तेजना आदि के अवसर पर नाड़ी संस्थान उत्तेजित हो उठता है, रक्तचाप बढ़ जाता है। श्वास की गति तीव्र हो जाती है। त्वचा की उष्णता में बढ़ोत्तरी होती है यह सर्वविदित है।

ठीक इससे मिलता-जुलता एक अदृश्य आवेश उस समय होता है; जब मनुष्य छिपाने का, ठगने का, झूठ बोलने व छल करने का प्रयत्न करता है। जानकारी को- मन:स्थिति को यथावत प्रकट कर देने की प्रक्रिया सरल और सुगम है। उसमें किसी प्रकार का अतिरिक्त तनाव उत्पन्न नहीं होता पर छिपाने में अपने सही व्यक्तित्व को दबाना पड़ता है। वास्तविकता को छिपाकर अन्य प्रकार की स्थिति प्रकट करने पर भीतर ही अंत:संघर्ष शुरु हो जाता है। स्वाभाविकता असली रूप में प्रकट होने के लिए प्रस्तुत रहती है। पर छल या दुराव के अवसर पर उस वास्तविकता को पूरी तरह दबाना पड़ता है और एक कल्पित स्थिति गढ़कर प्रकट करनी पड़ती है। इस मनगढ़ंत में बहुत मानसिक शक्ति खर्च होती है। इससे भी ज्यादा दबाव तब पड़ता है, जब अवास्तविकता को वास्तविकता जैसे ढंग से प्रकट करने का हाव-भाव, उच्चारण, कथन इस तरह उतारना पड़ता है कि कथन, अभिनय खरा उतरे।

**- युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

### समरसता से परिष्कृत विकास की अवधारणा

देश की सामाजिक विषमताओं ने समाज में कई समस्याओं को जन्म दिया है एवं आर्थिक प्रगति पर विभिन्न सोपानों में लगाम लगाई है। भारतीय समाज में विषमता एवं विविधता भारत के लिए एक बड़ी समस्या बनकर सामने खड़ी है। स्वतंत्रता के पूर्व तथा स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारतीय समाज में विषमताएं भारत के लिए चुनौती बनकर वर्तमान में कई बाधाएं उत्पन्न कर रही हैं। आज जातिगत संघर्ष बढ़ गए हैं,जातिगत संघर्षों को राजनीतिक महत्वाकांक्षा ने बहुत क्लिष्ट बना दिया है। राजनीति सदैव महत्वाकांक्षा के बल पर जातिगत समीकरण को नए-नए रूप तथा आयाम देती आई है और सदैव समाज में वर्ग विभेद आर्थिक विभेद कर के अपना उल्लू सीधा करना मुख्य ध्येय बन चुका है। उच्च वर्ग तथा निम्न वर्ग सदैव सत्ता के संघर्ष के लिए न सिर्फ एक दूसरे का परस्पर विरोध करते है बल्कि शासन प्रशासन के विरोध में भी सदैव खड़े पाए गए हैं। सत्ता पाने की लालसा में जातीय संघर्ष, नक्सलवाद तेजी से समाज में पनपता जा रहा है। भारतीय परिपेक्ष में आज सिर्फ जाति ही नहीं धार्मिक महत्वाकांक्षा देश के समाज के समक्ष चुनौती बन गया है। भारत में हिंदू-मुस्लिम जाति संघर्ष ऐतिहासिक तौर पर अपनी जड़ें जमा चुका है, वर्तमान में मंदिर और मस्जिद के झगड़े देश में अशांत माहौल पैदा करने का एक बड़ा सबक बन चुके है और यही वर्ग विभेद संघर्ष भारतीय आर्थिक विकास के बीच एक बड़ा अवरोध बनकर खड़ा है। पश्चिमी विद्वान भी कहते हैं कि भारत के राष्ट्र के रूप में विकसित होने में जाति एवं धर्म ही सबसे बड़ी बाधाएं हैं जिन्हें दूर करना सर्वाधिक कठिन कार्य है।

आज भी विभिन्न राज्यों में भाषाई विवाद एक ज्वलंत एवं संवेदनशील मुद्दा बना हुआ है, चाहे वह बंगाल हो, तमिलनाडु हो, आंध्र प्रदेश हो, उड़ीसा और महाराष्ट्र में भी भाषाई विवाद अलग-अलग स्तर पर सतह पर पाए गए हैं। समान सिविल संहिता को लेकर बहुसंख्यक संविधान में आक्रोश है दूसरी तरफ अल्पसंख्यक समुदाय इसलिए डरा हुआ है कि कहीं उसकी अपनी अस्मिता एवं पहचान अस्तित्व हीन न हो जाए? सामाजिक आर्थिक तथा धार्मिक विविधता वाले समाज को विवादों से परे रख आर्थिक विकास की परिकल्पना एक कठिन और दुष्कर अभियान जरूर है पर असंभव नहीं है। विकास की अवधारणा में राष्ट्र की मुख्य धारा में समाज के पिछड़े वर्ग को शामिल कर उन्हें सम्मुख लाना होगा।

आवश्यकता यह है कि हमें राष्ट्रवाद को सर्वोपरि मानकर इस पर अमल करना होगा। फिर चाहे वह सांस्कृतिक राष्ट्रवाद हो या समावेशी राष्ट्रवाद हो। समाज की मुख्यधारा में राष्ट्रवाद को एक प्रमुख अस्त्र बनाकर देश की प्रगति में इसका इस्तेमाल किया जाना चाहिए। भारत में आजादी के 75 वर्ष बाद भी ब्रिटिश हुकूमत की तरह गरीबी, भुखमरी ,बेरोजगारी, नक्सलवाद, आतंकवाद, सांप्रदायिकता, भाषावाद एवं क्षेत्रीय विघटनकारी प्रवृत्तियां सर उठाये घूम रही हैं, हम इन पर अभी तक प्रभावी नियंत्रण नहीं लगा पाए हैं। हमें इन सब विसंगतियों से ऊपर उठकर राष्ट्रीय नागरिकता एवं भारत राष्ट्र की विकास की अवधारणा को राष्ट्रवाद से जोड़कर आर्थिक विकास को एक नया आयाम देना होगा, तब जाकर भारत वैश्विक स्तर पर आर्थिक रूप से मजबूत एवं आत्मनिर्भर बन सकेगा।

**-संजीव ठाकुर**

**उल्टा पुल्टा**

यमराज- मैं तेरी जान लेने आया हूं।
आदमी- ले जाइए पड़ोस में ही 3 घर छोड़कर रहती है।

# अंतिम छोर के व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना, सुशासन तिहार का लक्ष्य-सुशांत शुक्ला

## अंमिदनपुर में आयोजित समाधान शिविर में शामिल हुए बेलतरा विधायक

## हितग्राहियों के लिए सौगातों भरा रहा शिविर

**बिलासपुर**, 22 मई (देशबन्धु)। बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला सुशासन तिहार के तहत बिल्हा ब्लॉक के ग्राम मदनपुर में आयोजित समाधान शिविर में शामिल हुए। समाधान शिविर को संबोधित करते हुए श्री शुक्ला ने कहा कि अंतिम छोर के व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही सुशासन तिहार का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में बहुआयामी विकास के कार्य हो रहे हैं। शासकीय योजनाओं से लोगों के जीवन संवर रहा है। गांव, गरीब और किसानों के बेहतरी के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। शिविर में 13 गांव अकलतरी, भरवीड़ीह, चोरहादेवरी, गढ़वट, खैरीखुर्द, लखराम, मदनपुर, मोहतराई, परसदा, पौंसरा, सरवनदेवरी, सिंघरी और सेमरा के ग्रामीण शामिल हुए। शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री रामकुमार कौशिक, उपाध्यक्ष विक्रम सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि, बिल्हा सीईओ संदीप पोयाम एवं अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। शिविर में 7122 आवेदनों में से 7101 आवेदनों का निराकरण कर लिया गया है।

विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय लोगों की बेहतरी के लिए लगातार काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री की सभी गारंटियां राज्य में पूरी हो रही है। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर जनता को समर्पित है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लोगों की समस्याओं का समाधान तत्परता से किया जाए। ग्रामीणों को बार-बार दफ्तरों के चक्कर न लगाना पड़े इसका विशेष ध्यान रखें।

शिविर में हितग्राहियों को राशन कार्ड, श्रम विभाग द्वारा श्रम कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना की चाबी, राजस्व विभाग द्वारा किसान किताब, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जॉब कार्ड, सहित अन्य सामग्री का वितरण किया गया। विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी गई। ग्रामीणों ने शिविर में बड़ी संख्या में बीपी, शुगर की जांच कराई। स्वास्थ्य एवं आयुर्वेद विभाग द्वारा दवाईयों का वितरण किया गया। ग्रामीणों ने समाधान शिविर की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों से मौके पर ही हमारी समस्याओं का समाधान हो जाता है। कार्यक्रम का संचालन श्री वासुदेव पाण्डेय ने किया।




## श्रीमती मंटोरा और पुसईया बाई को मिली खुशियों की चाबी, दीवारों की नहीं सपनों के पूरे होने की दिखी मुस्कान

मदनपुर समाधान शिविर श्रीमती मंटोरा और पुसईया बाई के लिए खुशियों का पिटारा साबित हुआ। सिंगरी गांव निवासी श्रीमती मंटोरा और पुसईया बताती हैं कि वे प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आवास की चाबी पाकर बहुत खुश हैं। वे बताती है कि पहले उनका घर मिट्टी और छप्पर युक्त था जिसके कारण उनके छप्परों पर बंदर उत्पात करते थे। हर साल उन्हें छप्पर की मरम्मत के लिए बहुत खर्च करने पड़ते थे। बरसात आते ही उन्हें छप्पर से पानी टपकने की समस्याओं से जूझना पड़ता था कई बार तो




रातें जग कर काटनी पड़ती थीं। मिट्टी के घर में हर दिन एक नई समस्या मुंह बाए खड़ी रहती थी। उन्होंने कहा कि उनके टूटे सपनों को सरकार ने सहारा दिया है। पहले सिर पर पक्की छत नहीं थी, अब एक घर है जिसमें सम्मान और सुरक्षा दोनों है।

## संपादकीय

### ईमानदारी से दें परीक्षा

*रेलवे भर्ती बोर्ड द्वारा कुछ माह पहले ली गई विभिन्न पदों की परीक्षाओं में टेकनीशियन पद की भी भर्ती थी। यह परीक्षा अलग-अलग केन्द्रों में ली गयी थी। इसमें बैठे विभिन्न प्रत्याशियों के दस्तावेजों का सत्यापन जब मंगलवार को हुआ तो पाया गया कि एक युवक ने, जिसका नाम सुमीत कुमार बतलाया जाता है, फर्जी दस्तावेज नत्थी किये हैं। उसके खिलाफ़ कार्रवाई की जा रही है। यह भी बतलाया जाता है कि उसने विभिन्न केन्द्रों से नियम विरुद्ध जाकर यह परीक्षा दी है।*

*यह एक गम्भीर जुर्म है। सभी को इससे हर लिहाज़ से बचना चाहिये। न तो किसी के नाम पर परीक्षा दी जाये और न ही किसी को अपनी जगह पर परीक्षा देने के लिये मुन्नाभाई बनाकर भेजा जाये। ऐसे ही, जो भी दस्तावेज़ हों, वे प्रामाणिक होने चाहिये। इसमें खुद का कैरियर दांव पर लगता है। नौकरी के दौरान किसी भी स्तर पर फर्ज़ी दस्तावेजों के आधार पर यह खुलासा होने पर न केवल नौकरी जा सकती है वरन आपराधिक मामला भी चलना तय है। छत्तीसगढ़ के ही कुछ शासकीय (केन्द्रीय व राज्य के) उपक्रमों में इस तरह के लोग काम करते हुए पकड़े गये हैं।*

*हाल के वर्षों में युवा पीढ़ी इस ओर आकर्षित हुई है कि वह किसी और को कुछ ले-देकर अपनी ओर से परीक्षा दिला दे। यह न केवल स्कूल-कॉलेजों की परीक्षाओं में होता है वरन नौकरियों के लिये होने वाली परीक्षाओं को लेकर भी हो रहा है। जो पढ़ाई-लिखाई में फिसड्डी होते हैं, वे ऐसे तरीके अपनाते हैं। वैसे यह भी सच है कि बहुत से राज्यों में ऐसे गिरोह सक्रिय हैं जो पैसे लेकर परीक्षा पेपर मुहैया कराते हैं अथवा लोगों को उत्तीर्ण करा देते हैं। किसी की जगह पर किसी और व्यक्ति द्वारा परीक्षा दिलाने की भी वे व्यवस्था कराते हैं। इतना ही नहीं, वे नौकरियों के लिये आयोजित होने वाली परीक्षाओं के लिये भी सफलता की गारंटी देते हैं। बस, इसके लिये भरपूर रकम देनी होती है।*

*ये सारे ही तरीके अनैतिक हैं। ऐसे उपायों से कोई भी परीक्षा पास की जाये या नौकरी पा ली जाये, वह नैतिक रूप से उचित नहीं है। हो सकता है कि कुछ लोगों की यह चोरी कभी पकड़ी न जाये, परन्तु उनमें आजीवन अपराध भाव रहता है तथा वे खुद को हमेशा असुरक्षित महसूस करते हैं। इसका असर उनकी भावी पीढ़ी पर भी पड़ता है। परिवार के अन्य सदस्य भी पैसों के बल पर सफलता की हमेशा तलाश करते रहेंगे।*

*इसलिये सबसे अच्छा यही है कि किसी भी तरह की बेईमानी न बरतते हुए परीक्षाएं दी जायें- फिर वे चाहे स्कूल-कॉलेजों की हों या नौकरियों की। सम्भव है कि खुद के बूते कोई बड़ी उपलब्धि हासिल न की जा सके। ऐसे में कमतर पर संतोष करना सभी को आना चाहिये।*

## सार-संक्षेप

### रेडक्रॉस सोसायटी के प्रबंध समिति की बैठक आज

**बिलासपुर**, 22 मई (देशबन्धु)। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के प्रबंध समिति की बैठक कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में 23 मई को शाम 5 बजे जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में जिला स्तर पर रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा संचालित सामाजिक, चिकित्सीय एवं आपातकालीन सेवा कार्यों की समीक्षा की जाएगी। साथ ही आगामी योजनाओं, विशेष स्वास्थ्य शिविरों, रक्तदान जागरूकता कार्यक्रमों तथा आपदा राहत से जुड़े विषयों पर भी विस्तार से विचार-विमर्श होगा। इस अवसर पर समिति के सभी पदाधिकारी, सदस्यगण, और आमंत्रित विशेषजन उपस्थित रहेंगे। बैठक में रेडक्रॉस के सेवा कार्यों को अधिक प्रभावशाली एवं जन-संपर्क आधारित बनाने पर विशेष रूप से चर्चा की जाने की संभावना है। सोसायटी के सचिव द्वारा सभी सदस्यों से निर्धारित तिथि एवं समय पर बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने कहा गया है।

### केवट निषाद समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण व सम्मान समारोह 1 जून को

**बिलासपुर**, 22 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ केवट निषाद समाज बिलासपुर संभाग के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह और सम्मान समारोह 1 जून रविवार को बिलासपुर में आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम देवकीनंदन दीक्षित सभागृह शासकीय लाल बहादुर स्कूल बिलासपुर में सुबह 11 बजे से शुरू होगा।

उक्त संबंध में छत्तीसगढ़ केवट निषाद समाज बिलासपुर संभाग के महासचिव डॉ राम कुमार निषाद ने बताया कि इस अवसर पर बिलासपुर संभाग के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का सम्मान समारोह एवं बिलासपुर संभाग के बिलासपुर ,मुंगेली, जांजगीर-चांपा, कोरबा, गौरेला पेन्ड्रा मरवाही, रायगढ़ और सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले से केवट निषाद समाज के लोग शामिल रहेंगे। इस अवसर पर बोर्ड परीक्षा 2025 में 10 वीं, 12 वीं कक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 1 जून रविवार को मंच के माध्यम से सम्मानित किया जाएगा। यह आयोजन समाज के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम होगा और इससे समाज के लोगों को अपने अधिकारों और हितों के बारे में जागरूक करने में मदद मिलेगी।

#### कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य

**सामाजिक विकास**-समाज के लोगों को एकजुट करना और उनके हितों को बढ़ावा देना। **शैक्षणिक विकास**-शिक्षा के महत्व पर जोर देना और समाज के लोगों को शिक्षित करने के लिए प्रोत्साहित करना। **आर्थिक विकास**-समाज के लोगों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए विचार करना और योजनाएं बनाना। **भौगोलिक विकास**-क्षेत्र के विकास के लिए समाज के लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करना।

## कोटपा एक्ट के तहत कार्रवाई, 10 दुकानों से वसूला गया जुर्माना

**बिलासपुर**, 22 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश पर शहर में स्कूल परिसरों के निकट और सार्वजनिक स्थलों पर तंबाकू उत्पादों की बिक्री और धूम्रपान पर कार्रवाई की गई।औषधि विभाग, नगर निगम और सिरगिट्टी थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने तिफरा और न्यू बस स्टैंड क्षेत्र में अभियान चलाया और 10 दुकानों से जुर्माना वसूला।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी प्रमोद तिवारी के मार्गदर्शन में की गई कार्रवाई के दौरान डीपीएस, सेंट पॉल, डी के स्कूल और न्यू बस स्टैंड के पास मौजूद कुल 10 दुकानों पर कोटपा एक्ट 2003 की धारा 4 और 6 के उल्लंघन पर 750 रुपए का चालान किया गया। टीम ने तिफरा क्षेत्र की 5 दुकानों को हिदायत दी कि वे स्कूल के 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पादों की बिक्री बंद करें। कोटपा एक्ट की धारा 6 के अनुसार, किसी भी शिक्षण संस्थान के 100 गज के भीतर तंबाकू या इससे जुड़े उत्पाद बेचना पूरी तरह प्रतिबंधित है। वहीं न्यू बस स्टैंड क्षेत्र में तंबाकू उत्पाद बेचने वाली 5 दुकानों को यह निर्देश दिया गया कि वे अपनी दुकानों पर साफ तौर पर लिखें यहाँ धूम्रपान निषेध है और18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को तंबाकू उत्पाद नहीं बेचे जाते।

कोटपा एक्ट की धारा 4 के तहत किसी भी सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान करना कानूनन अपराध है। कार्रवाई टीम में औषधि निरीक्षक सुनील पंडा,नगर निगम हेल्थ इंस्पेक्टर धीरज,सिरगिट्टी थाना प्रभारी व स्टाफ शामिल रहे।

प्रशासन ने व्यापारियों को स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि भविष्य में कोटपा एक्ट का उल्लंघन पाया गया तो सख्त चालानी कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने लोगों से अपील की है कि वे धूम्रपान और तंबाकू उत्पादों के खिलाफ जागरूकता बढ़ाएं और नियमों का पालन करें।

## छाता निर्माण से दूर हो रही जिंदगी की तपिश

### दीदियां लिख रही आत्मनिर्भरता का नया अध्याय

**बिलासपुर**, 22 मई (देशबन्धु)। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत %बिहान योजना% से ग्रामीण महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव आ रहा है। इसी कड़ी में बिल्हा विकासखंड के भैंसबोड़ क्लस्टर की 34 ग्राम पंचायतों की 800 से अधिक महिलाएं अब छाता निर्माण की आजीविका गतिविधि से जुड़कर आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं। दीदियों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार जताया है। इन महिलाओं ने स्वयं सहायता समूह के रूप में संगठित होकर संसाधनों का उपयोग करते हुए छातों का उत्पादन शुरू किया है। यह न केवल उनकी आर्थिक आत्मनिर्भरता का स्रोत बना है, बल्कि सामाजिक स्तर पर भी उन्हें सम्मान व पहचान दिला रहा है। महिलाएं प्रतिमाह औसतन 8 से 9 हजार रुपये की आय अर्जित कर रही हैं, जिससे वे अपने परिवार की जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ बचत भी कर पा रही हैं।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व और राज्य सरकार द्वारा दिए जा रहे निरंतर सहयोग के प्रति दीदियों ने आभार व्यक्त किया। भैंसबोड क्लस्टर की श्रीमती सरिता कौशिक ने बताया कि बिहान योजना ने उन्हें घर की चारदीवारी से निकालकर आत्मनिर्भरता की राह दिखाई है। अब वे न केवल आर्थिक रूप से मजबूत हो रही हैं साथ ही महिलाओं में आत्मविश्वास भी बढ़ा है,और उनकी आर्थिक स्थिति में बड़ा बदलाव आया है।






दीदियों ने बताया कि प्रशिक्षण, कच्चे माल की व्यवस्था, विपणन सहायता और तकनीकी मार्गदर्शन जैसी सुविधाएं बिहान योजना के तहत उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे उत्पाद की गुणवत्ता में निरंतर सुधार हो रहा है और बाजार में इनकी माँग भी बढ़ रही है। आमागोहान में आयोजित शिविर में मुखमत्री विष्णु देव साय ने दीदियों से भेंट की और उनका उत्साह बढ़ाया, दीदियों ने इस अवसर पर उन्हें अपनी बनाई हुई विशेष छतरी भेंट की। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने भी छाता निर्माण में जुड़ी दीदियों से मिलकर उन्हें प्रोत्साहित किया।जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल ने बताया कि भविष्य में इन समूहों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने के प्रयास किए जाएंगे, जिससे समूहों की आय अधिक बढ़ सकेगी।

उल्लेखनीय है कि बिहान योजना के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें लखपति दीदी की श्रेणी में लाना हैं। ये योजना जिले में ग्रामीण विकास का आधार बन चुकी है,जिसमें हजारों महिलाओं को रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। बिल्हा ब्लॉक में छाता निर्माण के अलावा सिलाई-कढ़ाई, मशरूम उत्पादन, अगरबत्ती निर्माण, और बाड़ी विकास जैसी अन्य गतिविधियों में भी महिलाएं सशक्त भागीदारी निभा रही हैं।

## अनुशासन एवं समय नियोजन सफलता का मूलमंत्र-डॉ. सोमनाथ

**बिलासपुर**, 22 मई (देशबन्धु)। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव की कड़ी मेहनत एवं अथक प्रयासों से राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र पचमढ़ी (मध्य प्रदेश) में होने वाले राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण को छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में आयोजित कराने की एक और नयी उपलब्धि हासिल हुई है। हिमालय वुड बैज एक यूनिट लीडर का सर्वोच्च प्रशिक्षण होता है। इस माह की 12 से 18 मई तक आधारशिला विद्या मंदिर न्यू सैनिक स्कूल रमतला रोड बड़ी कोनी बिलासपुर छत्तीसगढ़ में गाइड विंग के लिए यह प्रशिक्षण शिविर आयोजित की गई।



राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव ने शिविर का शुभारंभ करते हुए अनुशासन एवं समय नियोजन को सफलता का मूलमंत्र बताया। एवं प्रशिक्षण कार्य को गंभीरता से लेकर शिविर नियमों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य संघ छत्तीसगढ़ की राज्य प्रशिक्षण आयुक्त(गाइड) सरिता पाण्डेय नें शिविर संचालक रेंजर विभाग के दायित्व का निर्वहन किया एवं संचालक मंडल को मार्गदर्शन प्रदान किया। वहीं गाइड विभाग की शिविर संचालक जेरमिना एक्का सहित राज्य और अन्य राज्यों से लीडर ट्रेनर व सहायक प्रशिक्षक शामिल हुए। प्रशिक्षण शिविर को सफल बनाने में राज्य सचिव कैलाश सोनी का महत्वपूर्ण मार्गदर्शन एवं राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट) विजय यादव का विशेष सहयोग रहा। प्रशिक्षण शिविर में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से 41 गाइड कैप्टन एवं 23 रेंजर लीडर शामिल हुए। इस 7 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर में हिमालय वुड बैज हेतु निर्धारित सभी पाठ्यक्रम एवं उद्देश्य को शामिल किया गया जिसमें भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के आधारभूत तत्व ,स्काउट नियम ,प्रतिज्ञा, प्रार्थना से लेकर चिन्ह सेल्यूट ,बाया हाथ मिलाना, सभी सोपानों की गांठें एवं लेसिंग,पाइनरिंग , प्राथमिक चिकित्सा ,अनुमान लगाना , मैपिंग, माइक्रोटीचिंग ,कैम्प पीचिंग, कैरियर काउंसलिंग,बी.पी. सिक्स व्यायाम व ध्वज शिष्टाचार ,रात्रिकालीन हाईक सहित सभी महत्वपूर्ण विषयों का प्रशिक्षण दिया गया एवं प्रशिक्षण रिपोर्ट राष्ट्रीय मुख्यालय को भेजी गई। शिविर समापन की पूर्व संध्या पर महा शिविर ज्वाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे बिलासपुर जिला संघ के सभी पदाधिकारी भी मौजूद रहे।शिविर समापन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में आधारशिला विद्या मंदिर न्यू सैनिक स्कूल के अध्यक्ष एवं निर्देशक अजय श्रीवास्तव,विशिष्ट अतिथि श्रीमती रश्मि श्रीवास्तव बिलासपुर प्रमुख रूप से आमंत्रित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्य मुख्य आयुक्त डॉक्टर सोमनाथ यादव ने की। सम्मानित अतिथियों ने वर्तमान परिदृश्य में स्काउटिंग की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता पर जोर दिया । राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव ने प्रशिक्षण का लाभ बच्चों तक पहुंचने की अपेक्षा व्यक्त की।

## निक्षय निरामय अभियान के अंतर्गत जिले में विशेष जांच एवं उपचार शिविर 7 जून से

### टीबी रोगियों की पहचान, जांच और निःशुल्क उपचार पर रहेगा विशेष फोकस

**बिलासपुर**, 22 मई (देशबन्धु)। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के अंतर्गत जिले में निक्षय निरामय जांच एवं उपचार अभियान का आयोजन 7 जून 2025 से 24 जून 2025 तक किया जाएगा। यह अभियान भारत सरकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय तथा छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश मे संचालित किया जा रहा है।

निक्षय निरामय अभियान का उद्देश्य क्षय (टीबी) रोगियों की सक्रिय पहचान, जांच और उपचार सुनिश्चित करना है। जिला स्तर पर समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं को इस अभियान को सफल बनाने के लिए निर्देशित किया गया है। अभियान में खासकर उन व्यक्तियों की जांच की जाएगी जो टीबी के उच्च जोखिम समूह में आते हैं।जिनमें टीबी रोगी के संपर्क में आने वाले व्यक्ति,65 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग, कुपोषित व्यक्ति,मधुमेह रोगी,नशीली दवाओं और शराब का सेवन करने वाले,कैदी,एचआईवी संक्रमित व्यक्ति,ऐसे लोग जिनकी इम्युनिटी कमजोर हो। ऐसे सभी लोगों की स्क्रीनिंग की जाएगी और जरूरत पड़ने पर तुरंत ही जांच की व्यवस्था भी की जाएगी। शासन द्वारा जांच, इलाज और दवाइयां पूर्णतः निःशुल्क प्रदान की जाएंगी। अभियान की गतिविधियों की निगरानी और रिपोर्टिंग के लिए जिला स्तर पर एक समन्वय समिति गठित की गई है जिसमें स्वास्थ्य विभाग से अमित सोनी, मंगलेश्वर भारती, श्रीमती गीता सासन, आशीष सिंह को संपर्क सूत्र नियुक्त किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्री प्रमोद तिवारी ने बताया कि यह अभियान न केवल टीबी के नए मामलों की पहचान के लिए है बल्कि इसके माध्यम से समुदाय में टीबी के प्रति जागरूकता भी बढ़ाई जाएगी, जिसके लिए सभी स्वास्थ्य संस्थानों को आवश्यक तैयारियां पूरी कर अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए गए हैं।

# मानिकपुर माइंस में होलपैक डम्पर के हुए दो हिस्से, ऑपरेटर घायल

## खदान क्षेत्र में इस घटना से सक्ते में आए अधिकारी

कोरबा, 22 मई (देशबन्धु)। एसईसीएल कोरबा क्षेत्र की मानिकपुर ओपन कास्ट माइंस एरिया में हुए घटनाक्रम में एक होलपैक डम्पर के दो हिस्से हो गए। पिछले हिस्से के पहिए वाहन से निकल कर अलग फेका गए। ऑपरेटर त्रिभुवन राज को गंभीर चोटें आई है। घटना के दौरान इस इलाके में और कोई गाड़ी और श्रम शक्ति की उपस्थिति नहीं थी। इसलिए नुकसान ज्यादा नहीं हुआ।

खबर के अनुसार घटना बुधवार की रात 12 बजे मानिकपुर माइनिंग साइट पर हुई। प्रबंधन ने त्रिभुवन राज को एक होलपैक डम्पर दिया था। जो माइनिंग साइट पर रनिंग कर रहा था। घटना के समय डंपर तेज गति से चल रहा था। ज्वाइंट होल पैक टूटने से वाहन के पिछले दो पहिए अलग होकर गोल-गोल घूमने लगे। चालक त्रिभुवन राज किसी तरह वाहन से नीचे उतरे। उन्हें तुरंत निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना मिलते ही एसईसीएल के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटना की जानकारी लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। खबर के अनुसार इस मामले को लेकर आगे डीजीएमएस स्तर पर जांच होना लाजिमी है।



वहां तक जानकारी दी गई है। खनन क्षेत्रों में होने वाली घटनाओं के कारणों का पता करना डीजीएमएस की जिम्मेदारी है। मानिकपुर खदान में यह पहला हादसा नहीं है। इससे पहले भी कई घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें जानें भी गई हैं। इस घटना से खदान की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं।

# जमीन कब्जाने से रोकने पर पार्षद पुत्र को दौड़ाकर पीटा, अपराध दर्ज

## साकेत नगर क्षेत्र में हुई घटना

कोरबा, 22 मई (देशबन्धु)। कोरबा के गेरवाघाट क्षेत्र में सरकारी जमीन को हड़पने से रोकने की कोशिश महंगी पड़ गई। एक महिला सहित 3 लोगों ने मिलकर निर्दलीय पार्षद के बेटे को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। सीएसपी भूषण एक्का ने बताया कि पीड़ित पक्ष के द्वारा घटनाक्रम की शिकायत कोतवाली में की गई है। इस आधार पर मारपीट करने वालों पर बीएनएस की कई धाराओं के अंतर्गत अपराध दर्ज किया है।

कोरबा के साकेत नगर वार्ड के अंतर्गत यह घटना हुई। खबर के अनुसार यहां खाली जमीन को देखकर शुभम साहू ने उसे हड़पने का इरादा बनाया और कोशिश करने लगा। ऐसा करने पर पार्षद मथुरा चंद्रा के पुत्र सुदेश ने रोका और कहा कि बस्ती के लोगों से बातचीत करेंगे। वे सहमति देते हैं तो ठीक वरना यहां तो आंगनबाड़ी या सामुदायिक भवन ही बनना है।

इसी बात को लेकर बहसबाजी हुई और फिर शुभम साहू, उसकी मां और एक नानी नामक महिला ने सुदेश से मारपीट की। इस मामले को लेकर पार्षद मथुरा चंद्रा ने बताया कि मोहल्ले में आंगनबाड़ी और सामुदायिक भवन का निर्माण होना है। इसके लिए जमीन आरक्षित की गई है। इस पर बेजा कब्जा की कोशिश का पुत्र ने विरोध किया। इसी पर शुभम ने उसे बुलाया और मारपीट की। हमने कोतवाली थाना में इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इसके साथ कहा है कि किसी भी क्षेत्र में इस तरह की घटनाएं होने पर त्वरित संज्ञान में लेने के साथ पुलिस कार्यवाही करेगी।

# सार-संक्षेप

## सुरक्षा प्रबंध मजबूत करें सराफा कारोबारी और गोल्ड लोन कंपनियां



कोरबा, 22 मई (देशबन्धु)। कोरबा नगर, उप नगरीय क्षेत्र और कस्बों में सराफा कारोबार से संबंधित सभी व्यवसायियों को इस बात का ध्यान रखना होगा कि उनके यहां सुरक्षा प्रबंध मजबूत हो। किसी भी तरह की अनहोनी से बचाने में यह व्यवस्था कारगर हो सकती है।

जिले में अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस कई तरह के काम कर रही है। इसी के अंतर्गत पुलिस ने सोना-चांदी से संबंधित सभी व्यवसाय से जुड़े लोगों और उनके प्रतिष्ठानों की सुरक्षा पर फोकस किया है। सजग कोरबा अभियान के तहत पुलिस ने इनके संचालकों को कई उपाय करने को कहा है। कहा गया कि सभी सराफा दुकानों व गोल्ड लोन कार्यालयों में उच्च गुणवत्ता और फ्रिक्वेंसी युक्त सीसीटीवी कैमरे लगाए जाए। इनका एंगल ऐसा हो जिससे मुख्य प्रवेश द्वार, लेन-देन काउंटर, सेफ रूम तथा बाहरी क्षेत्र की स्पष्ट निगरानी सुनिश्चित हों। कहा गया कि इन कैमरों की रिकॉर्डिंग को कम से कम 30 दिनों तक संरक्षित रखी जाए और उनकी कार्यप्रणाली की समय-समय पर जांच की जाए। प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा गार्ड की तैनाती के साथ हर प्रतिष्ठान में पुलिस थाना, कंट्रोल रूम, डॉयल 112, दमकल के नंबर डिस्प्ले किए जाए। संदिग्धों को देखे जाने पर इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दे।

## तनवीर को बनाया सांसद प्रतिनिधि



कोरबा, 22 मई (देशबन्धु)। कोरबा सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत ने दीपका नगर पालिका से जुड़े विभिन्न मामलों के निराकरण एवं समन्वय के लिए अपने प्रतिनिधि के रूप में तनवीर अहमद को नियुक्त किया है। जारी पत्र के अनुसार तनवीर अहमद को नगर पालिका दीपका से संबंधित जनहित से जुड़े मुद्दों के लिए अधिकृत किया गया है। सांसद ने विभागीय अधिकारियों से कहा है कि वे प्रतिनिधि को सभी मामलों की जानकारी दें।

## अशोक बनाए गए सांसद प्रतिनिधि



कोरबा-छुरीकला, 22 मई (देशबन्धु)। नगर पंचायत छुरीकला के पूर्व अध्यक्ष अशोक देवांगन को सांसद ज्योत्सना चरण दास महंत ने अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है। श्री देवांगन नगर पंचायत की बैठक व विविध प्रकार के कार्य में सांसद श्रीमती महंत के स्थान पर नेतृत्व करेंगे। श्री देवांगन को सांसद प्रतिनिधि बनाए जाने से नगर क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। इससे संगठन को मजबूती मिलेगी तथा कार्यकर्ताओं को जोड़ने में अहम भूमिका रहेगी। नियुक्ति पत्र देने के दौरान हीरालाल यादव पूर्व पार्षद, संतोष केंवट, बालगोविंद देवांगन पार्षद, विनय दुबे, गोविंद नेताम पूर्व एल्डरमेन, कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मछुआ समितियों की बैठक ली बोर्ड के अध्यक्ष ने



कोरबा, 22 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा ने जिला पंचायत सभाकक्ष में जिले के मछुआ सहकारी समितिओं, समूहों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने मछली पालन विभाग अंतर्गत प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, मछुआ दुर्घटना बीमा सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की तथा उपस्थित मत्स्य कृषकों को विभागीय योजनाओं का लाभ उठाकर मत्स्य उत्पादन में वृद्धि कर आय दुगनी करने हेतु प्रोत्साहित किया। मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष के आगमन पर धीवर समाज ने शॉल व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर वेद प्रकाश धीवर, अशोक जलतारे, राजेश धीवर, मनीष भीष्म, विजय धीवर, गणेशराम धीवर, कोमल जलतारे, दीपक धीवर, रवि ढीमर, दीनदयाल जलतारे, दामोदर धीवर, भोजराम धीवर उपस्थित रहे।

## पर्यावरण संतुलन के लिए जैव विविधता जरूरी



कोरबा, 22 मई (देशबन्धु)। जीव-जंतुओं, पेड़-पौधों और पारिस्थितिक तंत्रों की विविधता के महत्व को समझाने और जागरूकता के लिए कार्य हो रहा है। जैव विविधता न केवल पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने में सहायक है, बल्कि यह हमारी आजीविका, भोजन, जल और स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत आवश्यक है।

आरसीआरएस सोसायटी के प्रमुख जितेन्द्र सारथी ने जैव विविधता दिवस पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि कोरबा केवल औद्योगिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि यह जैव विविधता के मामले में भी एक अद्भुत क्षेत्र है। यहां के सघन जंगल और पर्वतीय क्षेत्र अनेक वन्य जीवों और वनस्पतियों का घर हैं, जो इस क्षेत्र को पारिस्थितिकी की दृष्टि से अत्यंत समृद्ध बनाते हैं। कोरबा की जैव विविधता में सबसे अनोखी बात यह है कि यहां किंग कोबरा जैसे दुर्लभ और महत्वपूर्ण प्राणी पाए जाते हैं जो दुनिया का सबसे लंबा विषैला साँप है।

# बिजली चोरों पर सख्ती, हुकिंग हटाने के साथ जुर्माना

कोरबा, 22 मई (देशबन्धु)। एसईसीएल क्षेत्र में अवैध कब्जे और बिजली चोरी के खिलाफ अब सख्ती शुरू हो गई है। कालोनी के कई आवासों में बिजली उपकरणों में फाल्ट आने पर लोगों ने शिकायत की। जिसके बाद अवैध कब्जाधारियों को निशाने पर लिया गया। यहां से हुकिंग हटाने के साथ जुर्माना ठोका गया।



जानकारी के अनुसार यह कार्यवाही अंबेडकर, सुभाष नगर, चीफ हाऊस और अन्य क्षेत्रों में की गई। यहां पर हुकिंग के जरिए या सीधे बिजली के खंभों से लाइन खींचकर बिजली की चोरी कर रही थी। इस चोरी से न केवल एसईसीएल को आर्थिक नुकसान हो रहा था, बल्कि कंपनी के क्वार्टरों में भी लो-वोल्टेज की समस्या बनी रहती थी। मामला कोर्ट तक पहुंचा जिसके बाद आरोपी पर 1 लाख का जुर्माना लगाया गया है। जयप्रकाश एसईसीएल एसबीएस कॉलोनी में लो-वोल्टेज की वजह से लोगों के विद्युत उपकरण खराब हो रहे थे। एक विशेष मामले में, 15 ब्लॉक कालोनी में एक सेवानिवृत्त कर्मचारी द्वारा किए गए अवैध कब्जे को न्यायालय ने अवैध माना। कोर्ट ने प्रबंधन के पक्ष में फैसला सुनाते हुए आरोपी पर एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया। मानिकपुर एसईसीएल क्षेत्र में भी खाली जमीनों पर अवैध कब्जे की समस्या गंभीर है। पोखरी पारा और मानिकपुर एसबीएस कॉलोनी में कई बेशकीमती जमीनों पर भू-माफिया द्वारा अवैध प्लॉटिंग की जा रही है। एसईसीएल प्रशासन सार्वजनिक परिसर अधिनियम और कंपनी अधिनियम के तहत इन अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है।

# निजी कंपनी के मैनेजर व स्टाफ से मारपीट, 8 और गिरफ्तार

कोरबा, 22 मई (देशबन्धु)। साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड कोरबा एरिया की मानिकपुर परियोजना के अंतर्गत काम कर रही ओडिसा की निजी कंपनी एनएसपीएल के कार्यालय में पिछले दिनों बवाल हुआ। इसके पीछे कई कारण सामने आए। पुलिस ने वीडियो फुटेज के आधार पर 8 और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ बढ़कर संख्या 12 हो गई है।



पुलिस ने बताया कि मानिकपुर चौकी क्षेत्र के अंतर्गत मानिकपुर कोल माइंस क्षेत्र में एनएसपीएल की साइट है। इसी इलाके में उसका कार्यालय संचालित हो रहा है। पिछले दिनों एक साथ बड़ी संख्या में लोग यहां आवेदन लेकर पहुंचे और विवाद शुरू कर दिया। बात आगे बढ़ी तो मारपीट हो गई।

आरोप है कि लोगों ने घेराबंदी कर कंपनी के मैनेजर चक्रधर मोहंती सहित सुपरवाइजर व अन्य से जमकर मारपीट की। किसी तरह दूसरे लोगों ने हस्तक्षेप कर उनकी रक्षा की। घटना में घायल कंपनी स्टाफ को मंगलम विहार के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनका उपचार जारी है। उनकी शिकायत व घटनाक्रम के वीडियो फुटेज के आधार पर मारपीट करने वालों की पहचान की गई। इस सिलसिले में 8 आरोपियों लव कुमार पटेल, राजकुमार पटेल, सुशील पटेल, अजय पटेल, संजय सारथी, जितेन्द्र पटेल, धनीराम यादव और सरजू जांगड़े

को दूसरी किश्त में गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया गया। जबकि 4 आरोपी पहले ही गिरफ्त में आ गए थे और उन्हें जेल भेज दिया गया। इस पूरे मामले में आरोपियों के विरूद्ध बीएनएस की धारा 333, 191(2), 191(3), 296, 351(2), 115(2), 117(2) 324(4), 308(4), 241 के अंतर्गत अपराध क्रमांक 325/25 दर्ज किया गया है।

# कलार समाज के सम्मेलन में सम्मानित होंगे जनप्रतिनिधि

## स्वास्थ्य मंत्री होंगे मुख्य अतिथि

कोरबा, 22 मई (देशबन्धु)। सर्ववर्गीय जायसवाल कलार समाज के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह एवं वार्षिक सभा का आयोजन 24 मई को शाम 5 बजे कल्चुरी भवन, मिशन रोड में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के बतौर अतिथि प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल व नगर विधायक एवं केबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन सहित महापौर संजू देवी राजपूत निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के सम्मान समारोह में शामिल होंगे।



सर्ववर्गीय जायसवाल सभा के अध्यक्ष रामगोपाल डिक्सेना ने बताया कि जिले के नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधि व पंचायत प्रतिनिधियों का सम्मान समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय कल्चुरी राजवंश इतिहास एवं पुरातत्व शोध समिति के अध्यक्ष कौन्तेय जायसवाल, हैहैय क्षत्रिय कल्चुरी समाज के प्रदेश अध्यक्ष मनोज राय, प्रगतिशील जायसवाल कन्नौजे कलार समाज के अध्यक्ष जितेन्द्र जायसवाल उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में जिले के निर्वाचित राज जायसवाल, अध्यक्ष नगर पालिका कटघोरा, अजय जायसवाल, अध्यक्ष नगर पंचायत पाली, श्रीमती निकिता मुकेश जायसवाल, उपाध्यक्ष जिला पंचायत कोरबा, अनुज जायसवाल अध्यक्ष छग कलार महासभा, श्रीमती भानुमति जायसवाल, श्रीमती चंद्रकली जायसवाल पार्षद कोरबा, श्रीमती मधुलता कश्यप, श्रीमती सुनीता जायसवाल पार्षद कटघोरा, कमलेश जायसवाल, श्रीमती सुनीता जायसवाल पार्षद दीपका, दीपक डिक्सेना पार्षद छुरीकला एवं रमेश जायसवाल उप सरपंच कटोरीनगोई, श्रीमती रेखा रामू जायसवाल, उप सरपंच हरदीबाजार, विक्की जायसवाल उप सरपंच उतरदा, श्रीमती प्रियंका राकेश जायसवाल,पंच हरदीबाजार, हिमांशु जायसवाल पंच हरदीबाजार, मुरारी जायसवाल उप सरपंच कोरबी, राजेश जायसवाल पंच कोरबी, अनुराग जायसवाल उप सरपंच सिरमिना सहित निर्वाचित प्रतिनिधियों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में सर्ववर्गीय जायसवाल सभा महिला मंडल के अध्यक्ष पल्लवी जायसवाल एवं युवा सभा के अध्यक्ष संजय जायसवाल व पदाधिकारी जुटे हुए हैं।

# जिपं अध्यक्ष पवन ने बताए सुशासन तिहार के लाभ

कोरबा, 22 मई (देशबन्धु)। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह ने ग्रामीणों को बताया है कि विभागीय योजनाओं का लाभ लेने के साथ ही किसान खेती के लिए मिट्टी परीक्षण बड़ी आसानी से करा सकते हैं। बिजली के क्षेत्र में सौर ऊर्जा से लेकर वन अधिकार पत्र के अलावा दूसरी योजनाओं का लाभ उन्हें मिल सकता है। यह सब संभव कर रहा है सुशासन तिहार और लोगों को इससे जुड़ना चाहिए।




डॉ. पवन ने कोरबा ब्लाक के ग्राम अजगरबहार में आयोजित सुशासन शिविर में हिस्सा लिया। यहां पर 4740 आवेदनों में 4503 आवेदनों का निराकरण किया गया। शिविर में विभागीय अधिकारियों द्वारा शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रेणुका राठिया ने सरकार की योजनाओं पर बात रखी। सीईओ श्रीमती कौशाम्बी गबेल ने सुशासन तिहार के सभी चरणों की जानकारी देते हुए अजगरबहार कलस्टर में प्राप्त आवेदन की निराकरण की जानकारी दी गई। एसडीएम कोरबा सरोज महिलांगे द्वारा सभी जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणजनों व शासकीय अधिकारी- कर्मचारियों से पेंशन के पात्र हितग्राहियों को पेंशन देने, सहयोग भाव से ग्रामीणों की सेवा करने, वृक्षारोपण करने व जल संरक्षण करने की बात कही गई। शिविर में विभिन्न योजनाओं से लोगों को संसाधन दिए गए और कुछ मामलों में प्रमाण पत्र। इस अवसर पर जनपद सदस्य रफीक मेमन, श्रीमती गायत्री कंवर, श्रीमती गायत्री मंझवार, श्रीमती ललिता साहू, हरिशंकर यादव मंडल अध्यक्ष, अजगरबहार कलस्टर में सम्मिलित 11 ग्राम पंचायत, अजगरबहार, बेला, चुईया, धनगांव, दोंदरो, जामबहार, कछार, माखुरपानी, सोनगुढ़ा सोनपुरी, तिलाईडांड के समस्त सरपंच, उपसरपंच एवं पंच सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# सेंट जेवियर्स स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत




कोरबा, 22 मई (देशबन्धु)। सेंट जेवियर्स पब्लिक स्कूल के कक्षा 10वीं के छात्र सिद्धार्थ राजदीप ने 97 प्रतिशत एवं 12वीं की छात्रा- गरिमा अग्रवाल ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त किये, साथ ही विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा।

कक्षा 10वीं के 13 बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है, जिसमें सिद्धार्थ राजदीप ने 97 प्रतिशत, नेहल सोनी ने 93.6 प्रतिशत, जानवी पटेल ने 93.4 प्रतिशत, सार्थक मिश्रा ने 93.4 प्रतिशत, मुस्कान यादव ने 92.8, मानसी ठाकुर ने 92.6, आर्यन सिंह ने 92.2, जिया रस्तोगी ने 91.4, नुपुर राठौर ने 90.6, अदविका यादव 90, आदित्य कुमार 90, अंशुमान सहदेव 90 व नंदिनी राय ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। कक्षा 12वीं में गरिमा अग्रवाल ने 93 प्रतिशत, ओशिका सोनवानी, पलक मोदी, सृजन विश्वकर्मा, इशू कुमारी ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

जेईई मेन्स के परीक्षा में उत्तीर्ण कर जेईई एडवांस के लिए 7 बच्चों ने अपना स्थान प्राप्त कर चुके है, जिसमें गौरव कुमार कंवर 97.03 अंक, अंजली कुमारी- 95.9 अंक, सृजन विश्वकर्मा- 91.50 अंक, यशराज पटेल- 90.07 अंक, विश्वजीत राठौर- 88 अंक, नमन पिसदा- 67.31 अंक एवं कृष्णा अभिषेक- 62.21 अंक अर्जित कर जेईई एडवांस के लिए योग्य हो गए है। विद्यालय के चेयरमैन प्रमोद झा, डायरेक्टरप्रांजल झा, मैनेजर डॉ डी.के. आनंद, प्राचार्या श्रीमती लता एन पाटिल ने शिक्षक-शिक्षिकाओं व विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी है।

# आत्मानंद स्कूल बालकोनगर का परिणाम उत्कृष्ट

कोरबा, 22 मई (देशबन्धु)। पीएमश्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय बालको नगर का बोर्ड परिणाम उत्कृष्ट रहा है। संस्था में हिंदी व अंग्रेजी माध्यम दोनों कक्षाएं अलग-अलग पाली में संचालित है। दोनों का परिणाम सर्वोत्तम आया है। हिंदी माध्यम में दसवीं कक्षा का परिणाम 67.2 प्रतिशत रहा।



छात्र लोमस कुर्रे ने 91.5 प्रतिशत अंक हासिल किया है। कक्षा दसवीं हिंदी माध्यम में 15 छात्रों ने प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण किया है। इसी तरह 12वीं हिंदी माध्यम के छात्र प्रिंस कुमार सोनवानी ने 95.2 प्रतिशत अंक अर्जित कर जिले के 12वीं कक्षा में टॉप 10 में प्रथम स्थान अर्जित किया है। 12वीं कक्षा हिंदी माध्यम का परिणाम उत्कृष्ट रहा। इसमें 30 छात्र ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण किया है। इसी तरह अंग्रेजी माध्यम दसवीं में छात्र सुहेल अंसारी ने 94.7 प्रतिशत अंक अर्जित किया।

दसवीं अंग्रेजी में सफल छात्रों का प्रतिशत प्रतिशत रहा है। 12वीं अंग्रेजी माध्यम में छात्र तरुण कुमार आदित्य ने प्रतिशत अंक अर्जित किया है। विद्यालय परिवार छात्रों के इस सफलता से गौरवान्वित है। विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## सार-संक्षेप

### आम जनता के लिए सहूलियत देना हमारा मुख्य उद्देश्य - नेताम



**कोरिया** 22 मई (देशबन्धु)। कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर स्थित जिला पंचायत सभा कक्ष में रजिस्ट्री में दस क्रांतिकारी विषयों पर कार्यशाला सम्पन्न हुई। इस कार्यशाला जिले के प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। इस दौरान सोनहत विधायक रेणुका सिंह और बैकुंठपुर विधायक भैय्यालाल राजवाड़े भी उपस्थित रहे।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिले के प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि प्रदेश की विष्णुदेव सरकार का प्रत्येक कदम मोदी की गारंटी को पूरा करने और आम नागरिकों को सहूलियत देने के लिए आगे बढ़ रहा है। हमारी सरकार का मुख्य उद्देश्य है कि प्रत्येक छत्तीसगढ़िया का जीवन सरल सुखद और समृद्ध हो । इसके लिए प्रत्येक क्षेत्र में प्रदेश सरकार पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ काम कर रही है। लगातार इस दिशा में डिजिटलीकरण को प्रोत्साहित किया जा रहा है। रजिस्टी में दस क्रांतियां प्रदेश सरकार की इस दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है। प्रदेश सरकार ने रजिस्ट्री कार्य में अब इस मुख्य सुधार जारी किए है जिसका सीधा लाभ आम नागरिकों को मिलेगा इस परिवर्तन में शामिल है।

1. फर्जी रजिस्ट्री रोकने के लिए आधार सत्यापन 2. रजिस्ट्री खोज एवं डाउनलोड 3. ऑनलाइन भार प्रमाणपत्र 4. स्टाम्प एवं रजिस्ट्री शुल्कों का कैशलेस भुगतान 5. व्हाट्सएप सेवाएँ 6. डिजीलॉकर सेवायें 7. रजिस्ट्री दस्तावेजों का स्वत: निर्माण 8. घर बैठे स्टाम्प सहित दस्तावेज निर्माण 9. घर बैठे रजिस्ट्री 10. रजिस्ट्री के साथ स्वत: नामांतरण आज इस कार्यशाला की शुरुआत भारत माता के छाया चित्र पर माल्यार्पण और दीप्रज्वलन के साथ की गई । इसके बाद कलेक्टर कोरिया श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने स्वागत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। राज्य कार्यालय से आए हुए मास्टर ट्रेनर सिद्धार्थ मिश्रा ने उपस्थित जनों को वाणिज्य कर पंजीयन विभाग द्वारा रजिस्ट्री कार्य में पारदर्शिता के लिए किए गए परिवर्तन के बारे में पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन में विस्तार से जानकारी दी। जिला प्रशासन के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यशाला में कलेक्टर कोरिया श्रीमती चंदन त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक रवि कुर्रे , जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, उपाध्यक्ष वंदना राजवाड़े, सदस्य श्रीमती सौभाग्यवती सिंह,राजेश साहू, जिलाध्यक्ष देवेंद्र तिवारी, बैकुंठपुर नगरपालिका अध्यक्ष नविता शिवहरे , अपर कलेक्टर अरुण मरकाम, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती नमिता शिवहरे, जिला पंजीयक विवेक कुमार सिंह, साथ ही अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### हाथी दांत की तस्करी और सौदा करते हुए पकड़े गए दो आरोपी

रायगढ़, 22 मई (देशबन्धु)। उप वनमण्डलाधिकारी अम्बिकापुर श्रीमती जैनी ग्रेस कुजूर ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर 21 मई को रात्रि 08:00 बजे प्रतीक्षा बस स्टैंड अम्बिकापुर के पास दो नग हाथी दांत की तस्करी और सौदा करते हुए धुरिया रमकोला निवासी जनकू एवं हरीगंवा बलरामपुर निवासी विनोद वर्मा पकड़े गए। उनके पास दो नग हाथी दांत 4.660 किलो ग्राम के प्राप्त हुए। उन्होंने बताया कि आरोपियों के विरूद्ध वन अपराध दर्ज किया गया तथा वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 39 (2) धारा 44, धारा 39 (3), धारा 9, धारा 51, धारा 52, धारा 48।, धारा 49ठ के तहत कोर्ट चालान की कार्यवाही किया जा रहा है।

वनमण्डलाधिकारी सरगुजा वनमण्डल अम्बिकापुर श्री अभिषेक जोगावत के निर्देशन में आरोपियों को पकड़ने में डब्ल्यूसीसीबी सेंट्रल रीजन भोपाल के इनपुट पर डब्ल्यूसीसीबी एवं सरगुजा वनमण्डल तथा सूरजपुर वनमण्डल के कर्मचारियों द्वारा संयुक्त कार्यवाही किया गया। कार्यवाही में वन परिक्षेत्राधिकारी अम्बिकापुर

श्री निखिल पैकरा, उप वनक्षेत्रपाल श्री दिनेश टोप्पो, वनरक्षक श्री नवीन प्रताप सिंह, श्री महेन्द्र पाठक, श्री अली अहमद अंसारी, श्री संदीप किण्डो, श्री सुभाष सिंह का विशेष योगदान रहा।

### मांड नदी पुल के ब्रेकर में बाइक उछली, राजमिस्त्री की मौत

रायगढ़, 22 मई (देशबन्धु)। मांड नदी पुल के ब्रेकर में बाइक अचानक ऐसी उछली कि बेकाबू वाहन से गिरने से राजमिस्त्री की जिंदगी खत्म हो गई। वहीं, हादसे के बाद मृतक का साथी भाग निकला। यह घटना शहर के कोतरा रोड थाना क्षेत्र की है। पुलिस जांच में जुटी है।

सूत्रों के मुताबिक समीपस्थ ग्राम गेजामुड़ा में बीते मंगलवार देर रात लगभग साढ़े 11 बजे उस समय सनसनी फैल गई, जब मांड नदी पुल में एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में अधमरे हालत में असहाय पड़ा मिला। चूंकि, युवक के सिर में गंभीर चोट और बाएं हाथ की हड्डी फ्रैक्चर होने के अलावे वह बुरी तरह जख्मी था इसलिए जागरूक ग्रामीणों ने इसकी सूचना नजदीकी कोतरा रोड थाने में दी। वहीं, रात्रिकालीन गश्त पर निकली पुलिस की पेट्रोलिंग गाड़ी के घटना स्थल पहुंचने पर जख्मी युवक को जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचे तो घंटेभर प्राथमिक उपचार के बावजूद उसकी सांसों की लड़ियां टूटकर बिखर गई।

मृतक की शिनाख्त समीपवर्ती सक्ती जिले के अड़भार निवासी कृष्णा उरांव पिता ननकू राम उरांव (35 वर्ष) के रूप में हुई जो राजमिस्त्री का काम करते हुए अपनी बीवी और 3 मासूम बच्चों के साथ रायगढ़ के बोईरदादर में रहता था। मृतक के परिजनों ने बताया कि कृष्णा गत 20 मई को अड़भार गया था और रात को ग्राम सिंघीतराई के परिचित नान्हू के साथ मोटर सायकिल से रायगढ़ वापसी के लिए निकला था, मगर मांड नदी पुल के ब्रेकर में उनकी दुपहिया वाहन का पहिया इस कदर उछला कि गिरने से कृष्णा की जान ही चली गई। वहीं, दुर्घटना के बाद नान्हू डर के मारे भाग निकला है। बहरहाल, मर्ग कायम करने वाली पुलिस अब हादसे की असलियत जानने के लिए लापता नान्हू की सरगर्मी से तलाश कर रही है।

### बेलगाम रफ्तार ने फिर एक बेगुनाह की ली बलि

इसी तरह बेलगाम रफ्तार के कहर ने सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के सरसींवा थाना अंतर्गत ग्राम विनोदा निवासी शिवकुमार सोनी पिता सहस राम (40 वर्ष) की भी जीवनलीला समाप्त कर दी। बताया जाता है कि राजमिस्त्री का काम करने वाला शिवकुमार बीते 16 मई को पैदल घूमने निकला था। इस दौरान अज्ञात वाहन ने उसे अपनी गिरफ्त में ले लिया। गंभीर रूप से घायल शिवकुमार को रायगढ़ रेफर करने पर अपेक्स हॉस्पिटल में भर्ती किया गया था।

फिर भी सघन इलाज के बावजूद उसने 20 मई को दुनिया को अलविदा कह दिया। जिला चिकित्सालय में पुलिस ने उसका पोस्टमार्टम करवाया।

# रोजगार सचिव के खिलाफ गांव वालों ने खोला मोर्चा

### नरेगा में किया गोलमाल

### एसडीएम से शिकायत, जांच की मांग

रायगढ़, 22 मई (देशबन्धु)। जिले के लैलूंगा जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत झरन में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत व्यापक भ्रष्टाचार करने का मामला सामने आया है जिसकी शिकायत गांव के ग्रामीणों ने अनुविभागीय अधिकारी से की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम झरन निवासी कन्हैया दास महंत, घनश्याम यादव, पवन भगत रवि भगत, दीनदयाल भगत, शत्रुधन भगत,मोनो भगत, प्रकाश भगत, प्रताप भगत सेतो भगत,अमित भगत मनमोहन सारथी,जयप्रकाश भगत, संतराम भगत सहित अन्य ग्रामीणों ने चैंकाने वाले खुलासे किये हैं। वर्तमान में मनरेगा रोजगार सचिव पर सरकारी धन का दुरुपयोग करने, फर्जी श्रम प्रविष्टियों के माध्यम से धोखाधड़ी करने और अपनी आधिकारिक आय से कहीं अधिक निजी संपत्ति बनाने के गंभीर आरोप लगे हैं। आपको बता दे कि रोजगार सहायक ने अपनी बहन के नाम पर मस्टरोल भर राशि आहरण करने का आरोप भी है।




### फर्जी मजदूरी वितरण

कई वर्षों से, ग्रामीण गरीबों को रोजगार प्रदान करने के लिए सार्वजनिक धन का कथित रूप से श्री यादव द्वारा दुरुपयोग किया जा रहा है। मनरेगा कार्यों के लिए निर्धारित धन कथित रूप से उनके सटीक और विस्तारित परिवार के सदस्यों के खातों में जमा किया जा रहा है, जिसमें उनके माता-पिता, पत्नी, बहन, चाचा, चाची और यहां तक कि चचेरे भाई भी शामिल हैं - उनमें से किसी ने भी कोई श्रम नहीं किया है।

एक प्रलेखित उदाहरण में, श्री यादव की बहन के खाते में उसी दिन मजदूरी जमा की गई जिस दिन वह शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय की परीक्षा दे रही थी। आधिकारिक मनरेगा रिकॉर्ड में कार्यस्थल पर उनकी उपस्थिति गलत दर्ज की गई है, जबकि उनकी शारीरिक उपस्थिति कॉलेज के परीक्षा हॉल में दर्ज की गई थी। इस तरह की जबरदस्त जालसाजी सरकारी रिकॉर्ड के व्यवस्थित दुरुपयोग को दर्शाती है।

### गबन के लिए कियोस्क बैंकिंग का उपयोग

आगे की जांच से पता चलता है कि रोजगार सहायक दुर्योधन प्रसाद यादव एक कियोस्क-सक्षम डिवाइस (कियोस्क ईडी) संचालित करते हैं जिसके माध्यम से वे मनरेगा और प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) लाभार्थियों के नाम पर निकासी की सुविधा प्रदान करते हैं। आरोप है कि ये लेन-देन ज्यादातर फर्जी निकासी हैं।

### शीश महलरू भ्रष्टाचार का स्मारक?

मामूली सरकारी वेतन पाने के बावजूद इस सचिव ने वह घर बनवाया है जिसे स्थानीय लोग शीश महल कहते हैं - एक आलीशान, भव्य आवास जो धन के स्रोतों के बारे में गंभीर सवाल उठाता है। ग्रामीण और मुखबिर यादव की आय से अधिक संपत्ति की जांच और उनके वित्तीय लेन-देन की ऑडिट की मांग कर रहे हैं।

स्थानीय अधिकारियों की भूमिका जांच के दायरे में

स्थानीय मनरेगा कार्यक्रम अधिकारियों और प्रशासनिक अधिकारियों की संलिप्तता या कम से कम लापरवाही के बारे में भी संदेह बढ़ रहा है। कथित तौर पर कई शिकायतों और चेतावनियों को नजरअंदाज किया गया है, जो चुप्पी या मिलीभगत की संभावित सांठगांठ का संकेत देता है।

# निजी स्कूल प्रबंधन किसी स्थान विशेष से किताबें और यूनिफॉर्म खरीदने के लिए नहीं करें बाध्य

### कलेक्टर ने निजी स्कूल संचालकों की बैठक लेकर दिए सख्त निर्देश, कहा-उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

रायगढ़, 22 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने रायगढ़ जिले के निजी स्कूल संचालकों को सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि स्कूल बच्चों पर किसी विशेष पब्लिकेशन की किताब या किसी खास दुकान से ही किताब खरीदने का दबाव नहीं बनाया जाए। स्कूली छात्रों या पालकों पर किताबों को लेकर किसी प्रकार का अनावश्यक आर्थिक बोझ नहीं डाला जाए। कक्षा दसवीं तक सीबीएसई के लिए एनसीइआरटी और छत्तीसगढ़ बोर्ड के लिए एससीइआरटी की किताबें स्कूलों में पढ़ाई जाएं। कक्षा ग्यारवीं और बारहवीं मे छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए यदि अतिरिक्त किताबें लेनी हैं तो वह सुझाव के रूप में बताया जाए, उसे खरीदना अनिवार्य न किया जाए। किसी स्कूल द्वारा यदि इस प्रकार की अनावश्यक शर्तें रखीं जाती हैं तो उसे संज्ञान में लेते हुए स्कूल को संचालन के लिए मिली मान्यता के प्रावधानों के विपरीत मानकर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने यह बातें निजी स्कूल संचालकों और प्राचार्यों की गुरुवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में स्पष्ट की। बैठक में जिला शिक्षाधिकारी के. वेंकट राव भी शामिल हुए।

कलेक्टर चतुर्वेदी ने निजी स्कूल संचालकों से कहा कि आज पालक आपके द्वारा तय की फीस देकर अपने बच्चों को आपके स्कूलों में इसलिए पढ़ा रहे हैं क्योंकि वे अपने बच्चों का अच्छा भविष्य चाहते हैं। ऐसे में यह आपका नैतिक दायित्व है कि बच्चों को अच्छी शिक्षा मिले। इसके लिए आवश्यक है कि स्कूल में स्टडी फ्रेंडली माहौल के साथ ही उन पर किसी अन्य प्रकार का अनावश्यक वित्तीय बोझ न डाला जाए। इसी प्रकार उन्होंने स्कूली यूनिफॉर्म खरीदने को लेकर कहा कि छात्रों को सुझाव दिया जा सकता है, लेकिन किसी स्थान विशेष से खरीदने के लिए बाध्य नहीं किया जाए। पालकों के पास अपनी सुविधानुसार किताबें और यूनिफॉर्म खरीदने की स्वतंत्रता हो। सभी स्कूल प्रबंधन स्पष्ट रूप से यह समझ लें कि किताब और यूनिफॉर्म आपके स्कूल संचालन के अनुशासन की दृष्टि से उठाए गए कदम होने चाहिए। इसमें किसी भी प्रकार का वित्तीय लाभ अर्जन का उद्देश्य स्कूलों का नहीं होना चाहिए।

### देह व्यापार के खिलाफ गढ़उमारिया के ग्रामीण हुए एकजुट

### थाने में शिकायत पर भी कार्रवाई नही, अब पुलिस कप्तान से मिले गांव वाले

रायगढ़, 22 मई (देशबन्धु)। रायगढ शहर के महज 10 किलोमीटर गढ़उमरिया गांव के जामटिकरा में एक परिवार पर वेश्यावृत्ति का आरोप लगा है। ग्रामीणों का कहना है कि इंदिरा साहू और उसके पति राम नारायण साहू के द्वारा बाहर से लड़कियों को लाकर वेश्यावृत्ति कराई जा रही है। इससे गांव का माहौल खराब हो रहा है और बाहर से लड़की लड़कों को बुलाया जाता है और देह व्यापार किया जा रहा है इसकी वजह से गांव की महिलाओं को बुरी नजर से बाहरी लोग देख रहे हैं महिलाओं को परेशानी हो रही है।

ग्रामीणों ने जूटमिल थाना में कई बार शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद गांव की महिलाओं ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर शिकायत की है। ग्रामीणों का आरोप है कि इंदिरा साहू और उसके पति के द्वारा बाहर से लड़कियों को बुलाया जाता है और अपने घर में वेश्यावृत्ति करवाया जाता है। इससे गांव में बाहरी लोगों की आवाजाही बढ़ गई है और महिलाओं को घर से बाहर निकलने में परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि इंदिरा साहू और उसके पति को गांव से निकाला जाए और उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। अगर कार्रवाई नहीं हुई तो ग्रामीण बड़ा आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

# मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह दहेज मुक्त समाज की दिशा में अनुकरणीय संदेश-वित्त मंत्री

### परिणय सूत्र में बंधे 58 जोड़े

### वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने सभी नवविवाहित जोड़ों को 5-5 हजार रुपए प्रदान करने की घोषणा की

रायगढ़, 22 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना अंतर्गत आज महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कृषि उपज मंडी पटेलपाली, रायगढ़ में सामूहिक कन्या विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम जुड़े रहे। वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने सभी नवविवाहित 58 जोड़ों को दाम्पत्य जीवन में प्रवेश के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने गायत्री परिवार शाखा रायगढ़ को सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

वित्त मंत्री चौधरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समाज में दहेज प्रथा से अधिक गलत प्रथा कुछ भी नहीं है। घर की बेटियों को इस कुरीति के चलते कितनी समस्या और कठिनाइयों से गुजरना पड़ता था, यह कल्पना से परे है। सामूहिक विवाह दहेज मुक्त समाज की दिशा में एक सशक्त संदेश है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह के माध्यम से आज परिणय सूत्र में बंध रहे नवदंपत्ति समाज के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं। सामूहिक विवाह कोई निर्धन व्यक्ति करता है ऐसा नहीं है, जो व्यक्ति अपने सोच से समृद्ध होता है वह व्यक्ति ऐसे पुनीत कार्य के माध्यम से समाज को महत्वपूर्ण संदेश देता है, जो आपने किया। विवाह के अनावश्यक खर्च से राहत और नवदंपत्ति को आर्थिक सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना संचालित है। वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने कहा कि हम पूरी प्रतिबद्धता से लगातार जनहितैषी योजनाओं का निर्माण और क्रियान्वयन कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने प्रत्येक नवदंपति जोड़ों को स्वेच्छानुदान स्वरूप 5-5 हजार प्रदान किए। इस अवसर पर महापौर श्री जीवर्धन चौहान ने भी वर-वधू को नव दांपत्य जीवन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।




इस अवसर पर सभापति नगर निगम श्री डिग्री लाल साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष रायगढ़ श्रीमती सुजाता सुखलाल चौहान, जनपद पंचायत अध्यक्ष पुसौर श्रीमती हेमलता हरिशंकर चौहान, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत रायगढ़ श्री रामश्याम डनसेना एवं पुसौर श्रीमती खीरमती चौहान, श्रीमती भाग्यवती डोलनारायण पटेल, ब्रजेश गुप्ता, बीडीसी श्री सुखलाल चौहान, श्रीमती नंदिनी प्रितेश पटेल, दुष्यंत रात्रे, रत्थू गुप्ता, मुक्तिनाथ बबुआ, श्री नरेश पटेल, अमरनाथ रात्रे, यादराम साहू, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री एल.आर.कच्छप सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# राशन घोटाले का आरोपी अस्पताल से आरक्षक को चकमा देकर फरार

### आरोपी को भगाने में उसी के भतीजे ने किया सहयोग

रायगढ़, 22 मई (देशबन्धु)। जिले में राशन वितरण में अनियमितता के अपराध में दुकान संचालक को गिरफ्तार किया गया था। इलाज के लिए जब उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, तो प्लानिंग के तहत आरक्षक को धक्का देकर आरोपी फरार हो गया। घटना चक्रधर नगर थाना क्षेत्र की है।



जानकारी के मुताबिक सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के ग्राम सुर्सी का रहने वाला शेष कुमार साहू धरमजयगढ़ पतरापारा में रहकर राशन दुकान का संचालन करता था। जहां उसने राशन वितरण में गड़बड़ी की। जिसके बाद थाना में अपराध दर्ज होने पर धरमजयगढ़ पुलिस ने उसे सुर्सी गांव से गिरफ्तार किया। इसके बाद कागजी प्रक्रिया पूरी की गई और जब उसकी तबीयत बिगडने लगी, तो आरक्षक सोनेलाल साहू उसे इलाज के लिए लेकर उसके परिजनों के साथ 17 मई को रायगढ़ आया।

जहां जिला अस्पताल में उसे भर्ती कराया जा रहा था, लेकिन आरोपी द्वारा कहा गया कि यहां अच्छा इलाज नहीं होगा। इलाज के अभाव में अगर कुछ होता है तो उसकी पूरी जवाबदारी पुलिस विभाग की होगी। प्राइवेट अस्पताल ले जाने के लिए कहने लगा। जिसके बाद उसे आरक्षक सोनेलाल कुजूर ने मेट्रो अस्पताल में भर्ती कराया।

18 मई को आरक्षक सोनेलाल कुजूर के साथ ड्यूटी करने के लिए आरक्षक प्यारा जीवन टोप्पो को भी भेजा गया। आरोपी के साथ पहले दिन से उसका भतीजा कमलेश साहू भी था और इलाज करा रहा था। मंगलवार की सुबह करीब 4 बजे शेष कुमार साहू और उसका भतीजा कमलेश साहू चुपचाप अस्पताल के कमरे से बाहर आ गए।

जब आरक्षक सोनेलाल कुजूर और प्यारा जीवन टोप्पो ने उसे देखा तो दोनों आरक्षकों ने उसे रोकने की कोशिश की, लेकिन शेष कुमार साहू आरक्षक प्यारा टोप्पो को धक्का देकर गिरा दिया और भागने लगा।

ऐसे में सोनेलाल कुजूर जब उसे पकडने के लिए उसके पीछे दौड़ा, तो कमलेश साहू ने उसे रोकने लगा, लेकिन दोनों आरक्षक जब शेष कुमार को पकडने के लिए दौड़े तो अंधेरे का फायदा उठाकर शेष कुमार साहू फरार गया।

### आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज

इस दौरान मौका पाकर उसका भतीजा कमलेश साहू भी वहां से भाग गया। जिसके बाद सोनेलाल कुजूर ने मामले की सूचना चक्रधर नगर थाना में दी। जहां पुलिस ने शेषकमार साहू व कमलेश साहू के खिलाफ अपराध अपराध कायम कर मामले को विवेचना में लिया है।

### आरोपियों की तालाश जारी

इस संबंध में डीएसपी सुशांतो बनर्जी ने बताया कि अस्पताल में जब आरोपी कमरे से निकला, तो पुलिसकर्मी उसे दौड़ाकर पकडने लगे, लेकिन उसके भतीजे कमलेश ने उन्हें रोक लिया। ऐसे में मौका पाकर आरोपी फरार हो गया। मामले में आरोपियों की तालाश की जा रही है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# गांजा तस्करी में संलिप्त सीएएफ आरक्षक गिरफ्तार

**एम सी बी चिरमिरी,** 22 मई (देशबन्धु)। पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज, दीपक कुमार झा पुलिस अधीक्षक महोदय चंद्रमोहन सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वांडेगावकर एवं नगर पुलिस अधीक्षक चिरमिरी श्रीमती दीपिका मिंज के द्वारा क्षेत्र मे अवैध कार्यों पर सख्ती से कार्यवाही किये जाने एवं नशा विरोधी अभियान चलाये जाने की दिशा निर्देश के परिपालन मे सुलेश कुमार पिता रंग बहादुर सिंह जाति गोंड़ उम्र 31 वर्ष, निवासी ग्राम करीलधोवा सलबा थाना बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.) द्वारा एक काले रंग के मोटर सायकल हीरो सुपर स्पलेण्डर क्र. सी.जी. 16 सी.आर. 2139 मे गांजा रखकर गांजा बिकी परिवहन करने बंजारीडांड़ तरफ से खड़गवां चिरमिरी की ओर जा रहा है सूचना पर हमराह स्टॉफ के घेराबंदी कर आरोपी के मोटर सायकल के डिक्की से 02 किलो 195 ग्राम कीमती 30,000 रू. को आरोपी के कब्जे से जप्त कर एनडीपीएस एक्ट के विधित प्रावधानो के तहत कार्यवाही कर आरोपी के विरूद्ध थाना खड़गवा के अपराध क्रमांक 93/2025 धारा 20 (बी), 29 एन.डी.पी.एस. एक्ट के प्रकरण मे दिनांक 28.04.2025 को आरोपी सुलेश कुमार को गिर0 कर न्यायिक रिमाण्ड मे भेजा गया था आरोपी से पुछताछ करने पर अपने मेमोरेण्डम कथन में 08वीं बटालियन पेन्ड्री राजनांदगांव मे तैनात आरक्षक क्र. 905 जवान बुंदेलाल से मोबाईल फोन से बातचीत होना और आरक्षक की सलिप्त होना बताने पर वरिष्ट अधिकारियो को अवगत कराया गया जो पुलिस पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज, दीपक कुमार झा, पुलिस अधीक्षक महोदय चंद्रमोहन सिंह, द्वारा प्रकरण में संलिप्त आरक्षक की सूक्ष्मता से जांच कर कार्यवाही करने के निर्देष पर पूर्व मे गिर0 आरोपी सुलेश कुमार एवं बुंदेलाल के मोबाईल फोन का काल डिटेल सायबर सेल से प्राप्त किया गया कॉल डिटेल मे आरोपी सुलेश कुमार एवं बुंदेलाल का लगातार बातचीत एवं संलिप्तता होना एवं घटना दिनांक 28.04.2025 को भी एक दूसरे से बात करना पाये जाने से 08वीं बटालियन पेन्ड्री राजनांदगांव से आरोपी आरक्षक बुंदेलाल को हिरासत मे लेकर थाना खड़गवां लाकर, पुछताछ करने पर जुर्म स्वीकार करते हुये अपने मेमोरेण्डम कथन लेख कराया, जिसमे उसके द्वारा महासमुन्द एवं उडीसा बार्डर, के किसी अन्य व्यक्ति से जान पहचान होने पर गांजा मंगाकर परिवहन कर बिकी करवाता था जो पिछले महीने अपने मोबाईल फोन से उसके पास फोन कर ग्राम करीलधोवा बैकुण्ठपुर के रहने वाले सुलेश कुमार के लिये दो किलो गांजा मंगवा कर उसे बिक्री करने के लिये दिया था, तथा किसी एक अन्य व्यक्ति एवं सुलेश के माध्यम से लगातार गांजा का बिक्री करवाना बताया, तथा गांजा खरीद बिक्री का रकम फोन पे के माध्यम से अपने एकाउंट मे लेना तथा पूर्व मे भी महासमुंद जिला मे 09 किलोग्राम गांजा के सांथ मे पकड़े जाने पर चालान होना बताया, मेमोरेण्डम कथन अनुसार आरोपी बुंदेलाल का विवो कम्पनी का मोबाईल फोन मय सिम के बरामद कर, अवलोकन करने पर, बुंदेलाल के द्वारा फोन पे के माध्यम से किसी एक अन्य व्यक्ति से लगातार लेन देन करना पाये जाने से उक्त मोबाईल फोन जप्त कर, आरोपी का उक्त कृत्य धारा 20 बी. 29 एन. डी.पी.एस. एक्ट का घटित करना पाये जाने से आरोपी को दिनांक 19.05.2025 को गिरफ्तार न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया है। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी खडगवां विजय सिंह, स.उ.नि. नईम खान, आर. 174 मो0 आजाद, आर. 116 सोनल पांण्डेय एवं सैनिक प्रमोद साहू का सराहनीय योगदान रहा।



# अज्ञात वाहन से कुचलकर कालेज छात्र की मौत



### खरसिया क्षेत्र में हुआ हादसे का शिकार

रायगढ़, 22 मई (देशबन्धु)। सड़क दुर्घटना में एक छात्र की मौत हो गई। वहीं उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मामले की सूचना पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। मामला खरसिया थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम सोड़का का रहने वाला तेजप्रताप चैहान 19 साल व उसका साथी अनुराग चैहान कॉलेज की पढ़ाई करते थे। ऐसे में कल सुबह करीब 6 बजे दोनों सेकेंड ईयर की परीक्षा देने के लिए बारद्वार जा रहे थे। जहां गांव से बाइक पर सवार होकर निकले और पलगढ़ा पहाड़ के पास जब वे पहुंचे। तभी पीछे से आ रही अज्ञात वाहन के चालक ने उनकी बाइक को जबरदस्त टक्कर मार दी। इससे दोनों बाइक से दूर छिटककर गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। जहां कुछ देर में तेजप्रताप चैहान की मौके पर मौत हो गई। घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ इक्ट्ठा हो गई और मामले की सूचना पुलिस को दी गई। जहां तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को उठाकर अस्पताल ले आयी। डॉक्टर ने घायल अनुराग को ईलाज के लिए रायगढ़ रिफर कर दिया।

# अमलीपाली के समाधान शिविर में शामिल हुए अध्यक्ष खनिज विकास निगम

## पीएम आवास, ई-रिक्शा, लैपटॉप, आयुष्मान कार्ड से हितग्राही हुए लाभान्वित

जांजगीर, 22 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार अंतर्गत जिले के विभिन्न स्थलों में समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज जनपद पंचायत अकलतरा अंतर्गत ग्राम पंचायत अमलीपाली के पूर्व माध्यमिक शाला में, जनपद पंचायत बम्हनीडीह के ग्राम पंचायत खम्हिया में, नगर पालिका परिषद अकलतरा के राजेंद्र कुमार सिंह उ.मा.विद्यालय, कुंवर भुवन भास्कर सिंह बालक पूर्व माध्यमिक शाला और नगर पंचायत खरौद के हरिकीर्तन धर्मशाला में समाधान शिविर का आयोजन किया गया।

ग्राम पंचायत अमलीपाली में आयोजित समाधान शिविर में खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सत्यलता आनंद मिरि कलेक्टर जन्मेजय महोबे जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, एसडीएम अकलतरा विक्रांत अंचल सहित जनप्रतिनिधि, बड़ी संख्या में आम नागरिक शामिल हुए। कलेक्टर सहित जनप्रतिनिधियों ने शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलो




का अवलोकन कर अधिकारियों से सुशासन तिहार में प्राप्त मांगों और शिकायतों के निराकरण की जानकारी ली एवं प्राथमिकता के साथ सभी आवेदनों का निराकण करने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने राजस्व विभाग से संबंधित प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों की जानकारी ली। उन्होंने राजस्व न्यायालय से संबंधित आवेदनों को कैम्प कोर्ट लगाकर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को पीएम सूर्यघर योजना की व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम फरहदा में सड़क मरम्मत के प्राप्त आवेदन पर त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को सड़क का निरीक्षण कर मरम्मत कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होने जिले में आयुष्मान कार्ड के शेष बचे हितग्राहियों को अभियान चलाकर आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिए। इसके साथ शिविर में अधिक से अधिक लोगो का सिकलसेल की जांच करने एवं जन जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। समाधान शिविर आवेदन लेकर पहुंचे ग्राम फरहदा के बुजुर्ग आवेदक को कलेक्टर ने आत्मीयता से कुर्सी पर बैठाकर उनकी समस्या को गंभीरता से सुना एवं एसडीएम एवं संबंधित अधिकारी को त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। शिविर में उपस्थित जन प्रतिनिधियों ने हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास की चाबी, ई-रिक्शा, लैपटॉप, सिलाई मशीन, केसीसी चेक, वय वंदन कार्ड, ऋण पुस्तिका, एमआर किट, लो विजन किट सहित हितग्राहीमूलक सामग्रियों का भी वितरण किया। इसके साथ ही अन्नप्राशन एवं गर्भवती माताओं को गोदभराई तथा शिशुवती माताओं को पोषण आहार वितरण किया। शिविर में विभागीय अधिकारियों द्वारा विभागवार प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी आवेदकों को दी गई।

### धुरकोट, पंतोरा में और नगर पंचायत पामगढ़ व सारागांव में आज

समाधान शिविर अंतर्गत 23 मई को जनपद पंचायत नवागढ़ के ग्राम पंचायत धुरकोट, जनपद पंचायत बलौदा ग्राम पंचायत पंतोरा के शासकीय हाई स्कूल प्रांगण में और नगर पंचायत पामगढ़ के सतानाम सामुदायिक भवन में, नगर पंचायत सारागांव के कुंआ चौंक सारागांव एवं सांस्कृतिक भवन में शिविर आयोजित किया जाएगा।

# नशामुक्ति अभियान और मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान कार्यक्रम में शामिल हुए एसपी

## कोसमंदा में आयोजित जनजागरूकता कार्यक्रम में दिया नशाखोरी से बचने का संदेश

जांजगीर, 22 मई (देशबन्धु)। जिले के नव पदस्थ पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय (आईपीएस) आज चांपा थाना क्षेत्र के ग्राम कोसमंदा में आयोजित नशामुक्ति जनजागरूकता कार्यक्रम में पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने समाज में तेजी से फैल रही नशाखोरी की प्रवृत्ति पर चिंता जताते हुए कहा कि युवाओं को इससे बचाने के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है।

कार्यक्रम के दौरान एसपी श्री पाण्डेय ने ग्रामीणों को नशापान के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देते हुए इसे समाज के लिए घातक बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षा और अपराध एक-दूसरे के विरोधी हैं। जिस युवा को सही दिशा में शिक्षा मिलती है, वह कभी अपराध की ओर नहीं बढ़ता। इस अवसर पर ग्राम पंचायत कोसमंदा के सहयोग से महिला कमांडो का गठन भी किया गया। कमांडो सदस्यों को टोपी और सीटी वितरित कर उन्हें सुरक्षा व निगरानी में सहयोग के लिए प्रेरित किया गया। महिला कमांडो की सूची बनाकर थाना चांपा में संधारित की गई है। एसपी ने आश्वस्त किया कि यदि किसी भी गांव में अवैध शराब की बिक्री की जानकारी मिलती है, तो



पुलिस तत्काल कार्रवाई करेगी। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि पुलिस के आने तक वे अवैध शराब बेचने वालों को पकड़ कर रोकें।

### विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

कार्यक्रम में गांव के सहयोग से बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 10वीं व 12 वीं कक्षा के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह की भी एसपी ने सराहना की और इसे युवाओं के लिए प्रेरणादायी बताया। ग्राम कोसमंदा के बाजारपारा में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, अभिभावक, शिक्षक और छात्र उपस्थित रहे।

## रूचि की अभिव्यक्ति अंतर्गत सपोर्ट पर्सन का इम्पैनलमेंट

जांजगीर, 22 मई (देशबन्धु)। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अनुक्रम में लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 एवं नियम 2020 के प्रावधानों एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा-39 के अधीन सहायक व्यक्तियों के संदर्भ में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा जारी मॉडल गाईडलाईन के क्रियान्वयन हेतु जिले में सपोर्ट पर्सन का इम्पैनलमेंट किया जाना है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि इस हेतु इच्छुक, अनुभवी एवं योग्य व्यक्ति/संस्थाओं से 04 जून तक रूचि की अभिव्यक्ति के आवेदन पत्र आमंत्रित किये गए है। उन्होंने बताया कि आवेदन जिला कार्यकम अधिकारी जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, कार्यालय महिला एवं बाल विकास जिला जांजगीर-चांपा (छग) को प्रेषित करना होगा। रूचि की अभिव्यक्ति के प्रस्ताव/आवेदन का प्रारूप या अन्य कोई जानकारी के लिये कार्यालय में उपस्थित हो कर या जांजगीर-चांपा जिले की वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

# छात्रावास में नौकरी का झांसा देकर 8 लाख की ठगी

## चार साल से फरार आरोपी रायपुर से गिरफ्तार

जांजगीर, 22 मई (देशबन्धु)। आदिम जाति कल्याण विभाग के छात्रावास में नौकरी लगाने के नाम पर 8 लाख रुपए की ठगी के मामले में पुलिस ने चार साल से फरार चल रहे तीसरे आरोपी को रायपुर से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान मुकेश आदित्य (50 वर्ष) के रूप में हुई है। इससे पहले इस मामले के दो अन्य आरोपी बुधराम भरद्वाज और जुज्जावारापू श्रीनिवास को पहले ही जेल भेजा जा चुका है।



यह मामला वर्ष 2021 का है, जब पीड़ित देव नारायण कश्यप ने जांजगीर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि आरोपी हल्द्धश ने उन्हें छात्रावास में नौकरी दिलाने का झांसा देकर 8 लाख रुपए ऐंठ लिए। जब नौकरी नहीं मिली और पैसे वापस मांगे गए, तो आरोपियों ने टालमटोल करना शुरू कर दिया। पुलिस जांच में मामला सही पाए जाने पर दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया गया था। वहीं, मुख्य आरोपी मुकेश आदित्य घटना के बाद से फरार चल रहा था। लगातार तलाश के बाद पुलिस को सूचना मिली कि वह रायपुर में छिपा हुआ है। वहां से गिरफ्तार कर जब पूछताछ की गई तो उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस ने उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

# भक्ति की चरम सीमा हाथों की ताल और पैरों की थिरकन में हुई समाहित, श्रोताओं के बीच मंत्री का भक्तिरस

## श्रीमद् भागवत कथा का हुआ समापन, आचार्य दीपू महराज ने बाची कथा

**एमसीबी/खड़गवां,** 22 मई (देशबन्धु)। सभी के घर में परिजन सब पर बराबर दृष्टि रखते है, नजर रखते है किंतु बच्चे सोचते है कि पापा मुझे कम प्रेम करते है और भाई को ज्यादा प्रेम करते है, तो ये दृष्टि है। संसार हम सब लोगों का विश्वास से, प्रेम से, भक्तिभाव से क्योंकि इस जीवन में भगवान की भक्ति के अलावा अंत में कुछ नहीं है। महराज जी ने अपने कथा में जिक्र किए है कि जो तपता है, वो गलता है, जो गलता है, वो बिगड़ता है, और जो बिगड़ता है वो बनता है और जो बनता है, वो मिटता है । मिटना तो तय है



लेकिन ऐसा काम करके मिटे कि हजारों साल तक लोग आपको याद करे। महराज जी ने कथा में विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से जीवन जीने का तरीका बताया है, ताकि हम शुद्ध रहे, हममें सद्भाव की भावना जागृत हो। उक्त बाते स्थानीय विधायक श्याम बिहारी जायसवाल खड़गवां में खड़गवां वासियों के द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में कथा का श्रवण करने के बाद कही। उन्होंने कहा कि यह संसार बहुत बड़ा है, आप गंगाजी को जानते होगे, मां गंगा जी के नदी में जो रेत का कण है उस एक कण के बराबर एक आदमी का वैल्यू है उससे ज्यादा कुछ नहीं है लेकिन हम सोचते है कि हम ही होशियार है, तो हमको जीवन में सत्संग, सत्कर्म करते रहना है।

# शराब के लिए पैसे मांगकर मारपीट करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

जांजगीर, 22 मई (देशबन्धु)। थाना अकलतरा क्षेत्र में शराब पीने के लिए पैसे की मांग कर अश्लील गाली-गलौच व मारपीट करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दोनों आरोपियों को उनके निवास स्थान नरियरा से पकड़ा।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, 1 मई को लगभग 11 बजे उक्त दोनों आरोपी एक महिला के पास पहुंचे और शराब पीने के लिए पैसे की मांग की। पीड़िता द्वारा पैसे नहीं होने की बात कहने पर आरोपियों ने गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी और मारपीट कर शारीरिक चोट पहुंचाई। इस पर थाना अकलतरा में धारा 296, 119(1), 351(2), 3(5)बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उदयन बेहार के मार्गदर्शन में आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपराध स्वीकार किया, जिसके बाद उन्हें 22 मई को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। इस कार्रवाई में निरीक्षक मणीकांत पाण्डेय, सउनि बी.पी. खाण्डेकर व आरक्षक गौकरण राय की भूमिका रही।

### गिरफ्तार आरोपी

राजीव कुमार साडिल्य उर्फ बाउ (20 वर्ष), निवासी नरियरा, थाना मुलमुला, रूद्र कुमार साडिल्य उर्फ दद्दू, निवासी नरियरा, थाना मुलमुला

# भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्ती, तीन पुलिसकर्मी निलंबित

## एसपी अंकिता शर्मा ने की कठोर कार्रवाई

जांजगीर, 22 मई (देशबन्धु)। जिला सक्ती में भ्रष्टाचार और अनुशासनहीनता के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा ने विभाग के तीन पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई शून्य सहिष्णुता की नीति के तहत की गई है।



निलंबित पुलिसकर्मियों में सहायक उप निरीक्षक हीरा राम सावरा, प्रधान आरक्षक पुष्पेन्द्र कंवर तथा आरक्षक दीपक साहू शामिल हैं।

इन तीनों पर आबकारी संबंधी प्रकरण में पैसों के लेन-देन से जुड़े गंभीर आरोप सामने आए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, आरोपों की प्रारंभिक जांच में इन पुलिसकर्मियों की भूमिका संदिग्ध पाई गई।

इसके मद्देनज़र एसपी सुश्री शर्मा ने अनुशासनहीनता को गंभीरता से लेते हुए निलंबन की कार्रवाई की और मामले की जांच के आदेश भी जारी कर दिए हैं।

एसपी कार्यालय से जारी बयान में स्पष्ट किया गया है कि विभाग में भ्रष्टाचार या किसी भी प्रकार की अनियमितता को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## 73 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब बरामद, 6 आरोपी गिरफ्तार

जांजगीर, 22 मई (देशबन्धु)। जिले में अवैध शराब के कारोबार पर रोक लगाने के लिए पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई त्वरित कार्यवाही में कुल 73 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब जब्त कर 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

इस कार्रवाई का नेतृत्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उदयन बेहार द्वारा किया गया। अलग-अलग थाना क्षेत्रों की गई कार्यवाही में थाना बलौदा क्षेत्र में अभिलेष कुमार कुर्रे (22 वर्ष), निवासी जर्वे के कब्जे से 8 लीटर अवैध महुआ शराब बरामद। थाना पामगढ़ क्षेत्र में दयाराम शास्त्री (44 वर्ष), निवासी मेंउभांठा से 30 लीटर, संतन यादव (56 वर्ष), निवासी बोरसी से 8 लीटर, और योगेन्द्र नारंगे (42 वर्ष), निवासी भिलौनी से 6 लीटर महुआ शराब जब्त। थाना चाम्पा क्षेत्र में लक्ष्मीनारायण उरांव (30 वर्ष), निवासी सिवनी से 11 लीटर शराब बरामद। थाना बिर्रा क्षेत्र में कुमार गोड़ (25 वर्ष), निवासी सबरीया डेरा बिर्रा के कब्जे से 10 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब जब्त की गई। पुलिस ने कुल 14,600 रुपए मूल्य की अवैध महुआ शराब को ज़ब्त करते हुए सभी आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उन्हें न्यायिक रिमाण्ड पर भेज दिया है।

# नहर किनारे मिला पेट्रोल पंप कर्मचारी का शव

## क्षेत्र में फैली सनसनी, 5 बेटियों के परिवार का था इकलौता सहारा

जांजगीर, 22 मई (देशबन्धु)। जिले के बारगांव इलाके में उस वक्त हड़कंप मच गया जब राहगीरों ने नहर किनारे एक युवक का शव पड़ा देखा। मृतक की पहचान पामगढ़ स्थित पंकज पेट्रोल पंप के कर्मचारी संजय टंडन (35) के रूप में की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, संजय बुधवार दोपहर लगभग 12 बजे पेट्रोल पंप से निकले थे। देर रात तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। इसी दौरान राहगीरों को नहर किनारे शव दिखाई दिया, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस जांच में सामने आया है कि



संजय शराब पीने के आदी थे। उनके शरीर पर किसी तरह के चोट के निशान नहीं मिले हैं। मौत का असली कारण पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सामने आएगा।

## सार-संक्षेप

### भाजपा मंडल डभरा के जनक साहू उपाध्यक्ष बने



**डभरा,** 22 मई (देशबन्धु)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के निर्देशानुसार भारतीय जनता पार्टी शक्ति के जिला अध्यक्ष टिकेश्वर सिंह गबेल के अनुशंसा पर भाजपा मंडल डभरा की कार्यकारिणी गठित की गई है। वही भाजपा मंडल डभरा के अध्यक्ष पद पर दिनेश बरेठ है। भाजपा मंडल डभरा की कार्यकारिणी में कई भाजपा कार्यकर्ताओं को संगठन में जिम्मेदारी की दी गई है जिसमें भाजपा मंडल डभरा में उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी षष्ठी देवी चंद्रा गिरिजा टंडन जनक राम साहू घनश्याम गुप्ता रवि को एवं महामंत्री पद पर मनोज पटेल रघुनंदन सिंह चंद्रा को बनाया गया है मंत्री पद पर राजू बरेठ सुश्री रानू सिदार एवं खगेश्वरी सुरेश चंद्रा कोषाध्यक्ष दिलीप गुप्ता सह कोषाध्यक्ष बालाराम यादव कार्यालय प्रभारी सुभाष अग्रवाल कार्यालय सह प्रभारी अंजनी बरेठ व मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र चंद्रा सोशल मीडिया प्रभारी देवराम बरेठ प्रचार प्रसार प्रमुख प्रभात पटेल कार्यकारीणी सदस्य बाबूलाल चंद्रा वीरेंद्र चंद्रा घनश्याम साहू गौरी बर्मन उत्तम चंद्रा को बनाया गया है। वहीं भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश बरेठ ने बताया कि डभरा मंडल की नई कार्यकारिणी गठित होने से भाजपा संगठन को मजबूती मिलेगी और भाजपा के सभी पदाधिकारी केंद्र एवं छत्तीसगढ़ सरकार की सभी जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में अंतिम छोर के व्यक्तियों तक गांव-गांव में पहुंचाएंगे एवं बूथ स्तर से लेकर संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे।

### भीम आर्मी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष ने सारंगढ़ में लिया समीक्षा बैठक



**सारंगढ़,** 22 मई (देशबन्धु)। भीम आर्मी छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश आजाद संगठन विस्तार को लेकर समस्त जिला कमेटी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को बैठक लेकर दिशा निर्देश दिया साथ ही राष्ट्रीय कमेटी के आदेशों का कड़ाई से पालन करने का भी निर्देश दिया इस दौरान भीम आर्मी छत्तीसगढ़ प्रदेश उपाध्यक्ष व बस्तर संभाग प्रभारी संतोष कुमार निराला, प्रदेश महासचिव व बिलासपुर संभाग प्रभारी मनिंदर सिंह आजाद, जिला अध्यक्ष आपुर बंजारे, जिला अध्यक्ष सुशील अनंत ,जिला उपाध्यक्ष अमित जायसवाल, जिला महासचिव अजय खूंटे , जिला महासचिव मनोज जांगड़े, जिला मीडिया प्रभारी वासु बजाज , आईटी सेल प्रभारी राजेश भास्कर, सारंगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष निर्मल निराला, एवं भीम आर्मी के तमाम कार्यकर्ता व सदस्यगण उपस्थित रहे सभी साथियों ने बहुजन मिशन को आगे बढ़ने का संकल्प लिया ।

### जोरा, सकरतुंगा और कोसीर में आज होगा समाधान शिविर

**सारंगढ़ बिलाईगढ,** 22 मई (देशबन्धु)। बिलाईगढ़ ब्लॉक के ग्राम जोरा, सारंगढ़ ब्लॉक के कोसीर और बरमकेला ब्लॉक के ग्राम पंचायत सकरतुंगा में 23 मई को प्रातः 10 बजे से शाम 3 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। इस शिविर में आसपास के ग्राम पंचायत और उनके आश्रित गांव के साथ जिले के नागरिक आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। समाधान शिविर में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। हितग्राही मूलक योजनाओं के आवेदन पत्र उपलब्ध कराए जाएंगे। समाधान शिविर में विकासखंड, अनुभाग एवं जिला स्तर के अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### समाधान शिविर में शामिल हुए जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पाण्डेय

**सारंगढ,** 22 मई (देशबन्धु)। सुशासन समाधान शिविरों ग्राम बोंदा व नगरपालिका परिषद सारंगढ के जेलपारा में जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पाण्डेय शामिल हुए जहाँ उनके साथ कलेक्टर संजय कन्नौजे जिला पंचायत सीईओ बर्मन जनपद पंचायत सीईओ नायक उपाध्यक्ष जिला पंचायत अजय जवाहर नायक सभापति सरिता मुरारी नायक मण्डल अध्यक्ष मनोज जायसवाल व अधिवक्ता दीपक तिवारी शामिल हुए जहां नागरिकों ने विभिन्न प्रकार की मांग व शिकायत सम्बंधित आवेदन दिए जिसमें पीएचई के आधे अधूरे निर्माण के कारण हो रही पेयजल की समस्या व उचित मूल्य दुकान की अव्यवस्था की शिकायत प्रमुख रहीं।

### सुशासन तिहार के समाधान शिविर में शामिल हुए जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पाण्डेय



**सारंगढ,** 22 मई (देशबन्धु)। आज के सुशासन समाधान शिविरों ग्राम बोंदा व नगरपालिका परिषद सारंगढ के जेलपारा में जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पाण्डेय शामिल हुए जहाँ उनके साथ कलेक्टर संजय कन्नौजे जिला पंचायत सीईओ बर्मन जनपद पंचायत सीईओ नायक उपाध्यक्ष जिला पंचायत अजय जवाहर नायक सभापति सरिता मुरारी नायक मण्डल अध्यक्ष मनोज जायसवाल व अधिवक्ता दीपक तिवारी शामिल हुए जहां नागरिकों ने विभिन्न प्रकार की मांग व शिकायत सम्बंधित आवेदन दिए जिसमें पीएचई के आधे अधूरे निर्माण के कारण हो रही पेयजल की समस्या व उचित मूल्य दुकान की अव्यवस्था की शिकायत प्रमुख रहीं।

### सुशासन तिहार में मिली शिकायत पर तत्काल कार्रवाई, पर्यवेक्षक चिन्ता तिवारी का स्थानांतरण

**एमसीबी,** 22 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर के निर्देशन पर महिला एवं बाल विकास अधिकारी ने विगत 20 मई 2025 को कठौतिया में आयोजित सुशासन तिहार के अवसर पर कछौड़ सेक्टर की कुछ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा जिला के प्रभारी मंत्री राम विचार नेताम एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के समक्ष सेक्टर पर्यवेक्षक श्रीमती चिन्ता तिवारी के संबंध में गंभीर शिकायत प्रस्तुत की गई। उक्त शिकायत को मंत्री द्वय ने कार्यक्रम स्थल पर ही गंभीरता से लेते हुए तत्क्षण निर्देशित किया कि संबंधित सेक्टर की पर्यवेक्षक को तत्काल प्रभाव से उनके वर्तमान प्रभार से हटाते हुए अन्यत्र पदस्थ किया जाए।

# देश विदेश

## ग्रीस में आया 6.0 तीव्रता का भूकंप, सुनामी की चेतावनी जारी

**एथेंस**, 22 मई (एजेंसियां)। ग्रीस में 6.0 तीव्रता का भूकंप आया है, जिसके बाद सुनामी की चेतावनी जारी की गई। जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज ने बताया कि ग्रीस के क्रेते के तट के पास गुरुवार को 6.0 तीव्रता का भूकंप आया। जर्मन रिसर्च सेंटर ने बताया कि भूकंप सुबह 6:19 बजे आया, जो क्रेते के उत्तर-पूर्व में एलौंडा से 58 किमी दूर और 60 किमी गहराई में था। भूकंप के कारण यूरोपीय अधिकारियों ने सुनामी की चेतावनी भी जारी की। रिपोर्ट्स के अनुसार, इस भूकंप के कारण कोई क्षति नहीं हुई है। भूकंप क्रेते और आसपास के द्वीपों में महसूस किया गया और इस कारण स्थानीय लोग भी घबरा गए। रिपोर्ट्स के अनुसार भूकंप के बाद कई झटके महसूस किए गए।

# नेतन्याहू ने दोहराया गाजा पर पूर्ण कब्जे का इरादा

- ट्रंप से मतभेद की खबरों को बताया बेबुनियाद
- नेतन्याहू ने हमास की शर्तों को किया खारिज



**यरूशलम**, 22 मई (एजेंसियां)। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा पर पूरी तरह से कब्जा करने के अपने इरादे को दोहराया और युद्ध समाप्ति के लिए किसी भी प्रकार के समझौते की संभावना से इनकार किया। उन्होंने कहा कि गाजा में 20 बंधक अब भी जीवित हैं, जबकि 38 अन्य के मारे जाने की आशंका है।

पश्चिम यरूशलम स्थित अपने कार्यालय में बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में नेतन्याहू ने अपनी मंशा जाहिर की। फिलिस्तीनी संगठन हमास ने बार-बार यह स्पष्ट किया है कि वह युद्ध समाप्ति, गाजा से इजरायली सेना की वापसी और फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई के बदले में इजरायली बंदियों को एकमुश्त रिहा करने के लिए तैयार है। नेतन्याहू ने इन शर्तों को खारिज कर दिया है। इसके बजाय उन्होंने फिलिस्तीनी प्रतिरोध समूहों के निरस्त्रीकरण की मांग की है और गाजा पर पूरी तरह से फिर से कब्जा करने पर जोर दिया है। नेतन्याहू ने दावा किया कि एक बार ये लक्ष्य हासिल हो जाने के बाद, इजरायल तथाकथित ट्रंप योजना को लागू करने के लिए आगे बढ़ेगा जिसे व्यापक रूप से गाजा से फिलिस्तीनियों के पुनर्वास की रूपरेखा के रूप में देखा जाता है। नेतन्याहू ने ट्रंप की खाड़ी यात्रा के बाद अमेरिकी प्रशासन के साथ मतभेद की अटकलों को भी खारिज कर दिया।

## नफरत व कट्टरता की अमेरिका में कोई जगह नहीं : ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार देर रात (अमेरिकी समयानुसार) वाशिंगटन में कैपिटल यहूदी संग्रहालय के बाहर इजरायली दूतावास के दो कर्मचारियों की गोली मारकर हत्या किए जाने की कड़ी निंदा की है। उन्होंने इसे यहूदी विरोधी कृत्य बताया है। अमेरिकी होमलैंड सिक्योरिटी के अनुसार, पीड़ित इजरायली दूतावास के एक पुरुष और एक महिला कर्मचारी हैं, जिनको अज्ञात हमलावर ने म्यूजियम से बाहर निकलते समय गोली मार दी। अधिकारियों ने हत्या की पुष्टि की और इसे यहूदी-विरोधी भावना से प्रेरित अपराध मानकर एक बहु-एजेंसी जांच शुरू की। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट करते हुए लिखा कि डीसी में ये भयानक हत्याएं, जो स्पष्ट रूप से यहूदी-विरोधी हैं, इन्हें अब खत्म होना चाहिए। नफरत और कट्टरता का अमेरिका में कोई स्थान नहीं है। पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना। बहुत दुख की बात है कि ऐसी चीजें भी हो सकती हैं, भगवान आप सभी का भला करे। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भी हत्याओं की निंदा की और कहा, यह कायराना, यहूदी-विरोधी हिंसा का एक निंदनीय कृत्य था। कोई गलती न करें, हम जिम्मेदार लोगों का पता लगाएंगे और उन्हें न्याय के कटघरे में लाएंगे। इजरायल में अमेरिकी राजदूत माइक हुकाबी ने भी घटना पर गुस्सा व्यक्त किया। उन्होंने इसे आतंक का भयानक कृत्य बताया।



## शहबाज शरीफ ने दिया भारत के साथ सऊदी अरब में वार्ता का प्रस्ताव

**इस्लामाबाद**, 22 मई (एजेंसियां)। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने गुरुवार को सऊदी अरब में भारत के साथ वार्ता की पेशकश की। उन्होंने कहा कि अमेरिका दोनों देशों के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभा सकता है। राजधानी इस्लामाबाद में पत्रकारों से बात करते हुए प्रधानमंत्री शरीफ ने कहा कि, भारत और पाकिस्तान के बीच अगर वार्ता होती है तो वह एनएसए स्तर पर होगी। बातचीत का एजेंडा कश्मीर, पानी, आतंकवाद और व्यापार पर केंद्रित होगा। पाकिस्तान-भारत वार्ता के दौरान ये मुख्य बिंदु होंगे। शहबाज ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव धीरे-धीरे कम हो रहा है, दोनों पक्षों के डीजीएमओ एक-दूसरे से बातचीत करने लगे हैं। उन्होंने कहा कि अगर दोनों कट्टर प्रतिद्वंद्वियों के बीच वार्ता होती है तो पाकिस्तान का नेतृत्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार करेंगे। वार्ता के लिए सऊदी अरब तटस्थ स्थान हो सकता है। अमेरिका मध्यस्थता कर सकता है। लेकिन भारत ने अभी तक बातचीत के लिए किसी तटस्थ स्थान पर सहमति नहीं जताई है। पाकिस्तान के पीएम ने कहा कि जनरल असीम मुनीर को फील्ड मार्शल के पद पर पदोन्नत करने का फैसला संघीय कैबिनेट में परामर्श और नवाज शरीफ से मंजूरी मिलने के बाद सरकार ने लिया था।



- भारत ने अभी तक बातचीत के लिए किसी तटस्थ स्थान पर सहमति नहीं जताई

## सुडोकू 6921

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | 7 | 8 | | 6 | | 4 |
| | 5 | 8 | | 2 | 4 | | | |
| 4 | | | | 5 | | 1 | 8 | |
| 2 | | | | | 6 | | 1 | 9 |
| | 3 | 9 | 2 | | 8 | 4 | 6 | |
| 8 | 4 | | 5 | | | | | 7 |
| | 8 | 3 | | 1 | | | | 6 |
| | | | 4 | 3 | | 2 | 9 | |
| 9 | | 4 | | 6 | 5 | | 3 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6921

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. प्राचीन कालीन, प्राचीन काल की बातों के अनुसंधान तथा अध्ययन संबंधी
४. कारखाना, लोहे-लकड़ी की चीजों के निर्माण या अन्य वस्तुओं के निर्माण की जगह
६. किसी चीज का टूटा हुआ हिस्सा
७. हिमालय की बर्फीली चोटियों पर प्राप्त बड़े-बड़े पदचिन्हों वाला कल्पित रहस्यमय प्राणी, येति
८. पैरों की धूल
१०. रवैया, रीति-रिवाज, तौर-तरीका
११. जिस किसी कारण वश अपने स्थान या पद से हट जाना पड़ा हो, पदच्युत
१३. एक प्रकार का श्वांस रोग
१४. सौगंध, कसम, हलफ़
१५. सिरमौर (उर्दू)
१७. लौटा या लौटाया हुआ, पुनः प्राप्त
१९. सूचित करना
२१. ध्यान बंटा कर दिया गया धोखा
२१. कलंकित
२४. नगरवासी

**ऊपर से नीचे:-**

१. धार्मिक कृत्य कराने वाला
२. व्यंग्य या चुटीली बातें करना (मुहावरा)
३. कड़वी एवं अप्रिय बात
४. कठोरता
५. चालाक, काइयां, चोर, गठकतरा (उर्दू)
९. जनता की भावना
११. दानव, राक्षस
१२. मोती, सीप से उत्पन्न
१३. या
१४. बलि चढ़ाकर शांति-रक्षा का प्रयास करने वाला
१५. साथ चलने वाला, साथी
१६. किसी के शरीर या वातावरण की उष्णता
१८. चिड़िया, पक्षी (उर्दू)
१९. बहरा
२०. अबोध, मूर्ख (उर्दू)
२३. किसी फल आदि का निचोड़, आनंद भाव

### वर्ग पहेली-6920

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ प | रा | २ का | ष्ठा | ■ | ■ | ३ बे | ल | ४ गा | म |
| रि | ■ | न | ■ | ५ अ | द्दा | ई | ■ | यि | ■ |
| ६ प | ता | का | ■ | वि | ■ | ७ मा | र | का | ८ ट |
| क्व | ■ | क | ■ | ९ भ | वा | नी | ■ | ■ | र |
| ■ | १० उ | च्चा | ११ यु | क्त | ■ | ■ | १२ अ | टू | ट |
| ■ | जा | ■ | द्ध | ■ | १३ अ | चं | भा | ■ | रा |
| १४ ना | ला | १५ य | क | ■ | पि | ■ | १६ व | १७ र | ना |
| स | ■ | ज | ■ | १८ आ | तु | १९ र | ■ | सा | ■ |
| २० म | हि | मा | ■ | लं | ■ | २१ ज | हा | ल | २२ त |
| झ | ■ | २३ न | क | ब | ज | नी | ■ | ■ | म |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### सुडोकू 6921 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 1 | 2 | 7 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 |
| 6 | 5 | 8 | 1 | 2 | 4 | 9 | 7 | 3 |
| 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 3 | 1 | 8 | 2 |
| 2 | 7 | 5 | 3 | 4 | 6 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 7 | 8 | 4 | 6 | 5 |
| 8 | 4 | 6 | 5 | 9 | 1 | 3 | 2 | 7 |
| 7 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 5 | 4 | 6 |
| 5 | 6 | 1 | 4 | 3 | 7 | 2 | 9 | 8 |
| 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 5 | 7 | 3 | 1 |

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : शुक्रवार 23 मई, 2025 ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 11**

### राशिफल

मेष - आप का दिन अस्वस्थता और चिंता में गुजरेगा। सर्दी, कफ और बुखार आपको हो सकता है। किसी का भला करने की जगह आज अपने काम में ही व्यस्त रहें। किसी से पैसों का लेन-देन न करें।

वृषभ - आज का दिन सावधानीपूर्वक गुजारें। आप का मन अनेक प्रकार की चिंताओं में रहने वाला है। स्वास्थ्य बिगड़ सकता है और आंखों में पीड़ा होने की संभावना है। आत्मीयजनों एवं परिवारजनों से विरोध होगा।

मिथुन - आपका तन-मन स्वस्थ और आनंद में रहेगा। ऑफिस में लोग आपके काम की प्रशंसा करेंगे। अधिकारी भी आपके काम की सराहना करेंगे। प्रोत्साहन देंगे। आपकी पदोन्नति भी हो सकती है।

कर्क - आज आप धार्मिक काम में व्यस्त रहने वाले हैं। कहीं धार्मिक यात्रा पर जाना हो सकता है। तन-मन से आप खुश रहेंगे। आपकी किस्मत चमकने की पूरी संभावना है। दोस्तों के साथ भी अच्छा समय व्यतीत कर सकेंगे।

सिंह - आज का दिन थोड़ा परेशानी से भरा है। आपको स्वास्थ्य का ध्यान रखना पड़ेगा। खान-पान में ध्यान नहीं रखने से बीमारी के पीछे खर्च होगा। मन में नेगेटिविटी को न आने दें। पारिवारिक सदस्यों के साथ संभलकर रहना पड़ेगा।

कन्या - आज का दिन आपके लिए अनुकूल है। प्रिय व्यक्ति के साथ आपकी निकटता आपको आनंदित करेगी। अपने वैवाहिक जीवन में अधिक आत्मीयता का अनुभव करेंगे। आप प्रिय पात्रों के साथ समय बिताना पसंद करेंगे।

तुला - आपके घर में सुख- शांति बनी रहेगी। अच्छे अवसर आएंगे। काम में सफलता और प्रतिष्ठा दोनों प्राप्त होगी। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। किसी जरूरी जगह पर खर्च की संभावना है। नौकरी में आपकी प्रगति होगी।

वृश्चिक - आपका स्वास्थ्य थोड़ा नाजुक रहेगा। संतान की तकलीफ चिंता का कारण बन सकती है। किसी काम के पूरा नहीं होने से अपयश मिल सकता है। आपको शेयर- सट्टे के काम में आज नहीं पड़ना चाहिए।

धनु - आज आप में शारीरिक और मानसिक स्फूर्ति और ताजगी का अभाव रहेगा। परिवार में क्लेश कलह का वातावरण रहने से आपका मन उदास रहेगा। अनिद्रा सताएगी। माता के स्वास्थ्य को लेकर सावधानी बरतें।

मकर - दैनिक काम में परिस्थिति आपके अनूकूल होने से आप स्वस्थ रहेंगे। पारिवारिक जीवन की समस्या हल होगी। जायदाद और संपत्ति से सम्बंधित विवाद हल होंगे। आपको व्यापार में वित्तीय लाभ हो सकता हैं।

कुंभ - यदि आप वाणी पर अंकुश रखेंगे, तो बहुत-सी परेशानियों से बच सकेंगे। किसी विवाद में आज ना पड़ें। कोई अनावश्यक खर्च आपको परेशान कर सकता है। आपको किसी भी काम में मनोनुकूल सफलता नहीं मिलेगी।

मीन - आपका दिन मौज मस्ती से भरपूर रहेगा। परिवार में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। किसी शुभ प्रसंग के आयोजन की संभावना है। नए काम शुरू करने के लिए भी दिन अच्छा है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# नए विध्वंसक जहाज की लांन्चिंग के दौरान हुई दुर्घटना : उत्तर कोरिया

> यह एक गंभीर दुर्घटना व आपराधिक कृत्य था, जो पूरी तरह से लापरवाही और अनुभवहीनता की वजह से हुआ। इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है : किम जोंग-उन



**सियोल**, 22 मई (एजेंसियां)। उत्तर कोरिया ने गुरुवार को कहा कि पिछले दिन एक नए युद्धपोत को लांच करने के समारोह के दौरान एक गंभीर दुर्घटना घटी। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन ने इस घटना को एक आपराधिक कृत्य बताते हुए कहा है कि इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने बताया कि बुधवार को पूर्वी बंदरगाह शहर चोंगजिन में एक शिपयार्ड में नवनिर्मित 5,000 टन के विध्वंसक जहाज को लॉन्च करने के समारोह के दौरान दुर्घटना हुई। घटना के दौरान उत्तर कोरिया के कई नेता भी उपस्थित थे। यह घटना अनुभवहीनता और परिचालन में लापरवाही का परिणाम हो सकती है क्योंकि स्टर्न लॉन्च स्लाइड पहले निकल गई और फंस गई। इस दौरान युद्धपोत के निचले भाग के कुछ हिस्से क्षतिग्रस्त हो गए, इससे युद्धपोत का संतुलन बिगड़ गया।

केसीएनए के मुताबिक इस घटना के बाद उत्तर कोरिया के नेता किम ने कहा कि यह एक गंभीर दुर्घटना और आपराधिक कृत्य था, जो पूरी तरह से लापरवाही और अनुभवहीनता की वजह से हुआ। इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है।

उन्होंने जून में होने वाली सत्तारूढ़ वर्कर्स पार्टी ऑफ कोरिया की पूर्ण बैठक से पहले युद्धपोत की स्थिति को ठीक करने और दुर्घटना की जांच का आदेश दिया। किम ने कहा कि युद्धपोत की तत्काल बहाली केवल एक व्यावहारिक मुद्दा नहीं है, बल्कि एक राजनीतिक मुद्दा है।

## उत्तर कोरिया ने कई क्रूज मिसाइलें दागी

**सियोल।** दक्षिण कोरिया की सेना ने गुरुवार को कहा कि उत्तर कोरिया की तरफ से पूर्वी सागर की ओर कई क्रूज मिसाइलें दागीं गई हैं। यह घटना प्योंगयांग के एक नए युद्धपोत के प्रक्षेपण के दौरान हुई गंभीर दुर्घटना के ठीक एक दिन बाद हुई। उत्तर कोरिया ने पहले कहा था कि बुधवार को एक नए नौसैनिक विध्वंसक के प्रक्षेपण समारोह के दौरान उसके कुछ हिस्से नष्ट हो गए थे। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन ने इसे एक आपराधिक कृत्य बताया जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।



ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने कहा, सुबह करीब 9 बजे दक्षिण हैमग्योंग प्रांत के सोंडोक क्षेत्र से उत्तर कोरिया के मिसाइल प्रक्षेपण का पता चला। हालांकि मिसाइलों की संख्या के बारे में कोई पुख्ता जानकारी नहीं मिली।

## पाकिस्तान व ईरान से 3300 से अधिक अफगान परिवार स्वदेश लौटे

**काबुल**, 22 मई (एजेंसियां)। अफगानिस्तान के पड़ोसी देश ईरान और पाकिस्तान से पिछले सप्ताह 3119 अफगान परिवार स्वदेश लौटे है, जिनमें कुल 18,640 सदस्य हैं। अफगानिस्तान के उच्चायोग ने यह जानकारी है। उन्होंने कहा कि शरणार्थी पूर्वी नंगरहार प्रांत में तोरखम सीमा क्रॉसिंग, दक्षिणी कंधार प्रांत में स्पिन बोल्डक सीमा क्रॉसिंग, पश्चिमी हेरात प्रांत में इस्लाम कला सीमा क्रॉसिंग, पश्चिमी निमरोज प्रांत में अबरीशाम सीमा क्रॉसिंग और दक्षिणी हेलमंद प्रांत में बहरामचा सीमा क्रॉसिंग पॉइंट के माध्यम से स्वदेश लौटे हैं।



उच्चायोग लौटने वालों के लिए उनके संबंधित प्रांतों में अस्थायी आश्रय, पोषण, पानी, चिकित्सा देखभाल और परिवहन सेवाएं प्रदान करता है। लगभग 70 लाख अफगान शरणार्थी में से अधिकांश अनिर्दिष्ट प्रवासी हैं, जो वर्तमान में विदेश में रह रहे हैं, जिनमें से अधिकांश ईरान और पाकिस्तान में रहते हैं। गौरतलब है कि दोनों देशों के प्राधिकारियों ने बिना दस्तावेज वाले विदेशी नागरिकों से स्वदेश लौटने को कहा है।

## सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने टोक्यो में की महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित

**टोक्यो**, 22 मई (एजेंसियां)। जेडीयू से सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने टोक्यो के एडोगावा में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करके अपनी जापान यात्रा शुरू की। इसके बाद सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को टोक्यो में जापान के शीर्ष नेताओं से मुलाकात की और ऑपरेशन सिंदूर के वैश्विक आउटरीच अभियान के तहत आतंकवाद के खिलाफ भारत के अडिग रुख की पुष्टि की।

इस प्रतिनिधिमंडल में जेडीयू से सांसद झा, भाजपा सांसद अपराजिता सारंगी और बृजलाल, तृणमूल कांग्रेस सांसद अभिषेक बनर्जी, सीपीआई (एम) के राज्यसभा सदस्य जॉन बैरिटास और वरिष्ठ कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद शामिल हैं। यह प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को टोक्यो पहुंचा। इनके पहुंचने के बाद से ही ऑपरेशन सिंदूर पर भारत की व्यापक कूटनीतिक पहल की शुरुआत भी हो गई।

जेडीयू सांसद ने एक्स पर पोस्ट किया कि टोक्यो के एडोगावा में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करके अपनी यात्रा की शुरुआत की। जुलाई 2024 में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इस प्रतिमा का अनावरण किया था। यह शांति और भारत-जापान मित्रता का प्रतीक है। जापान में बापू की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करना उनके अहिंसा और सद्भाव के शाश्वत सिद्धांतों के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। यह प्रतिनिधिमंडल ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और सीमा पार आतंकवाद को बढ़ावा देने में पाकिस्तान की भूमिका को उजागर करेगा। टोक्यो पहुंचने पर प्रतिनिधिमंडल का जापान में भारतीय राजदूत सिबी जॉर्ज ने स्वागत किया। इसके अतिरिक्त, प्रतिनिधिमंडल को राजदूत सिबी जॉर्ज द्वारा भी जानकारी दी गई।



## आज का इतिहास

1568 – नीदरलैंड ने स्पेन से अपनी स्वतंत्रता की घोषणा की।
1915 – प्रथम विश्व युद्ध इटली लंदन संधि के अपने हिस्से को पूरा करने के लिए मित्र राष्ट्रों में शामिल हुए।
1919 – जयपुर राजघराने की राजमाता रही महारानी गायत्री देवी का जन्म।
1923 – राजस्थानी भाषा के प्रसिद्ध साहित्यकार अन्नाराम सुदामा का जन्म।
1930 – प्रसिद्ध भारतीय इतिहासकार तथा पुरातत्त्ववेत्ता राखालदास बंद्योपाध्याय का निधन।
1934 – ऑटो-लाइट स्ट्राइक टोलेडो की लड़ाई में समाप्त हो गई।
1948 – यूएस कंसुल जनरल के थॉमस सी वासन, की हत्या यरूशलेम, इज़रायल में हुई।
1949 – जर्मनी के संघीय गणराज्य के लिए मूल कानून घोषित किया गया।
1995 – जावा प्रोग्रामिंग भाषा का पहला संस्करण जारी किया गया।
1998 – उत्तरी आयरलैंड में एक जनमत संग्रह में गुड फ्राइडे समझौता स्वीकार किया गया था।
2004 – बंगलादेश में तूफ़ान के कारण मेघना नदी में नाव डूबने से 250 डूबे।
2006 – अलास्का स्ट्रेटोवोल्कोनो माउंट क्लीवलैंड में विस्फोट हुआ।
2010 – तेलुगू चलचित्र गीतकार वेतुरी सुंदरम्मा मूर्ति का निधन।
2010 – भारत के उच्चतम न्यायालय ने बिना विवाह किये महिला और पुरुष का एक साथ रहना अपराध नहीं माना।
2013 – स्कागिट नदी पर इंटरस्टेट पांच पुल वाशिंगटन के माउंट वर्नोन में गिर गया।

**तैयारी** *अगले सप्ताह रूस-यूक्रेन शांति वार्ता की मेजबानी कर सकता है वेटिकन*

# रूस व यूक्रेन के बीच 16 मई को इस्तांबुल में हुई थी बातचीत

**हेलसिंकी**, 22 मई (एजेंसियां)। फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब ने राष्ट्रीय चैनल येल को दिए एक इंटरव्यू में कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच बातचीत अगले हफ्ते वेटिकन में हो सकती है। स्टब ने बुधवार शाम कहा कि इस बातचीत में शायद अमेरिका और यूरोप के कुछ देश भी शामिल होंगे। उन्होंने इस संभावित बैठक को यूक्रेन में चल रहे युद्ध को खत्म करने की कोशिशों की ओर एक अच्छा और सकारात्मक कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह संभव है कि अगले हफ्ते वेटिकन में यूक्रेन, रूस, अमेरिका और यूरोप के लोगों की एक बैठक हो। उन्होंने कहा कि शांति लाने की कोशिशों में यूरोपीय देशों की भूमिका बढ़ती जा रही है।

> हम अब ऐसे दौर में जा रहे हैं जहां यूरोप भी इसमें शामिल हो रहा है-और यही हम शुरुआत से चाहते थे : अलेक्जेंडर स्टब



स्टब ने कहा कि हम अब ऐसे दौर में जा रहे हैं जहां यूरोप भी इसमें शामिल हो रहा है-और यही हम शुरुआत से चाहते थे। सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने स्टब और कुछ दूसरे यूरोपीय नेताओं से फोन पर बात की। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस कोशिश का स्वागत किया। रूस और यूक्रेन के बीच बातचीत 16 मई को इस्तांबुल में हुई थी।


19 मई को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ट्रंप से फोन पर दो घंटे से ज्यादा बात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने यूक्रेन में चल रहे युद्ध को खत्म करने के तरीकों पर चर्चा की।

इस कॉल के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ने यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की और कुछ यूरोपीय नेताओं से बात की और उन्हें पुतिन के साथ अपनी बातचीत के बारे में जानकारी दी।

स्टब ने कहा कि अमेरिका ने यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध को सुलझाने में अपनी मध्यस्थ की भूमिका नहीं छोड़ी है।

## रोम में होगी ईरान-अमेरिका के बीच पांचवें दौर की वार्ता : अलबुसैदी

**मस्कट।** ओमान के विदेश मंत्री सैयद बद्र बिन हमद बिन हमूद अलबुसैदी ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच पांचवे दौर की अप्रत्यक्ष वार्ता शुक्रवार को रोम में होगी। यह घोषणा उनके आधिकारिक एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट में दी गई। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान के परमाणु कार्यक्रम और अमेरिकी प्रतिबंधों को लेकर रुकी हुई कूटनीति को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से यह वार्ता ओमान द्वारा संचालित की जा रही है।



## दुनिया को जानें

### मंगल मिशन की तैयारी में जुटा दक्षिण कोरिया, अमेरिका से मांगा सहयोग


**सोल**, 22 मई (एजेंसियां)। कोरिया एयरोस्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (केएएसए) के प्रमुख ने कहा है कि दक्षिण कोरिया ने अमेरिका के साथ मिलकर भविष्य में मंगल ग्रह पर जाने वाले मिशनों में भाग लेने की संभावना पर काम शुरू कर दिया है। इसके लिए एक खास टीम (टास्क फोर्स) बनाई गई है, जो इस दिशा में योजना बनाएगी और जरूरी तैयारियां करेगी। योनहाप समाचार एजेंसी के मुताबिक, यह बात एजेंसी के प्रमुख ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही। यह कार्यक्रम साचियोन शहर में हुआ, जो सोल से 290 किलोमीटर दूर है। यह प्रेस कॉन्फ्रेंस एजेंसी की पहली सालगिरह के मौके पर आयोजित की गई थी। साचियोन में ही एजेंसी का मुख्य दफ्तर है।

केएएसए के प्रमुख यून यंग-बिन ने कहा कि अमेरिका अब अपने अंतरिक्ष बजट का ध्यान तेजी से मंगल ग्रह की ओर कर रहा है। वहां इंसानों को भेजने और उनकी मौजूदगी स्थापित करने की ठोस योजनाएं बन रही हैं। कोरिया में हमने हाल ही में सोचना शुरू किया है कि हमें इस समय क्या कदम उठाने चाहिए। यंग-बिन ने कहा कि हमने हाल ही में एक टास्क फोर्स गठित किया है।

# खेल जगत

## किदांबी श्रीकांत मलेशिया मास्टर्स के क्वार्टरफाइनल में, एचएस प्रणॉय हुए बाहर

बुकित जलील। भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने गुरुवार को मलेशिया मास्टर्स 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे राउंड में जीत दर्जकर अगले दौर में जगह बनाई। वहीं मिश्रित युगल में तनीषा क्रास्टो और ध्रुव कपिला की जोड़ी ने भी क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। आज यहां एक्सियाटा एरिना केएल स्पोर्ट्स सिटी स्टेडियम में 59 मिनट तक चले मुकाबले में किदांबी ने आयरलैंड के न्हाट गुयेन को सीधे गेम में 23-21, 21-17 हराकर अगले दौर में जगह बनाई। किदांबी ने पहले गेम की शुरुआत से ही अपना दबदबा कायम रखते हुए अपनी बढ़त बनाए रखा। न्हाट ने किदांबी को कड़ी टक्कर दी, लेकिन आखिर में किदांबी ने अंक अर्जित कर पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में भी किदांबी ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन जारी रखते हुए आयरलैंड के बैडमिंटन खिलाड़ी को हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई।



# हैदराबाद के खिलाफ आरसीबी आज शीर्ष दो में जगह बनाने उतरेगी

### विराट के बूते आरसीबी अब हैदराबाद को भी हराकर शीर्ष दो की ओर मजबूत कदम बढ़ाने उतरेगी

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली**, 22 मई (देशबन्धु)। भारत को बीते बरस वेस्टइंडीज में आईसीसी टी 20 विश्व कप जिताने के बाद टी 20 और बीते हफ्ते टेस्ट क्रिकेट को भी अलविदा कहने वाले विराट कोहली की एक अधूरी हसरत यह है कि वह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को अब तक इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) क्रिकेट खिताब नहीं जिता पाए हैं। 2025 आईपीएल में सबसे ज्यादा सात अर्द्धशतकों सहित 505 रन बनाने वाले विराट कोहली के बल्ले से बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत आरसीबी फिलहाल 12 मैचों में आठ जीत व केकेआर के खिलाफ अपना पिछला मैच बारिश के चलते बेनतीजा समाप्त होने से मिले एक अंक और तीन हार के साथ कुल 17 अंकों के साथ अपनी बेहतर नेट रन रेट के चलते दूसरे स्थान पर है और प्ले ऑफ में स्थान बना चुका है।

अपने सबसे कामयाब सबसे ज्यादा 18 विकेट चटकाने वाले ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड के सरहद पर पाकिस्तान की नापाक हरकत के मौजूदा आईपीएल के स्थगित होने और चोट के चलते ऑस्ट्रेलिया लौट जाने से जरूर आरसीबी का गेंदबाजी संतुलन गड़बड़ाया है। अनुभवी विराट कोहली और दो दो अर्द्धशतक जड़ने वाले कप्तान रजत पाटीदार (11 मैच, 239 रन) और ओपनर फिल साल्ट (9 मैच, 239) के बूते आरसीबी अब लखनऊ में प्ले ऑफ की होड़ से बाहर हो चुकी फिलहाल आठवें स्थान पर चल रही सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ पूरी तरह चौकस हो अब शुक्रवार को लखनऊ स्थानांतरित किए गया मैच भी जीत शीर्ष दो की ओर मजबूत कदम बढ़ाने उतरेगी। आरसीबी ने केकेआर के खिलाफ बारिश से धुलने से पहले अपने पिछले लगातार चार मैच जीते थे और वह अपनी इसी बढ़िया लय को लखनऊ में एसआरएच के खिलाफ भी जारी रखने के मकसद से उतरेगा। आरसीबी ने एसआरएच से अपने पिछले पांच में तीन मैच जीते हैं और इसी सिलसिले का आगे बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। अब गुजरात टाइटंस (12 मैच, 18 अंक), आरसीबी(12 मैच, 17 अंक), पंजाब किंग्स (12 मैच, 17 अंक) और मुंबई इंडियंस अपने घर मुंबई में दिल्ली कैपिटल्स पर बुधवार रात 58 रन से जीत के साथ उसे बाहर कर 13 मैचों में आठ जीत और पांच हार के साथ कुल 16 अंकों के साथ प्ले ऑफ में स्थान पक्का कर चुकी है। एक दिलचस्प बात यह है कि गुजरात टाइटंस, आरसीबी और पंजाब किंग्स सभी के दो दो लीग मैच बाकी है और तीनों टीमें 20 या इससे ज्यादा अंकों के साथ लीग का अपना अभियान समाप्त कर चुकी है।



■ हैदराबाद के तेज गेंदबाज कमिंस व हर्षल से आरसीबी को चौकस रहना होगा

### आरसीबी ने बेथेल की जगह सीफर्ट को शामिल किया

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने जैकब बेथेल के अस्थायी प्रतिस्थापन के रूप में न्यूजीलैंड के विकेटकीपर-बल्लेबाज टिम सीफर्ट को शामिल किया है, जो 29 मई से वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरू होने वाली व्हाइट-बॉल सीरीज के लिए इंग्लैंड लौटेंगे। सीफर्ट, जिन्होंने 66 टी20 मैच खेले हैं और उनके नाम 1,540 रन हैं, 2 करोड़ रुपये में आरसीबी में शामिल होंगे। बेथेल शुक्रवार को लखनऊ में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ होने वाले आखिरी से पहले के लीग मैच के बाद आरसीबी कैंप छोड़ देंगे।

## जडेजा ने की सूर्या की जमकर तारीफ

**नई दिल्ली**, 22 मई (एजेंसियां)। मुंबई इंडियंस के विस्फोटक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव जब-जब वानखेड़े के मैदान पर उतरते हैं, उनके बल्ले से रनों की बरसात होती है। हालत यह हो जाती है कि विपक्षी गेंदबाज उन्हें आउट करने के लिए नहीं, बल्कि बचने का प्रयास करने लगते हैं। कुछ ऐसा ही वानखेड़े में बुधवार को डीसी-एमआई के एक महत्वपूर्ण मैच में देखने को मिला। इस मैच में सूर्यकुमार की एक विस्फोटक पारी ने मुंबई इंडियंस को प्लेऑफ का टिकट दे दिया। सूर्यकुमार की बल्लेबाजी देख पूर्व क्रिकेटर अजय जडेजा भी खुद को रोक नहीं पाए हैं। जडेजा ने सूर्यकुमार यादव की बल्लेबाजी की जमकर तारीफ की। जडेजा ने जियोहॉटस्टार पर कहा कि कि वह जानते थे कि उन्हें क्या करना है। एक छोर को उन्होंने संभाले रखा और नमन को मौका दिया कि वह भी खुलकर अपने शॉट्स खेले। फिर भी, ये दोनों अविश्वसनीय थे। मुझे लगता है, सूर्यकुमार यादव ने एक असाधारण पारी खेली, लेकिन यह नमन धीर थे, जिन्होंने 19वें ओवर में दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाज को आड़े हाथ लिया। चौके और छक्कों की बारिश की। मैच के अंतिम दो ओवरों में मुंबई ने काफी रन लूटे। जडेजा ने कहा कि दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजों के पास इन दोनों का कोई जवाब नहीं था। आखिरी दो ओवरों में 48 रन बनाना - ऐसे समय में जब आप 18 ओवर तक सिर्फ 130 रन तक ही पहुंचे थे। जिस तरह से आखिरी के दो ओवर में रन बनाए गए।

## म्हात्रे होंगे इंग्लैंड दौरे पर भारत की अंडर 19 के कप्तान, सूर्यवंशी को भी मिली जगह

**नई दिल्ली**, 22 मई (देशबन्धु)। बल्ले से धमाल कर अपने तीसरे ही मैच में फिलहाल शीर्ष पर चल रही गुजरात टाइटंस के खिलाफ तूफानी शतक से सुर्खियों में आए बिहार के समस्तीपुर के मात्र 14 बरस के विस्फोटक सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को मुंबई के 17 वर्षीय आयुष म्हात्रे की अगुआई में 24 जून से 23 जुलाई, 2025 इंग्लैंड में इंग्लैंड की अंडर 19 टीम के खिलाफ 27 जून से 7 जुलाई तक पांच यूथ वन डे मैच सीरीज खेलने वाली भारत की अंडर 19 क्रिकेट टीम में चुना गया है। इंग्लैंड की अंडर 19 टीम से उसके घर में पांच वन डे मैच की यूथ सीरीज के लिए चुनी गई भारत की अंडर 19 टीम का चयन बृहस्पतिवार को जूनियर क्रिकेट चयन समिति ने किया। इसकी जानकारी भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के मानद सचिव देवजीत सैकिया ने बृहस्पतिवार को दी। वैभव सूर्यवंशी ने नौवें स्थान पर रही राजस्थान रॉयल्स के लिए सात मैचों में एक शतक और एक अर्द्धशतक सहित 252 रन बनाए। ऋतुराज गायकवाड़ के चोटिल होने पर आखिरी चरण में आखिरी स्थान पर रही सीएसके टीम में जगह पाने पर आयुष म्हात्रे ने छह मैच खेल कर 204 रन और इसमें उनकी आरसीबी के खिलाफ तीसरे मैच में खेली 94 रन की पारी भी शामिल है लेकिन उन की तेज पारी के बावजूद सीएसके को हार झेलनी पड़ी थी। वैभव ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ 101, पंजाब किंग्स के खिलाफ 40 और आखिरी मैच में राजस्थान रॉयल्स के लिए 33 गेंदों में 57 रन की तूफानी खेली। वैभव की शतकीय पारी से राजस्थान ने गुजरात टाइटंस को अर्धशतकीय पारी से सीएसके को हराया।

भारत की अंडर 19 अपने इंग्लैंड दौरे में सबसे पहले 24 जून लाफबरो यूनिवर्सिटी मैदान पर एक वार्म अप खेलेगी। भारत की अंडर 19 टीम पांच मैचों की यूथ सीरीज में इंग्लैंड अंडर 19 टीम के खिलाफ पहला वन डे मैच 27 जून को होव में, दूसरा वन डे मैच 30 जून को नॉर्थम्पटन में, तीसरा वन डे मैच भी 2 जून को नॉर्थम्पटन में, चौथा वन डे मैच 5 जून को व पांचवा आखिरी वन डे मैच 7 जून को वूस्टर में खेलेगी।



वैभव व म्हात्रे ने आईपीएल में हाल ही में किया धमाल

भारत की अंडर 19 टीम इसके बाद इंग्लैंड की अंडर 19 से 12 से 15 जून तक बेकेनहम तथा 20 से 23 जून तक चेम्सफर्ड में चार चार दिन के दो मैच खेलेगी।

**भारत की इंग्लैंड दौरे पर जाने वाली अंडर 19 क्रिकेट टीम इस प्रकार है :** आयुष म्हात्रे (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, विहान मल्होत्रा, म्युलराजसिंह चावड़ा, राहुल कुमार, अभिज्ञान कुंडू (उप कप्तान व विकेटकीपर), हरवंश सिंह (विकेटकीपर), आर एस अंबरीश, कनिष्क चौहान, खिलन पटेल, हेनिल पटेल, युद्ध जीत गुहा, प्रणव राघवेंद्र, मोहम्मद इनान, आदित्य राणा, अनमोलजीत सिंह।

**स्टैंडबाय खिलाड़ी :** नमन पुष्पक, दी दीपेश, वेदांत त्रिवेदी, विकल्प तिवारी, अलंकृत रपोली (विकेटकीपर)।

## यूएई ने बांग्लादेश को सात विकेट से हराया, सीरीज भी जीती

**शारजाह**, 22 मई (एजेंसियां)। हैदर अली (तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद आलीशान शराफ (नाबाद 68) और आसिफ खान (नाबाद 41) की विस्फोटक पारियों की बदौलत संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की क्रिकेट टीम ने तीसरे टी-20 मुकाबले में पांच गेंदे शेष रहते बांग्लादेश के खिलाफ सात विकेट से जीत दर्ज करते हुए तीन मैचों की सीरीज 2-1 से जीत ली है। टेस्ट खेलने वाले देश के खिलाफ यूएई की दूसरी सीरीज जीत है। शारजाह स्टेडियम में बुधवार की रात खेले गये टी-20 मुकाबले में यूएई ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की शुरुआत खराब रही और उसने 57 के स्कोर तक अपने पांच विकेट गवां दिये। बांग्लादेश के बल्लेबाजो हैदर अली की घातक गेंदबाजी के आगे बेबस नजर आये। बांग्लादेश का पहला विकेट दूसरे ओवर में परवेज हुसैन इमॉन (शून्य) के रूप में गिरा।

### गिल ने सुदर्शन के साथ अपनी साझेदारी पर कहा कि

# 'हमें प्रतिद्वंद्वी को मात देना पसंद है'

**नई दिल्ली**, 22 मई (एजेंसियां)। गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने खुलासा किया कि 'विपक्ष को मात देने का कौशल' ही साई सुदर्शन के साथ उनकी बल्लेबाजी साझेदारी को इतना प्रभावी बनाता है। उन्होंने कहा कि स्थितियों को पढ़ना और स्थिति का आकलन 'करना' ही उनकी टीम की सामरिक जागरूकता की कुंजी है, जो आईपीएल 2025 में उनकी सफलता के लिए महत्वपूर्ण है।आईपीएल 2025 में सलामी जोड़ी के रूप में, सुदर्शन और गिल ने 76.27 की औसत से 839 रन बनाए हैं, जिसमें सात 50 से अधिक की साझेदारी शामिल है - जिनमें से तीन 100 के आंकड़े को पार कर गई हैं। इस जोड़ी ने रविवार को अरुण जेटली स्टेडियम में गुजरात टाइटंस के लिए टी20 में सबसे बड़ी साझेदारी की, जिसमें उन्होंने पहले विकेट के लिए 205 रनों की नाबाद साझेदारी की, जिससे जीटी ने दिल्ली कैपिटल्स पर 10 विकेट की जीत के साथ प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर ली। गिल ने जियोहॉटस्टार के जेन बोल्ड के एपिसोड में कहा कि मुझे लगता है कि हम जिस तरह से बल्लेबाजी करते हैं, वह बिल्कुल एक जैसा नहीं है, लेकिन बाएं-दाएं का संयोजन मदद करता है। हम दोनों विकेटों के बीच बहुत अच्छी तरह से दौड़ते हैं, और हम ऐसे खिलाड़ी हैं जो गेंदबाजों सहित प्रतिद्वंद्वी को मात देना पसंद करते हैं। उन्होंने कहा कि टी20 क्रिकेट में, खासकर इम्पैक्ट प्लेयर नियम की शुरुआत के बाद, विपक्ष को मात देने का कौशल थोड़ा कम हुआ है। लेकिन मुझे लगता है कि हमारी टीम अभी भी इसे बहुत अच्छी तरह से करती है। अच्छे सीमेंट विकेटों पर खुलकर स्विंग करना आसान है, लेकिन असली कौशल परिस्थितियों को पढ़ने, स्थिति का आकलन करने और लगातार लड़ने योग्य स्कोर बनाने में निहित है - मेरा मानना है कि यही हमारी सफलता की कुंजी है। गिल ने टीम की लगातार सफलता पर विचार किया, उन्होंने सभी विभागों में सामूहिक योगदान को श्रेय भी दिया, उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि यह एक सामूहिक प्रदर्शन रहा है।



'विपक्ष को मात देने का कौशल' ही साई सुदर्शन के साथ उनकी बल्लेबाजी साझेदारी को इतना प्रभावी बनाता है। उन्होंने कहा कि स्थितियों को पढ़ना और स्थिति का आकलन 'करना' ही उनकी टीम की सामरिक जागरूकता की कुंजी है : शुभमन गिल

## इंग्लैंड की महिला टीम ने वेस्टइंडीज को आठ विकेट से हराया

**कैंटरबरी**, 22 मई (एजेंसियां)। गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद सोफिया डंकली (नाबाद 81) और हीथर नाइट (43) की बेहतरीन पारियों की बदौलत इंग्लैंड की महिला टीम ने वेस्टइंडीज को 21 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया सेंट लॉरेंस ग्राउंड में बुधवार की रात खेले गये मुकाबले में इंग्लैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज के लिए कप्तान हेली मैथ्यूज ने आखिर तक मोर्चा संभाले रखा। मैथ्यूज ने 67 गेंदों में 16 चौके और एक छक्का लगाते हुए (नाबाद 100) रनों की पारी खेली। इसके अलावा मैंडी मैंगरु (17) और शबीका गजनबी ने (11) रनों का योगदान दिया। वेस्टइंडीज के पांच बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। वेस्टइंडीज की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 146 रनों का स्कोर खड़ा किया। इंग्लैंड की महिला टीम के लिए लॉरेन बेल ने दो विकेट लिये। लिंसी स्मिथ, एमिली आरलट और ईसी वोंग ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड के लिए, डैनियल वायट और सोफिया डंकली की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये (51)रन जोड़े।

## सार संक्षेप

### मुकेश कुमार पर 1 प्रतिशत मैच फीस का जुर्माना

**मुम्बई।** दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज मुकेश कुमार पर मैच फीस का 1 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। मुकेश कुमार को बुधवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल के आचार संहिता के अनुच्छेद 2.2 के तहत लेवल एक के उल्लंघन के लिए दोषी पाया गया। इसके लिए उन पर मैच फीस का 1 प्रतिशत जुर्माना और एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया। यह मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण, कपड़ों, ग्राउंड उपकरण या फिटिंग्स के दुरुपयोग से संबंधित है। उन्होंने मैच रेफरी डैनियल मनोहर द्वारा लगाए गए दंड को स्वीकार कर लिया है। मुकेश ने कल शाम मैच के दौरान अपने चार ओवरों में दो विकेट लेकर 48 रन दिये थे। उनके द्वारा फेंके गये 19वें ओवर में सूर्यकुमार यादव और नमन धीर ने 6, 1, 4, 6, 6, 4 कुल 27 रन बटोरे थे। इस सत्र में मुकेश अब तक खेले 11 मैच में 32.63 की औसत और 1.11 की इकोनॉमी से 11 विकेट लिए हैं।

### मप्र और उप्र की टीमें बीच सॉकर के सेमीफाइनल में

**दीव।** खेलो इंडिया बीच गेम्स 225 के बीच सॉकर स्पर्धाओं में गुरुवार मध्य प्रदेश की महिला टीम और उत्तर प्रदेश की पुरुष टीम ने शानदार खेल का मुजाहिरा करते हुए अपने प्रतिद्वंद्वियों को चौंकाते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई।आज यहां घोघला बीच पर खेले गए महिलाओं के ग्रुप-बी मुकाबले में मध्य प्रदेश ने आंध्र प्रदेश को 6-1 से करारी शिकस्त दी। इस मुकाबले में मप्र की स्टार खिलाड़ी सयुक्ता ने दो शानदार गोल दागे। मप्र का सेमीफाइनल में ग्रुप-ए की विजेता गुजरात से होगा। पुरुषों के ग्रुप-बी मुकाबले में महाराष्ट्र ने गुजरात को 6-5 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। एक समय महाराष्ट्र 3-1 से पीछे चल रहा था, लेकिन सागर और आर्यन विक्रम थेवरपुरक्कल के दो-दो गोलों ने टीम को वापसी करते हुए अंतिम चार में जगह बनाई। अब सेमीफाइनल में महाराष्ट्र का मुकाबला ग्रुप-ए विजेता केरल से होगा। अन्य सेमीफाइनल मुकाबलों की बात करें तो, महिलाओं में ग्रुप-ए की उपविजेता उत्तर प्रदेश का सामना ग्रुप-बी विजेता ओडिशा से होगा।

## लाहौर कलंदर्स की टीम में फिर से शामिल हुए रिशाद हुसैन

**लाहौर**, 22 मई (एजेंसियां)। बांग्लादेश के स्पिनर रिशाद हुसैन गुरुवार को लाहौर में होने वाले पीएसएल में कराची किंग्स के खिलाफ एलिमिनेटर मुकाबले से पहले लाहौर कलंदर्स की टीम में फिर से शामिल हो गए हैं। रिशाद बुधवार की रात शारजाह में थे, जहां उन्होंने बांग्लादेश-यूएई सीरीज के तीसरे और अंतिम टी20 मैच में हिस्सा लिया। उन्होंने तीन में से दो मैच खेले, जिसमें यूएई ने शारजाह में 2-1 से सीरीज अपने नाम की। वह उन कई विदेशी खिलाड़ियों में शामिल थे, जो इस महीने की शुरुआत में सीमा पर तनाव के कारण पीएसएल के निलंबित होने पर अस्थायी रूप से पाकिस्तान से बाहर चले गए थे। रिशाद की वापसी के साथ, कलंदर्स में अब बांग्लादेशी स्पिनरों की तिकड़ी है, जिसमें शाकिब अल हसन - जिन्होंने एक मैच खेला है - और मेहदी हसन मिराज, जो कुछ दिन पहले टीम में शामिल हुए हैं, शामिल हैं। इस सीजन में रिशाद ने कलंदर्स के लिए पांच मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 16.44 की औसत से नौ विकेट लिए हैं। हालांकि, यूएई सीरीज के दौरान उन्हें संघर्ष करना पड़ा, जिसमें उन्होंने तीन विकेट लिए। कलंदर्स को अब कुछ मुश्किल चयन निर्णयों का सामना करना पड़ रहा है, खासकर उनकी गेंदबाजी इकाई में, जिसमें कई तरह के विकल्प हैं। शाहीन अफरीदी और हारिस राउफ तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई करेंगे, लेकिन तीन स्पिनरों में से किसे चुना जाए, यह देखने वाली बात होगी। रिशाद कलंदर्स के पीएसएल अभियान के बाकी बचे मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे, क्योंकि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने उनके अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) को 22 मई से बढ़ाकर 25 मई कर दिया है। बांग्लादेश की टीम 28 मई को लाहौर में पाकिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज की शुरुआत करेगी, जबकि पीएसएल का फाइनल 25 मई को होना है। बुधवार को बांग्लादेश के तेज गेंदबाज नाहिद राणा और कोचिंग स्टाफ के दो प्रमुख सदस्यों ने टीम के निर्धारित प्रस्थान से कुछ दिन पहले सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए पाकिस्तान के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज से नाम वापस ले लिया।



## नागालैंड, मणिपुर ने पेनकैक सिलाट में बाजी मारी


**दीव**, 22 मई (एजेंसियां)। नागालैंड और मणिपुर ने गुरुवार को दीव के सुंदर घोघला बीच पर खेलो इंडिया बीच गेम्स (केआईबीजी) 2025 के चौथे दिन पेनकैक सिलाट प्रतियोगिताओं में दो-दो स्वर्ण पदक जीते। टैंडिंग (लड़ाकू) श्रेणी में आठ स्वर्ण पदक दांव पर लगे थे, गुरुवार सुबह मुकाबले शुरू हुए और दोपहर तक दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव, महाराष्ट्र, दिल्ली और जम्मू और कश्मीर ने एक-एक स्वर्ण पदक जीत लिया। टैंडिंग पेनकैक सिलाट में एकमात्र ऐसी श्रेणी है जो लड़ाकू है, जिसका अर्थ है कि जहां राज्य और केंद्र शासित प्रदेश एक-दूसरे से लड़ते हैं। बाकी श्रेणियां कलात्मक हैं जहां खिलाड़ी जजों को लुभाने के लिए अपनी चाल, मुद्रा, सुंदरता आदि पर निर्भर करते हैं। इसलिए, चूंकि टैंडिंग एक संघर्षपूर्ण खेल है, इसलिए यह कई बार खूनी संघर्ष का रूप ले लेता है, जैसा कि दिन के पहले फाइनल में हुआ, जो अंडर 45 किग्रा पुरुष वर्ग का था। दादरा और नगर हवेली तथा दमन दीव के प्रसन्ना नरेंद्र बेंद्रे ने तीसरे और अंतिम राउंड के अंत में उत्तर प्रदेश के प्रशांत के मुंह पर अपने पैरों से वार किया। बेंद्रे पर इसके लिए पांच अंक का जुर्माना लगाया गया, लेकिन यह उन्हें प्रतियोगिता का अपना दूसरा स्वर्ण जीतने से नहीं रोक सका। स्थानीय हीरो बेंद्रे ने मुकाबला 45-21 से अपने नाम किया। दिन के दूसरे फाइनल में, जो अंडर 45 किग्रा महिला वर्ग का था, मणिपुर की डॉली लीशांगथेम ने चंडीगढ़ की रीना के खिलाफ 13-12 से करीबी मुकाबला जीता। फिर क्लास ए 45-50 किग्रा पुरुष वर्ग में, नागालैंड के जॉन ने प्रतियोगिता के शीर्ष नामों में से एक, महाराष्ट्र के रामचंद्र दीपक बदक को हराया। जॉन ने रामचंद्र को 22-15 से हराया। मणिपुर की थौनाओजम रीता चानू ने क्लास ए 45-50 किग्रा महिला वर्ग में उत्तराखंड की गायत्री नेगी को 18-9 से हराया। मुकाबला स्कोरलाइन से कहीं ज्यादा नजदीकी था, लेकिन नेगी को चानू के सिर पर चोट मारने के लिए पांच अंक का दंड दिया गया, जो कि टैंडिंग के नियमों और विनियमों के अनुसार निषिद्ध है। इसके बाद दिल्ली के शिवम ने सीनियर पुरुष वर्ग बी 50-55 किग्रा में उत्तराखंड की एशुभारती को 29-18 से हराकर दिल्ली को पेनकैक सिलाट में अपना दूसरा स्वर्ण पदक दिलाया। पिछला स्वर्ण रेगु सीनियर महिला वर्ग में दिल्ली की तीन लड़कियों ने जीता था। अगले फाइनल (सीनियर पुरुष वर्ग सी 55-60 किग्रा) में, जम्मू और कश्मीर के सजाद अहमद बेग ने ओडिशा के सोहिल गुरुंग को हराया और सोहिल एक भी अंक हासिल करने में विफल रहे, जिससे मुकाबला 9-0 से हार गए।



■ नागालैंड, मणिपुर ने पेनकैक सिलाट में बाजी मारी; स्थानीय नायक बेंद्रे ने एक और स्वर्ण पदक जीता

## हरमनप्रीत की अगुवाई में भारत की 24 सदस्यीय पुरुष हॉकी टीम घोषित

■ चीफ कोच फुल्टन बोले, एफआईएच प्रो लीग जीतने के लिए शिद्दत से जुटे हैं



एफआईएच प्रो लीग 2024-25

नई दिल्ली, 22 मई (देशबन्धु)। अनुभवी धुरंधर ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई में हॉकी इंडिया ने एफआईएच प्रो हॉकी लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण के लिए बृहस्पतिवार को भारत की 24 सदस्यीय पुरुष हॉकी टीम की घोषणा कर दी। भारतीय पुरुष एफआईएच प्रो हॉकी लीग के सात से 22 जून, 2025 तक यूरोपीय चरण में नीदरलैंड में एमस्टलवीन तथा बेल्जियम में एंटवर्प में खेलेगी। अनुभवी मिडफील्डर हार्दिक सिंह भारत के उप कप्तान होंगी। भारत यूरोपीय चरण में नीदरलैंड के खिलाफ 7 व 9 जून को और 11 और 12 जून को अर्जेंटीना के खिलाफ एम्स्टलवीन के वैगनेर स्टेडियम में दो दो मैच खेलेगा। भारतीय पुरुष हॉकी टीम इसके बाद एंटवर्प में ऑस्ट्रेलिया में 14 और 15 जून को भिड़ेगी अर इसके बाद मेजबान बेल्जियम से इसी मैदान पर 22 व 22 जून को भिड़ेगी। भारत एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के घरेलू चरण में भुवनेश्वर में इस साल के शुरू में खेला और आठ मैचों में पांच जीत के साथ 15 अंक लेकर फिलहाल अंक तालिका में तीसरे नंबर पर है। एफआईएच प्रो लीग में शीर्ष पर रहने वाली टीम को सीधे ही 2026 के एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप में प्रवेश मिल जाएगा। भारत की कोशिश अब अपने बाकी आठ मैचों में अधिकतम जीत कर एफआईएच प्रो लीग 2024 -25 में अपनी स्थिति बेहतर करने की होगी। एफआईएच प्रो लीग 2024 -25 के यूरोपीय चरण के लिए चुनी गई भारतीय पुरुष हॉकी टीम की बाबत चीफ कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, 'हम एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण के लिए अपनी टीम में कुछ अनुभवी खिलाड़ियों को शामिल करना चाहते थे और मैं चुनी गई टीम बाबत खासा खुश हूं। हमारी टीम बढ़िया ढंग से ट्रेनिंग कर रही है और हम एफआईएच प्रो लीग जीतने के लिए पूरी शिद्दत से जुटे हैं। चूंकि एफआईएच प्रो लीग जीतने वाली टीम सीधे पुरुष हॉकी विश्व कप के लिए क्वालिफाई कर लेगी और हम इसलिए अधिक से अधिक अंक हासिल कर इसे जीतने की पुरजोर कोशिश कर रहे हैं।

| पोजिशन | टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | औसत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | गुजरात टाइटंस | 12 | 9 | 3 | 168 | +0.793 |
| 2- | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 12 | 9 | 3 | 17 | +0.482 |
| 3- | पंजाब किंग्स | 12 | 8 | 3 | 17 | +0.389 |
| 4- | मुंबई इंडियंस | 12 | 7 | 5 | 14 | +1.156 |
| 5- | दिल्ली कैपिटल | 11 | 6 | 4 | 13 | +0. 362 |
| 6- | कोलकाता नाइट राइडर | 13 | 5 | 6 | 12 | +0.193 |
| 7- | लखनऊ सुपर जायंट्स | 11 | 5 | 6 | 10 | 1-506 |
| 8- | सनराइजर्स हैदराबाद | 12 | 4 | 7 | 9 | -1.005 |
| 9- | राजस्थान रॉयल्स | 14 | 4 | 10 | 6 | -0.549 |
| 10- | चेन्नई सुपर किंग्स | 13 | 3 | 10 | 4 | -0.922 |

| सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर | |
| --- | --- |
| इंडसइंड बैंक | 1.82 प्रतिशत |
| अडानी एनर्जी | 0.70 प्रतिशत |
| एबीबी इंडिया | 0.62 प्रतिशत |
| थ्री एम इंडिया | 0.51 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 0.44 प्रतिशत |

| सर्वाधिक घटने वाले शेयर | |
| --- | --- |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 2.59 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 1.80 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 1.77 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 1.74 प्रतिशत |
| आईटीसी | 1.58 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| | |
| --- | --- |
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 95,516 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 96,519 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
| --- | --- | --- |
| अमेरिकी डॉलर | 85.96 | 89.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 103.06 | 119.50 |
| यूरो | 87.85 | 101.89 |
| चीन युआन | 8.26 | 13.4 |

**अनाज**

| | |
| --- | --- |
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
| --- | --- |
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**शुगर**

| | |
| --- | --- |
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

**दाल-दलहन**

| | |
| --- | --- |
| चना | 6100-6200 |
| दाल चना | 7100-7200 |
| मसूर काली | 7650-7750 |
| उड़द दाल | 9250-9350 |
| मूंग दाल | 9850-9950 |
| अरहर दाल | 8600-8700 |

# [अर्थ जगत]

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित



**नई दिल्ली।** अंतराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

# 'कनेक्टर देश' के रूप में कार्य करने की मजबूत स्थिति में आगे बढ़ रहा भारत : आरबीआई

- इस साल सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रह सकता है भारत

**नई दिल्ली,** 22 मई (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कहा कि वैश्विक व्यापार पुनर्गठन और औद्योगिक नीति में बदलाव के बीच भारत एक 'कनेक्टर देश' के रूप में कार्य करने की मजबूत स्थिति में आगे बढ़ रहा है। देश टेक्नोलॉजी, डिजिटल सर्विस और फार्मास्यूटिकल्स जैसे सेक्टर में एक प्रमुख मध्यस्थ बन सकता है। केंद्रीय बैंक की स्टेट ऑफ द इकोनॉमी रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था मौद्रिक, वित्तीय और राजनीतिक स्थिरता, नीतिगत स्थिरता और निश्चितता, अनुकूल कारोबारी माहौल और मजबूत मैक्रोइकोनॉमिक फंडामेंटल के साथ-साथ ट्रांसपेरेंट, नियम-आधारित और दूरदर्शी पॉलिसी इकोसिस्टम से घिरी हुई है।

अप्रैल 2025 के आईएमएफ अनुमानों के अनुसार, भारत इस साल सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा और जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी बन सकता है। मुद्रास्फीति का दबाव काफी कम हो गया है। अब यह उम्मीद है कि मुद्रास्फीति की दर निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप बनी रहेगी, जो कि 2025-26 के लिए निर्धारित किया गया है। उपभोक्ता और व्यवसाय आर्थिक गतिविधि को मजबूत करने के लिए आश्वस्त और सहायक बने हुए हैं।



- ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार समझौते का पूरा होना द्विपक्षीय व्यापार संबंधों के मजबूत होने की ओर इशारा करता है : आरबीआई

इसके अलावा, जनवरी 2025 से रिजर्व बैंक के उपायों ने लिक्विडिटी की स्थिति को काफी हद तक आसान बना दिया है। मार्च 2025 के अंत से सिस्टम लिक्विडिटी अधिशेष में बनी हुई है।

वैश्विक पूंजी प्रवाह पर अनिश्चितताओं के बीच घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने मार्च 2025 में निफ्टी-500 कंपनियों के स्वामित्व में एफपीआई को पीछे छोड़ दिया है। यह भारतीय इक्विटी बाजारों में एक संरचनात्मक बदलाव को दर्शाता है क्योंकि म्यूचुअल फंड और बीमा कंपनियों सहित डीआईआई ने खुदरा और एसआईपी प्रवाह के साथ एफपीआई द्वारा उत्पन्न अस्थिरता को तेजी से संतुलित किया है, जो एक स्थिर दीर्घकालिक निवेश आधार प्रदान करता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि भारत-पाकिस्तान तनाव कम होने, वैश्विक व्यापार परिदृश्य में सुधार और घरेलू मुद्रास्फीति में नरमी के बीच घरेलू वित्तीय बाजारों के सेंटिमेंट में बदलाव देखा गया है।

## कमजोर वैश्विक वृद्धि के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत : आरबीआई

**नई दिल्ली।** वैश्विक विकास लगातार व्यापारिक तनाव, बढ़ी हुई नीतिगत अनिश्चितता और कमजोर उपभोक्ता भावना के कारण चुनौतियों का सामना कर रहा है। इसके बावजूद, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कहा है कि उच्च व्यापार और टैरिफ-संबंधी चिंताओं के बाद भी भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है। आरबीआई बुलेटिन के अनुसार इन चुनौतियों के बीच, भारतीय अर्थव्यवस्था ने मजबूती प्रदर्शित की है। अप्रैल में औद्योगिक और सेवा क्षेत्रों के हाई-फ्रिक्वेंसी इंडीकेटर्स ने अपनी गति बनाए रखी। रबी की बंपर फसल और गर्मियों की फसलों के लिए अधिक रकबा, साथ ही 2025 के लिए अनुकूल दक्षिण-पश्चिम मानसून पूर्वानुमान, कृषि क्षेत्र के लिए अच्छा संकेत देते हैं।



## 'विकसित भारत' की दिशा में उठाए गए मजबूत कदम प्रेरणा का सबब : एनएसई

**नई दिल्ली,** 22 मई (एजेंसियां)। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के एमडी और सीईओ आशीष कुमार चौहान ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की और कहा कि एक्सचेंज, उनके विजन और मिशन को सक्षम बनाने और योगदान देने के लिए दृढ़ संकल्पित है। चौहान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पोस्ट में वित्त मंत्री सीतारमण के दृढ़ नेतृत्व, संकल्प और 'विकसित भारत' के लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना की।



उन्होंने पोस्ट में लिखा कि वित्त मंत्री सीतारमण, आपके समय के लिए धन्यवाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत 2047 के लिए आपका दृढ़ नेतृत्व, संकल्प और प्रतिबद्धता हम सभी को प्रेरित करती है। हम एनएसई आपके विजन और मिशन को सक्षम बनाने और योगदान देने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं।

एनएसई के सीईओ चौहान ने निर्मला सीतारमण के ऑफिस द्वारा एक्स पोस्ट पर प्रतिक्रिया दे रहे थे, जिसमें कहा गया था कि आशीष कुमार चौहान, एनएसई के एमडी और सीईओ, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मिले। पिछले सप्ताह, एनएसई 1,00,000 से अधिक शेयरधारकों के साथ भारत की सबसे बड़ी गैर-सूचीबद्ध कंपनी बन गई। यह एनएसई को देश की उन कुछ संस्थाओं में से एक बनाता है, जिनके पास इतनी बड़ी संख्या में निवेशक हैं, क्योंकि भारत में बहुत कम सूचीबद्ध कंपनियां शेयरधारक आधार के समान स्तर को प्राप्त करने में सफल रही हैं।

शेयरधारकों की संख्या में यह शानदार वृद्धि एक्सचेंज में मजबूत निवेशक रुचि को दर्शाती है, जो देश के फाइनेंशियल इकोसिस्टम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। एनएसई ने भारत के प्रतिभूति बाजार में अपनी महत्वपूर्ण स्थिति के कारण लगातार ध्यान आकर्षित किया है, जो इक्विटी, डेरिवेटिव और अन्य फाइनेंशियल प्रोडक्ट्स में व्यापार के लिए एक प्रमुख मंच है।

# सोने की कीमतों में तेजी जारी

**नई दिल्ली,** 22 मई (एजेंसियां)। सोने की कीमतों में तेजी का दौर जारी है। गुरुवार को सोना 200 रुपए प्रति ग्राम महंगा हुआ। वहीं, चांदी के दाम में 800 रुपए प्रति किलो से अधिक गिरावट देखी गई। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स



- चांदी 800 रुपए प्रति किलो हुई सस्ती

एसोसिएशन (आईबीजेए) के द्वारा जारी ताजा कीमतों के अनुसार, 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत 207 रुपए बढ़कर 95,516 रुपए हो गई है, जो कि पहले 95,309 रुपए थी। इसके अतिरिक्त 22 कैरेट सोने का दाम बढ़कर 87,493 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है, जो कि पहले 87,303 रुपए पर था। 18 कैरेट सोने का दाम बढ़कर 71,637 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है। यह पहले 71,482 रुपए पर था।

सोने के उलट चांदी की कीमतों में गिरावट हुई है। आईबीजेए के मुताबिक, चांदी का भाव 813 रुपए कम होकर 96,519 रुपए प्रति किलो हो गया है, जो कि पहले 97,332 रुपए प्रति किलो पर था।

हाजिर के साथ वायदा बाजार में भी सोने और चांदी में विपरीत दिशा में कारोबार हुआ। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का 5 जून 2025 का कॉन्ट्रैक्ट 0.23 प्रतिशत की तेजी के साथ 95,815 रुपए और चांदी का 4 जुलाई 2025 का कॉन्ट्रैक्ट 1.09 प्रतिशत कम होकर 97,175 रुपए पर था।

# मई में भारत की कारोबारी गतिविधियां 13 महीने के शिखर पर : एचएसबीसी

**नई दिल्ली,** 22 मई (एजेंसियां)। भारत के विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों की संयुक्त कारोबारी गतिविधि को मापने वाले एचएसबीसी फ्लैश इंडिया कम्पोजिट आउटपुट इंडेक्स ने मई महीने में मजबूती दर्ज की है। यह सूचकांक पिछले महीने के 59.7 से बढ़कर 61.2 पर पहुंच गया, जो पिछले 13 महीनों का उच्चतम स्तर है, और देश में तेज होती आर्थिक गतिविधियों का संकेत देता है। मई में 61.2 पर एचएसबीसी इंडेक्स ने निजी क्षेत्र की गतिविधि में तेजी से विस्तार दिखाया।

एचएसबीसी फ्लैश इंडिया पीएमआई नोट के अनुसार यह वृद्धि अप्रैल 2024 के बाद से सबसे अधिक स्पष्ट थी। मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री में विकास की गति में मामूली कमी आई,



लेकिन सेवा प्रदाताओं ने 14 महीनों में उत्पादन में सबसे तेज वृद्धि दर्ज की।

एचएसबीसी फ्लैश इंडिया मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई अप्रैल के 58.2 रीडिंग से थोड़ा बदला हुआ था। मई में 58.3 रीडिंग के साथ नवीनतम आंकड़ा इस क्षेत्र के स्वास्थ्य में तेज सुधार के अनुरूप था। मई के दौरान भारत में निजी क्षेत्र की वृद्धि में तेजी आई, जिसे सेवा अर्थव्यवस्था में तेजी से बढ़ावा मिला। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों से नए

- मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री में विकास की गति में मामूली कमी आई
- सेवा प्रदाताओं ने 14 महीनों में उत्पादन में सबसे तेज वृद्धि दर्ज की

व्यवसाय के मजबूत प्रवाह ने व्यावसायिक गतिविधि और रोजगार में तेजी से विस्तार को प्रेरित किया। एचएसबीसी ने कहा कि जनवरी के बाद पहली बार बिजनेस कॉन्फिडेंस में भी सुधार हुआ है। एचएसबीसी के मुख्य भारत अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा कि भारत का फ्लैश पीएमआई एक और मजबूत आर्थिक प्रदर्शन के महीने का संकेत देता है।

**सार संक्षेप**

## 'एडवांस टिप' फीचर को लेकर उबर कर रहा आलोचनाओं का सामना

**नई दिल्ली।** उबर को अपने नए 'एडवांस टिप' फीचर को लेकर सोशल मीडिया पर लोगों की तीखी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। इस फीचर को लेकर यूजर्स का आरोप है कि राइड-हेलिंग कंपनी जल्दी राइड बुक करने की आड़ में अपने ग्राहकों को अतिरिक्त पैसे देने को मजबूर करती है। इसी कड़ी में केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) की ओर से उबर को इस मुद्दे पर एक औपचारिक नोटिस भेजा गया है। केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रल्हाद जोशी ने भी इस कदम की आलोचना की और इसे अनैतिक और शोषणकारी बताया। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा कि इस तरह की सुविधा अनुचित व्यापार प्रथाओं के अंतर्गत आती है और उन्होंने इसकी पूरी जांच के आदेश दिए हैं। इस फीचर के तहत, उबर ऐप यूजर्स से राइड बुक करते समय 5 रुपए, 75 रुपए या 1 रुपए की टिप जोड़ने के लिए कहता है।

## इंडसइंड बैंक में नियमों के उल्लंघन की जांच कर रहा सेबी : तुहिन कांत पांडे

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के अध्यक्ष तुहिन कांत पांडे ने गुरुवार को कहा कि इंडसइंड बैंक में कथित धोखाधड़ी और इनसाइडर ट्रेडिंग की आशंकाओं के मामले में सेबी संभावित उल्लंघनों की जांच कर रहा है। उन्होंने कहा कि इंडसइंड बैंक मामले जहां भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) अकाउंटिंग गड़बड़ियों की जांच कर रहा है। वहीं, सेबी भी अपने अधिकार क्षेत्र के अनुसार काम कर रहा है। एसोचैम की 16वीं कैपिटल मार्केट कॉन्फ्रेंस के अवसर पर मीडिया को संबोधित करते हुए पांडे ने कहा कि यह आरबीआई का अधिकार क्षेत्र है, लेकिन यदि किसी ने कोई गंभीर उल्लंघन किया है तो सेबी इसकी जांच कर रहा है। यह घटनाक्रम इंडसइंड बैंक द्वारा अपने ही कुछ कर्मचारियों से जुड़े एक संदिग्ध धोखाधड़ी का खुलासा करने के बाद सामने आया है।

## टियर 2 और 3 शहर बन रहे भारत की आर्थिक प्रगति के नए इंजन

**नई दिल्ली।** भारत का फूड प्रॉसेसिंग सेक्टर तेजी से बदलते हुए विकास के पथ पर अग्रसर है। इसी के साथ शहरी और ग्रामीण भारत में उपभोग के रुझान के साथ, टियर 2 और 3 शहर तेजी से आर्थिक विकास के इंजन बन रहे हैं। हाल ही में आई एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। यह सेक्टर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से वैल्यू चेन में 7 मिलियन से अधिक नौकरियों को सपोर्ट करता है, साथ ही ग्रामीण औद्योगीकरण को सक्षम बनाता है और फसल कटाई के बाद होने वाले नुकसान को कम करता है। डेलॉइट और फिक्की की एक रिपोर्ट के अनुसार, यह सेक्टर भारत के कुल ग्रॉस वैल्यू एडेड (जीवीए) का लगभग 7.7 प्रतिशत हिस्सा है।


# चौतरफा बिकवाली से शेयर बाजार में भूचाल

- सेंसेक्स 0.79 प्रतिशत का गोता लगाकर 80,951.99 अंक पर
- निफ्टी 0.82 प्रतिशत की गिरावट लेकर 24609.70 अंक पर बंद

**मुंबई,** 22 मई (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कर और व्यय विधेयक से अमेरिका के सार्वजनिक ऋण में भारी बढ़ोतरी होने तथा ईरान और इजराइल के बीच तनाव बढ़ने की आशंका से विश्व बाजार में आई गिरावट से हतोत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से आज शेयर बाजार में भूचाल आ गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 644.64 अंक यानी 0.79 प्रतिशत का गोता लगाकर नौ कारोबारी सत्र के बाद 81 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के नीचे 80,951.99 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 203.75 अंक अर्थात 0.82 प्रतिशत की गिरावट लेकर 25 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 24609.70 अंक पर बंद हुआ। हालांकि बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में मिलाजुला रुख रहा। इससे मिडकैप 0.33 प्रतिशत उतरकर 44,638.43 अंक रह गया जबकि स्मॉलकैप 0.17 प्रतिशत बढ़कर 51,289.32 अंक हो गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 4086 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2178 में गिरावट जबकि 1741 में तेजी रही वहीं 167 में कोई बदलाव नहीं हुआ।

इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2949 कंपनियों के शेयरों में से 1582 में बिकवाली जबकि 1275 में लिवाली हुई वहीं 92 में टिकाव रहा।




विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कर और व्यय विधेयक को लेकर नए संदेह खड़े हो गए हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि इस विधेयक के लागू होने से अमेरिका के पहले से ही भारी कर्ज में और बढ़ोतरी हो सकती है, जिससे आर्थिक विकास की गति और धीमी पड़ सकती है। निवेश सलाह देने वाली कंपनी जियोजित इन्वेस्टमेंट लिमिटेड मुख्य निवेश रणनीतिकार डॉ. वी. के. विजयकुमार ने कहा कि वैश्विक वित्तीय बाजारों में फिलहाल हल्का जोखिम देखा जा रहा है, जो सोना और बिटकॉइन जैसी वैकल्पिक परिसंपत्तियों की मजबूती में स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रहा है। इसका मूल कारण अमेरिका का बढ़ता राजकोषीय घाटा माना जा रहा है, जिसे बाजार लगातार अस्थिरता का संकेत मान रहा है।

इसी तरह निफ्टी भी 80 अंक उतरकर 24,733.95 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 24,737.50 अंक के उच्चतम जबकि 24,462.40 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 24,813.45 अंक की तुलना में 0.82 प्रतिशत का गोता लगाकर 24,609.70 अंक पर बंद हुआ।

इस दौरान सेंसेक्स में अल्ट्रासिम्को, भारती एयरटेल और इंडसइंड बैंक की 1.82 प्रतिशत तक की तेजी को छोड़कर अन्य 27 कंपनियों में गिरावट रही। नुकसान उठाने वाली कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.59, बजाज फिनसर्व 1.80, टेक महिंद्रा 1.77, पावरग्रिड 1.74, आईटीसी 1.58, रिलायंस 1.36, हिंदुस्तान यूनिलीवर1.36, एनटीपीसी 1.33, मारुति 1.32, टीसीएस 1.30, नेस्ले इंडिया 1.26, टाटा मोटर्स 1.24, इंफोसिस 1.21 और एलटी 1.08 प्रतिशत शामिल रही।

साथ ही टाइटन 0.92, एचसीएल टेक 0.85, एक्सिस बैंक 0.82, बजाज फाइनेंस 0.64, एशियन पेंट 0.55, अडानी पोर्ट्स 0.54, सन फार्मा 0.52, इटरनल 0.35 के शेयर कमजोर रहे।

## सप्लाई चेन फिर से हो रही तैयार, भारत के पास निर्यात बढ़ाने की गुंजाइश : रिपोर्ट

**नई दिल्ली,** 22 मई (एजेंसियां)। सप्लाई चेन फिर से तैयार हो रही है। इसी के साथ भारत के पास निर्यात बढ़ाने के अवसर देश के दरवाजे पर दस्तक दे रहे हैं। मिड-टेक लेबर-इंटेंसिव निर्यात बढ़ाने वाले कदम देश के व्यापार अंतर्संबंधों, बड़े पैमाने पर उपभोग, निवेश और जीडीपी वृद्धि को बढ़ावा देने में कारगर साबित हो सकते हैं।



- दुनिया के साथ बढ़ते इंटीग्रेशन के दौर में भारत ने सबसे तेजी से किया विकास

यह जानकारी गुरुवार को जारी एचएसबीसी की रिपोर्ट में दी गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि आम धारणा है कि भारत ज्यादातर घरेलू मांग से प्रेरित अर्थव्यवस्था है, लेकिन दुनिया के साथ बढ़ते इंटीग्रेशन के दौर में भारत ने सबसे तेजी से विकास किया है। रिपोर्ट भारत और विश्व जीडीपी वृद्धि के बीच ग्लोबल इंटीग्रेशन के माप के रूप में रोलिंग को-रिलेशन का इस्तेमाल करती है और पाती है कि 2000-2010 का दशक आयात शुल्क में गिरावट के साथ-साथ ग्लोबल इंटीग्रेशन, निर्यात हिस्सेदारी और जीडीपी वृद्धि का दौर था। अगले दशक, 2010-2020 में, यह सब बदल गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि टैरिफ बढ़ाए गए और वैश्विक ग्लोबल इंटीग्रेशन, निर्यात हिस्सेदारी और जीडीपी वृद्धि में गिरावट आ गई।

# खाद्य तेलों में टिकाव, चावल महंगा व अन्य जिंसों के भाव रहे स्थिर

**नई दिल्ली,** 22 मई (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों की गिरावट के बीच स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा जबकि आवक कमजोर पड़ने से चावल महंगा हो गया वहीं अन्य जिसों के भाव स्थिर रहे।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा 69 रिंगिट की गिरावट के साथ 3822 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.37 सेंट लुढ़ककर 48.46 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और पिछले स्तर पर पड़े रहे। **गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। **दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में अरहर दाल में 100 रुपए प्रति क्विंटल तक की तेजी को छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**अनाज :** अनाज मंडी में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चावल 50 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया जबकि गेहूं के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 6100-6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 7650-7750, मूंग दाल 9850-9950, उड़द दाल 9250-9350, अरहर दाल 8600-8700 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

# सरकार ने मसाला निर्यात को बढ़ावा देने के लिए की पेश 'एसपीआईसीईडी' योजना

**कोच्चि,** 22 मई (एजेंसियां)। मसाला बोर्ड ने वित्त वर्ष 2026 के लिए 'सस्टेनेबिलिटी इन स्पाइस सेक्टर थ्रू प्रोग्रेसिव, इनोवेटिव एंड कोलैबोरेटिव इंटरवेंशन फॉर एक्सपोर्ट डेवलपमेंट' (एसपीआईसीईडी ) योजना शुरू की है। इस योजना के तहत किसानों और किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) को मसालों के उत्पादन, गुणवत्ता और निर्यात को बढ़ाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। इस योजना का उद्देश्य छोटी और बड़ी इलायची की उत्पादकता बढ़ाना, कटाई के बाद की प्रक्रियाओं की गुणवत्ता में सुधार करना और वैल्यू-एडेड, जीआई-टैग्ड और जैविक मसालों के उत्पादन और निर्यात को प्रोत्साहित करना है।

एसपीआईसीईडी योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन 26 मई से शुरू होंगे। मसाला निर्यातक योजना के एक्सपोर्ट डेवलपमेंट और प्रमोशन कंपोनेंट के तहत 30



जून तक आवेदन कर सकते हैं, जबकि किसान और एफपीओ दूसरी कैटेगरी में डेवलपमेंट कंपोनेंट के तहत 30 सितंबर तक आवेदन जमा कर सकते हैं। यह योजना इलायची के बागानों की दोबारा रोपाई और कायाकल्प, जल संसाधनों के विकास, माइक्रो-इरिगेशन, जैविक खेती को बढ़ावा देने और अच्छी कृषि पद्धतियों (गुड एग्रीकल्चरल प्रैक्टिस) के विस्तार के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है। इसके अलावा, यह योजना बेहतर उत्पाद गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए आधुनिक

- 26 मई से शुरू होंगे एसपीआईसीईडी योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन
- दुनिया का सबसे बड़ा मसाला उत्पादक और निर्यातक है भारत

ड्रायर, स्लाइसर और ग्रेडिंग मशीनों जैसे बेहतर कटाई के बाद के इंफ्रास्ट्रक्चर की स्थापना को सपोर्ट करती है। यह योजना किसानों और एफपीओ को मसाला पॉलिशर, हल्दी बॉयलर, मिंट डिस्टिलेशन यूनिट और थ्रेसिंग मशीनों जैसी आवश्यक कटाई के बाद की मशीनों की खरीद के लिए वित्तीय सहायता भी प्रदान करती है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा मसाला उत्पादक और निर्यातक है। वित्त वर्ष 2024 के दौरान, देश ने 4.46 बिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य के मसालों का निर्यात किया। वित्त वर्ष 2025 में, भारत ने 29,016 करोड़ रुपए मूल्य के मसालों का निर्यात किया।

# जमीन विवाद में खूनी संघर्ष,एक की मौत,गर्भवती महिला समेत 4 घायल

**बिलासपुर,** 22 मई (देशबन्धु)। सिरगिट्टी थाना क्षेत्र के हरदीकला टोना गांव में बुधवार रात जमीन विवाद ने खूनी रूप ले लिया। विवाद के चलते चचेरे भाइयों के बीच हुई मारपीट में 35 वर्षीय गीताराम साहू की मौत हो गई, जबकि गर्भवती महिला समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को सिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने तीन आरोपियों को हिरासत में ले लिया है।

जानकारी के अनुसार, गीताराम साहू का अपने चचेरे भाइयों सुनील, रवि और सागर से जमीन के बंटवारे को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। कई बार दोनों पक्षों के बीच बैठकें भी हुई थीं, लेकिन समझौता नहीं हो सका। बुधवार रात करीब 10 बजे जमीन पर कब्जे को लेकर दोनों पक्षों में फिर कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गई।

आरोप है कि सुनील, रवि और सागर ने अपने घर से लाठी, तब्बल और सब्बल निकालकर गीताराम पर हमला कर दिया। इस हमले में गीताराम गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर, गीताराम के परिवार ने भी पलटवार किया और दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठियां चलीं। बीच-बचाव करने आई महिलाओं को भी चोटें आईं, जिनमें




एक गर्भवती महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है।

घटना की जानकारी मिलते ही सिरगिट्टी पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सिम्स अस्पताल भिजवाया। वहां इलाज के दौरान गीताराम की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और आरोपियों को हिरासत में ले लिया है।

सिविल लाइन सीएसपी निमितेष सिंह ने बताया कि तीनों आरोपियों से पूछताछ जारी है और स्थिति पर नजर रखी जा रही है। गांव में एहतियातन पुलिस बल तैनात किया गया है। मामले की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### शराब बना हिंसा की वजह

प्रत्यक्षदर्शियों और पुलिस सूत्रों के अनुसार, घटना के समय दोनों पक्ष शराब के नशे में थे, जिससे स्थिति और अधिक बेकाबू हो गई। नशे की हालत में मामूली बहस ने हिंसक संघर्ष का रूप ले लिया और देखते ही देखते पूरा मोहल्ला दहशत में आ गया।

### घायलों का इलाज जारी

घटना में घायल लोगों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन एक युवक की हालत गंभीर होने के कारण इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। अन्य घायलों का सिम्स अस्पताल में इलाज चल रहा है, जहां उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

### पुलिस की भूमिका सवालों के घेरे में

स्थानीय लोगों का आरोप है कि ज़मीन विवाद को लेकर पहले भी पुलिस को सूचित किया गया था, लेकिन पुलिस की लापरवाही और समय पर कार्रवाई न होने के कारण यह दुखद घटना घटित हुई। फिलहाल पुलिस ने कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ जारी है।


### जांच में जुटी पुलिस

सिरगिट्टी थाना प्रभारी के अनुसार, मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच तेज़ कर दी गई है। सभी पहलुओं पर बारीकी से जांच की जा रही है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है और इलाके में अतिरिक्त बल तैनात कर दिया गया है ताकि कोई और अप्रिय घटना न हो।

# दक्षिण-पश्चिम मानसून की दस्तक से बदलेगा मौसम का मिज़ाज

## छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों में बारिश के आसार

**बिलासपुर,** 22 मई (देशबन्धु)। देश के अलग-अलग हिस्सों में मौसम ने करवट लेनी शुरू कर दी है, और अब बहुप्रतीक्षित दक्षिण-पश्चिम मानसून भी दरवाज़े पर दस्तक देने को तैयार है। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, अगले 2-3 दिनों में मानसून के केरल तट पर पहुंचने की पूरी संभावना है। फिलहाल मानसून की उत्तरी सीमा 5 डिग्री से लेकर 23 डिग्री उत्तर अक्षांश तक फैली हुई है, जो अरब सागर, बंगाल की खाड़ी और पूर्वोत्तर भारत के कुछ हिस्सों से होकर गुजर रही है। इसके साथ ही दक्षिण भारत के कई हिस्सों में मानसून की रफ्तार पकड़ने के लिए हालात पूरी तरह अनुकूल हो चुके हैं।



केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु, लक्षद्वीप, बंगाल की खाड़ी और पूर्वोत्तर राज्यों में अगले कुछ दिनों में मानसून की तेज़ी से प्रगति हो सकती है। वहीं दक्षिण कोंकण और गोवा तट के पास पूर्व-मध्य अरब सागर में एक निम्न दबाव का क्षेत्र बना है, जो अगले 36 घंटों में और गहराकर चक्रवात का रूप ले सकता है। इसका असर तेलंगाना तक फैले चक्रवाती परिसंचरण के रूप में देखा जा रहा है।

देश के उत्तरी और पूर्वी हिस्सों में भी मौसम बदलाव की ओर बढ़ रहा है। पंजाब, हरियाणा और मध्य प्रदेश में ऊपरी हवा का चक्रवाती दबाव सक्रिय है। ज़ उत्तर प्रदेश और असम में भी हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है।

27 मई के आसपास पश्चिम-मध्य और उत्तरी बंगाल की खाड़ी में एक और नया सिस्टम विकसित हो सकता है, जिससे पूर्वी भारत में भारी बारिश के आसार बन सकते हैं। छत्तीसगढ़ की बात करें तो मानसून से पहले की बारिश ने यहाँ भी मौसम को खुशनुमा बना दिया है। दक्षिण अरब सागर, मालदीव, कॉमरीन क्षेत्र और बंगाल की खाड़ी में मानसून पहले ही सक्रिय हो चुका है और अब वह छत्तीसगढ़ की ओर धीरे-धीरे बढ़ रहा है। पूर्व-मध्य अरब सागर में सक्रिय चक्रीय परिसंचरण का असर उत्तर कर्नाटक और गोवा तट तक दिखाई दे रहा है, जिससे एक कम दबाव का क्षेत्र बन चुका है। अगले 24 घंटों में इसके अवदाब बनने की पूरी संभावना है और अगर हालात ऐसे ही रहे तो यह चक्रवात का रूप भी ले सकता है। वहीं बंगाल की खाड़ी से छत्तीसगढ़ में नमी का प्रवाह लगातार जारी है। इसके चलते कल यानी 23 मई को प्रदेश के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई गई है। सरगुजा और बस्तर संभाग में कई स्थानों पर वर्षा हो सकती है। वहीं बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग संभाग में कुछ स्थानों पर बारिश के साथ अंधड़ और वज्रपात की भी आशंका है। तो कुल मिलाकर कहें तो मानसून के आगमन से पहले ही देशभर में बारिश की दस्तक शुरू हो चुकी है। जहां एक ओर यह किसानों और जल प्रबंधन से जुड़े विभागों के लिए राहत की खबर है, वहीं बिजली गिरने और तेज हवाओं से सतर्क रहने की जरूरत भी बनी हुई है। अब सबकी नजर इस बात पर टिकी है कि इस बार मानसून की चाल कितनी तेज़ रहती है और देश को कितनी राहत मिलती है।

# अवैध शराब बिक्री करने वाले को तखतपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

**आरोपी के कब्जे से 15-15 लीटर के कुल 16 नग जरीकेन में भरी 240 लीटर हाथ भट्ठी से निर्मित कच्ची महुआ शराब, शराब बनाने में उपयोग में आने वाले बर्तन 7 नग और गैस चूल्हा किया जब्त**

**बिलासपुर,** 22 मई (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के द्वारा जिले में नशे, अवैध कारोबार करने वालो पर अंकुश लगाने विशेष अभियान प्रहार चलाकर कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया है जिसके परिपालन में अवैध शराब बिक्री/परिवहन करने वालो के उपर सतत् निगाह रखी जा रही है। गुरुवार को मुखबिर से सूचना मिलिक्स कि ग्राम ढनढन का अरविंद सोनवानी अपने घर में भारी मात्रा में हाथ भठ्ठी से कच्ची महुआ शराब बना कर बिक्री हेतु रखा है जिसकी सूचना तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को देकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती अर्चना झा व श्रीमती एस डी ओ पी नुपुर उपाध्याय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी तखतपुर देवेश सिंह राठौर के नेत्तृव मे टीम गठित कर मुखबीर की सूचना तस्दीक एव कार्यवाही हेतु रवाना हुए मौके पर पहुचकर रेड कार्यवाही किया जहां एक व्यक्ति अपने घर में उपस्थित मिला पूछताछ तलासी पर अपना नाम अरविंद सोनवानी पिता अजीत सोनवानी उम्र- 24 वर्ष सा. ग्राम ढनढन थाना तखतपुर का रहने वाला बताया जिसके घर की तलाशी लेने पर एक कमरे में रखे 15—15 लीटर क्षमता वाले कुल 16 नग जरीकेन में भरा हुआ कच्ची महुआ शराब कुल 240 लीटर, शराब बनाने में उपयोग




में आने वाले बर्तन 7 नग, गैस चूल्हा जुमला किमती 58,000/ रूपये को उसके कब्जे से जप्त कर आरोपी के विरूद्ध 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया जाकर आरोपी को ज्युडिशियल रिमाण्ड पर भेजा गया।

उक्त कार्रवाई मे- निरीक्षक देवेश सिंह राठौर, प्रधान आरक्षक रामायण सिंह आरक्षक आशीष वस्त्रकार, सुनील सूर्यवंशी, रवि श्रीवास, राजकुमार श्याम, कलेश्वर का विशेष योगदान रहा।

# यातायात को बाधित करते हुए गैरेज के सामने खड़ी की गई गाड़ियों को केन से उठा ले गए

## समस्त गैरेज संचालकों को यातायात पुलिस ने वाहनों को मुख्य मार्ग में खड़ी नहीं करने की दी सख्त चेतावनी

**यातायात नियमों को बाधित करते हुए वाहन खड़ी करने वाले गैरेज संचालकों के गैरेज की जा सकती है नगर निगम द्वारा सील**

**बिलासपुर,** 22 मई (देशबन्धु)। ए टू जेड मल्टी ब्रांड, रॉयल मोटर कार सर्विस एंड गैरेज के संचालक के द्वारा अमेरी चौक गौरव पथ रोड में कार वाश, कार डेंटिंग-पेंटिंग, कार सर्विस एवं सभी प्रकार के गाड़ियों के एक्सिडेंटल वर्क के नाम पर चौक के पास संचालित अपने गैरेज के सामने कई बंद गाड़ियों को खड़ी करके रखी गई थी साथ ही पुरानी हो चुकी गाड़ियों को भी गैरेज के सामने बेतरतीब तरीके से रखी गई थी।

बंद गाड़ियों को अनावश्यक तरीके से सड़क मार्ग में खड़ी करने के कारण कारण उक्त मार्ग में व्यस्ततम यातायात दबाव एवं आवागमन व्यवधान की स्थिति निर्मित हो रही थी। सघन यातायात की स्थिति का सामना करना पड़ रहा था अत: गौरव पथ में सरल सुगम सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित आवागमन हेतु आज उक्त संचालक के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए यातायात को बाधित करने वाली अधिकायत में बेतरतीब खड़ी गाड़ियों को नगर निगम को बुलाकर लिफ्ट कर जप्ती की कार्यवाही कराई गयी ।

उक्त मोटर गैरेज संचालक को महीनों पूर्व से ही लगातार समझाइस एवं चेतावनी दी जा रही थी उसके बावजूद भी गैरेज के सामने वाहनों को बेतरतीब तरीके से खड़ी करके यातायात व्यवधान की स्थिति निर्मित की जा रही थी साथ ही गैरेज आने वाले ग्राहकों के वाहन मुख्य मार्ग में खड़े होने जाने से और भी सघन एवं व्यस्ततम आवागमन की स्थिति निर्मित होकर गैरेज के सामने जाम जैसी स्थिति बन रही थी बार-बार हिदायत के बावजूद भी



अपने आदतों से बाज नहीं आने के कारण उक्त गैरेज में यातायात पुलिस एवं नगर निगम के द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही की गई है।

गैरेज के सामने वर्षों से पुरानी एवं बिगड़ी हुई गाड़ियों को मुख्य मार्ग में ही खड़ी करके रखी गई थी जिससे ग्राहकों की गाड़ी खड़ी करने हेतु जगह का अभाव था साथ ही पूरी लाइन से बेतरतीब रूप से गाड़ियों को गैरेज के अंदर न रखकर बाहर रखे जाने से कभी भी किसी भी समय वाहन चालकों के वाहन चालन के दौरान बिना संकेतक कोन्स और इंडिकेटर के बन्द खड़ी गाड़ियों से टकराने से गंभीर दुर्घटना से इनकार नहीं की जा सकती थी।

अत: यातायात व्यवस्था एवं वाहन चालकों के सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह कार्यवाही की गई है साथ ही शहर के समस्त गेराज संचालकों, सेकंड हैंड मोटरसाइकिल के विक्रेताओं एवं दोपहिया तीन पहिया वाहनों के मरम्मत करने वाले गैरेज संचालकों को भी हिदायत दी गई है कि अपने-अपने गैरेज के सामने किसी भी स्थिति में बन्द या बिगड़ी हुई गाड़ियों को खड़ी करके ना रखें।

गैरेज के सामने आने वाले ग्राहकों के वाहनों की खड़ी करने हेतु व्यवस्थित पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित रखें ताकि कहीं पर भी यातायात व्यवधान की स्थिति का सामना न करना पड़े और लोगों को सरल सुगम सुव्यस्थित एवं सुचारू आवागमन की सुविधा प्राप्त हो सके।

यातायात नियमों के उल्लंघन की स्थिति में इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी अत: समस्त गैरेज संचालकों, फुटकर व्यवसायियों, दुकानदारों एवं अन्य संचालकों जिनके द्वारा मुख्य रूप से सड़क मार्ग को बाधित कर व्यवसाय की जा रही है उन्हें यातायात पुलिस की सख्त हिदायत, अपील, अनुरोध एवं समझाइस दी गयी कि शहर में सुचारू आवागमन हेतु यातायात नियमो का पालन करते हुए ही व्यवसाय का संचालन करें।

# 6 लाख रुपए अमानत में ख़यानत का आरोपी उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार



### बहन की शादी में खर्च किया पैसा

**बिलासपुर,** 22 मई (देशबन्धु)। प्रार्थी सुब्रतो राय पिता आशित राय उम्र 29 साल निवासी मोपका द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रार्थी ग्राम पंधी के बिलासपुर रोड कैरियर ट्रांसपोर्ट कंपनी में ट्रांसपोर्ट मैनेजर के पद पर वर्ष 2022 से कार्यरत है तथा बिलासपुर रोड कैरियर ट्रांसपोर्ट कंपनी में अनुराग पाण्डेय सीनियर ट्रांसपोर्ट मैनेजर के पद पर कार्यरत था। जो कैश लाकर के इंचार्ज में था और लाकर की चाबी उसी के पास रहता था । अनुराग पाण्डेय कंपनी में कैश लेन देन का काम करता था जो नगदी 6,00,000 रूपए का गबन किया है । रिपोर्ट पर थाना सीपत में धारा 316(4) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया है। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुये वरिष्ठ अधिकारियो के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गोपाल सतपथी के द्वारा तत्काल टीम गठित कर सायबर सेल की मदद से प्रकरण के फरार आरोपी की पता साजी कर आरोपी के गृह ग्राम पण्डौली थाना अतरौलिया जिला आजमगढ उत्तर प्रदेश में होने की सूचना पर गिरफ्तारी हेतु ग्राम पण्डौली उप्र जाकर आरोपी को उसके घर से अभिरक्षा में लेकर थाना सीपत लेकर आये आरोपी से पुछताछ कर मेमोरेंडम कथन लिया गया, प्रकरण में प्रार्थी, गवाहो के कथन एवं दस्तावेज एवं आरोपी के मेमोरेंडम कथन के आधार पर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक गोपाल सतपथी, प्रधान आरक्षक कौशल वस्त्रकार, प्रधान आरक्षक प्रफुल्ल सिंह, आरक्षक लक्ष्मण चंद्रा का सराहनीय योगदान रहा।

**खेलो इंडिया बीच गेम्स 2025**

# दीव में छत्तीसगढ़ पुरुष व महिला मलखंभ टीम स्वर्ण पदक झटककर सिरमौर बना

**बिलासपुर,** 22 मई (देशबन्धु)। 19 मई से 21 मई तक केन्द्र शासित प्रदेश दीव के घोघला बीच में चल रही प्रथम खेलो इंडिया बीच गेम्स के दूसरे दिन महिला मलखंब खिलाड़ियों ने 80.60 अंक प्राप्त कर प्रतियोगिता का स्वर्ण पदक छत्तीसगढ़ के लिए जीत लिया है। गत दिन 124.55 अंक अर्जित कर छत्तीसगढ़ पुरुष मल्लखंब टीम ने टीम चैम्पियनशिप का स्वर्ण पदक छत्तीसगढ़ की झोली में डाल दिया था । ठीक इसी प्रकार पिरामिड प्रतियोगिता में पुरुष टीम ने 24.95 अंको के साथ रजत पदक भी जीता है।

छत्तीसगढ़ की दोनों वर्गों की मलखंब खिलाड़ी पूरे भारत देश में मलखंब का राजा बनने जा रहा है। यदि भविष्य में ओलंपिक में मलखंब खेल को सम्मिलित करते हैं तो छत्तीसगढ़िया मलखंब खिलाड़ी विश्व विजेता बन सकता है। मलखंभ भारत की प्राचीन खेल है जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने मन की बात कार्यक्रम में जनता को संबोधित करते रहते हैं।

छत्तीसगढ़ की झोली में अब तक 12 स्वर्ण तथा 6 रजत अर्थात 18 पदक आ चुकी है। इस उपलब्धि को शिखर तक पहुंचाने में हमारे कोच व छत्तीसगढ़ मलखंभ संघ के पदाधिकारियों की अथक प्रयासों



का ही प्रतिफल है।

अभी छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों को उचित साधन व आर्थिक सहायता नहीं मिल रही है। मलखंब प्रशिक्षण के लिए छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में इनडोर व आउटडोर स्टेडियम की महती आवश्यकता है ।

विदित हो कि गत वर्ष के बीच गेम्स दीव में छत्तीसगढ़ मलखंभ खिलाड़ियों ने पूरे भारत वर्ष के खिलाड़ियों को परास्त कर स्वर्ण पदक जीता था और विजेता बनकर छत्तीसगढ़ को पदक तालिका में सर्वोच्च स्थान पर पहुंचा दिया था ।इस बार भी उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर बीच गेम्स का स्वर्ण पदक छत्तीसगढ़ की झोली में आया है।

### पुरुष मल्लखंब टीम में

राकेश कुमार वढ़दा, मानू ध्रुव, राजेश सलाम, मोनू नेताम, संतोष सोरी-नारायणपुर और प्रतीक बंजारे-बिलासपुर।

### बालिका मल्लखंब टीम में

मोनिका पोटाई ,दुर्गेश्वरी कुमेटी, अनिता गोटा, सरिता पोयम, संतय पोटाई-नारायणपुर और रोशनी धीवर, बिलासपुर।

### अधिकारियों की टीम

डॉ. मिलींद भानदेव-कोच बिलासपुर, सौरव पाल,कोच,पूनम प्रसाद, प्रबंधक, मनोज प्रसाद, तकनीकी अधिकारी, नारायणपुर।

### चैम्पियनशिप जीतने पर शुभकामनाएं

छत्तीसगढ़ खेल संचालक तनुजा सलाम, अंजुलस एक्का, सहायक संचालक खेल, शिवराज साहू,वरि. खेल अधिकारी ,टी एन रेड्डी और छत्तीसगढ़ मल्लखंब संघ के पदाधिकारीगण सर्वश्री सुशांत शुक्ला, विधायक बेलतरा, अनिल टाह, संरक्षक, प्रेमचंद शुक्ला, अध्यक्ष, डा राजकुमार शर्मा, महासचिव, राजा सरकार, बिसन कसेर,उपाध्यक्ष,विरेन्द्र तिवारी, अनिल सिंह, कोषाध्यक्ष,डा.मिलिंद भानदेव,मनोज प्रसाद, पूनम प्रसाद, सौरव पाल,नारायणपुर,चन्द्रेश धृत, राजेन्द्र पटेल,सारंगगढ़,किशोरकुमार वैष्णव,मनेन्द्रगढ़, पुष्कर दिनकर, अखिलेश नारंग,पामगढ़, पुरेन्द्र कोसरिया, रायपुर, प्रशांत तिवारी, पंचराम वस्त्रकार, कृष्ण प्रसाद यादव ,मुंगेली, अंशु भारती, डा. प्रमोद यादव,कमल निकुंज, एस. के . शेशाद्री, अंबिकापुर, हरप्रसाद कैवर्त आदि ने स्वर्ण पदक जीतने व चैम्पियन बनने पर बधाई व शुभकामना दिया। उक्त जानकारी प्रेमचंद शुक्ला, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ मलखंब संघ ने दिया।

# खेल मैदान में निगम ने लगाई गुमटियां विरोध में उतरे खेल प्रेमी और खिलाड़ी



### विधायक को सौंपा ज्ञापन

**बिलासपुर,** 22 मई (देशबन्धु)। नगर निगम ने मुंगेली नाका ग्रीन गार्डन खेल मैदान में गुमठी ठेला (चौपाटी) लगाने अनुमति दी है और 2 दिनों से यहां पर फल, सब्जी और अन्य खाद्य सामग्री के ठेले लगाए जा रहे है जिससे यहां पर खेलने वाले खिलाड़ियों के लिए कोई जगह नहीं बची है। अब ऐसे में ये खिलाड़ी कहा खेलेंगे। इसलिए इस खेल मैदान में ठेले, गुमटी (चौपाटी) ना लगाई जाए इसके लिए आज सब खेल प्रेमी और शहर के खिलाड़ियों ने बड़ी संख्या में शहर विधायक अमर अग्रवाल से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपा है।

आपको बता दे कि मुंगेली नाका में एक ही खेल मैदान है जिसमें कुदुदण्ड, मंगला, उस्लापुर, नेहरू नगर 27 खोली व आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में खिलाड़ी इस मैदान में क्रिकेट खेलने व अनेक प्रकार के खेल खेलने के साथ रनिंग और वॉकिंग के लिए आते है और इस मैदान में खेल प्रतियोगिता विगत कई वर्षों से कि जाती है व समय समय पर सांस्कृतिक कार्यकम का भी आयोजन किया जाता है इसके अलावा वहां दुर्गा माता की स्थापना व रावण दहन का भी कार्यकम किया जाता है ऐसे में इस ग्राउंड में ठेले गुमटी लगा कर नगर निगम के द्वारा खेल मैदान को खतम करने का और इस जगह का व्यवसायिकरण करने का प्रयास किया जा रहा है। इस मैदान को खेल मैदान ही रहने दिया जाये ताकि इसमें खिलाड़ी और खेल प्रेमी खेल सके। ज्ञापन सौंपने वालों में बद्री यादव, गिरीश दुबे, फिरोज, अभिषेक यादव, देव माली, दीपक तिवारी, रमन गुप्ता, सत्यकांत ध्रुव, सतीश सिंह, संजू यादव, सुल्तान, जहीर, रोहित सिंह, शिवम् उपस्थित रहे।

# देह व्यापार में संलिप्त दो संदिग्ध महिलाएं पकड़ी गई

**बिलासपुर,** 22 मई (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देशन में महिला सुरक्षा और निगरानी को लेकर विशेष पेट्रोलिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान में डीएसपी अनीता प्रभा मिंज के नेतृत्व में निरीक्षक भारती मरकाम, महिला आरक्षक बबीता मरावी, रूपांजली सोंचे, भावना अटलकर और आरक्षक कोन्हेर शामिल रहीं। टीम ने गार्डन, पोस्ट ऑफिस, शनिचरी चौक और आस-पास के क्षेत्रों में सघन गश्त की। पेट्रोलिंग के दौरान बृहस्पति बाजार चौक पर दो संदिग्ध महिलाओं को पकड़ा गया। सरिता लहरे, पति लक्ष्मण लहरे, उम्र 45 वर्ष, निवासी बाल मुकुंद स्कूल के पास, मगरपारा। नेमिन कुर्रे, पति मनीराम कुर्रे, उम्र 45 वर्ष, निवासी संजय नगर, ताला पारा, बिलासपुर। पूछताछ के दौरान दोनों महिलाएं पुलिस से बहस करने लगीं, जिन्हें तत्काल सिविल लाइन थाना लाया गया। जांच में उनके देह व्यापार से जुड़े होने की पुष्टि हुई।

**NECC**

| 23.05.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 500 | 75 | 140 |
| चिल्हर | 6.50 | 100 | 165 |
| डिलीवरी | 515 सैकड़ा | | |

दर्जन अंडा 78 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 फोन- 07752 422771